CMYK

अधिकतम :22°C
न्यूनतम: 08°C
तापमान

सेंसेक्स 73,730.23
निफ्टी 22,337.30

सोना 88,910
चांदी 98,000

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, गुरुवार 6 मार्च 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 214 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2081 5 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# केंद्र ने दी केदारनाथ व हेमकुंड साहिब रोप-वे को मंजूरी

## शीतकालीन तीर्थाटन एवं पर्यटन को पीएम करेंगे प्रोत्साहित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/देहरादून।** पीएम मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने पर्वतमाला परियोजना के अंतर्गत उत्तराखंड में स्थित तीर्थ स्थल बाबा केदारनाथ तथा सिखों के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हेमकुंड साहिब के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को रोप-वे की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कुल 6811 करोड़ रुपये की लागत की दो परियोजनाओं के निर्माण को बुधवार को मंजूरी प्रदान की। सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किमी रोप-वे परियोजना के निर्माण को मंजूरी मिली है।



■ राष्ट्रीय रोप-वे विकास कार्यक्रम के तहत केंद्र का फैसला, उत्तराखंड को मिला रोप-वे का तोहफा

इस परियोजना को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और स्थानांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर 4,081.28 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत पर विकसित किया जाएगा। रोप-वे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटेचेबल गोंडोला (थ्री एस) तकनीक पर आधारित होगा। इसकी डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटे प्रति दिशा (पीपीएचपीडी) होगी, जो प्रति दिन 18,000 यात्रियों को ले जाएगी। रोप-वे परियोजना केदारनाथ आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए वरदान होगी, -शेष पृष्ठ दो पर

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार (आज) को उत्तरकाशी जनपद में दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपने दौरे में उत्तराखंड चार धाम शीतकालीन तीर्थाटन, पर्यटन एवं स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन का संदेश देंगे। प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वे मुखबा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पूर्वाह्न 10:30 बजे हर्षिल पहुंचकर उत्तराखंड शीतकालीन पर्यटन और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद जादुंग व पीडीए के लिए मोटर बाइक व एटीवी-आरटीवी रैलियों तथा जनकताल एवं मुलिंगला के लिए ट्रैकिंग अभियानों को झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। सीमावर्ती नेलांग-जादुंग-पीडीए क्षेत्र का मनमोहक शीत मरूस्थली पठार का क्षेत्र अभी तक पर्यटन की गतिविधियों से अछूता रहा है। प्रधानमंत्री के हाथों इन क्षेत्रों के लिए साहसिक पर्यटन अभियानों के शुभारंभ से इस क्षेत्र में पर्यटन विकास के नए द्वार खुल जाएंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री के द्वारा हर्षिल में जनसभा को भी संबोधित किया जाएगा।

## पशु रोगों के टीकाकरण के लिए 3880 करोड़ के कार्यक्रम को स्वीकृति


**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 3880 करोड़ रुपये की लागत से खुरपका-मुंहपका और अन्य पशु रोगों के टीकाकरण तथा जेनेरिक दवाओं से संबंधित पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम को मंजूरी दी है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

## डीआरआई ने किया बड़े सोना तस्करी रैकेट का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** राजस्व सूचना निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण अभियान में बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की 14 किलोग्राम विदेशी सोने की छड़ें ले जा रही एक महिला यात्री को पकड़ा है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि डीआरआई के अधिकारियों ने विशेष गुप्त सूचना के आधार पर 33 वर्षीया एक भारतीय महिला यात्री को पकड़ा, जो 3 मार्च, 2025 को एमीरेट्स की उड़ान से दुबई से बेंगलुरु पहुंची थी। जांच में उसके शरीर में छुपा कर ले जाई जा रही 14.2 किलोग्राम वजन की सोने की छड़ें पाई गईं।

## पांचवां रोज़ा

### रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है पांचवां रोज़ा



कुरआन पाक के तीसवें पारे की सूरे-काफेरून की आखिरी आयत में जिक्र है- तुम तुम्हारे दीन पर रहो, मैं मेरे दीन पर रहूं। चूंकि इस्लाम मजहब एकेश्वरवाद को मानता है और हजरत मुहम्मद (सअवस) को अल्लाह का रसूल स्वीकारता है, इसलिए रोजा मुसलमान पर फर्ज की शक्ल में तो है ही, अल्लाह की इबादत का एक तरीका भी है और सलीका भी। तक्वा तरीका है रोज़ा रखने का। सदाकत, सलीका है रोज़े की पाकीजगी का। सब्र, सड़क है रोज़ेदार की। जकात, पुल है रोज़ेदार का। ऐसा पाकीजा रोज़ा रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है।




मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
कोहिनूर आर्ट ज्वैलर्स
एक अनमोल रिश्ता
● ONLY HALLMARK & HUID CERTIFIED GOLD JEWELLERY SHOWROOM
● LIFE TIME FREE SERVICE
KAJ
सोना, चांदी के जेवरातों के क्रेता व विक्रेता
68- Majra, Dehradun (Uttarakhand)
Mob- 7830677750, 7900900991

# भारत और चीन पर दो अप्रैल से पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने टैरिफ लगाने के लिए चीन सहित अन्य देशों के साथ भारत का भी उल्लेख किया

### प्रभावित होगा भारत का माल व्यापार अधिशेष

वाशिंगटन/नई दिल्ली, वार्ता



**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी कठोर टैरिफ नीति का बचाव करते हुए कहा है कि चीन और भारत पर दो अप्रैल से उच्च टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए एक महत्वपूर्ण भाषण में टैरिफ लगाने के लिए चीन सहित अन्य देशों के साथ भारत का भी उल्लेख किया। अ

मेरिकी राष्ट्रपति ने विदेशी आयातों पर पारस्परिक टैरिफ लागू करने के लिए अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। भाषण के दौरान भारत का जिक्र करते हुए ट्रम्प ने कहा कि भारत हमसे 100 प्रतिशत से अधिक ऑटो टैरिफ वसूलता है। यदि आप ट्रम्प प्रशासन के तहत अमेरिका में अपना उत्पाद नहीं बनाते हैं, तो आपको टैरिफ देना होगा, और कुछ मामलों में, बहुत बड़ा। अन्य देशों ने दशकों से हमारे खिलाफ टैरिफ का इस्तेमाल किया है और अब उन अन्य देशों के खिलाफ उनका उपयोग शुरू करने की हमारी बारी है। अमेरिका पर 'भारी' टैरिफ लगाने वाले देशों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि औसतन, यूरोपीय संघ, चीन, ब्राजील, भारत, मैक्सिको और कनाडा क्या आपने उनके बारे में सुना है और अनगिनत अन्य देश हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ लगाते हैं, जितना हम उनसे वसूलते हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत अनुचित है। हमारे उत्पादों पर चीन का औसत टैरिफ हमसे दोगुना है और दक्षिण कोरिया का औसत टैरिफ चार गुना ज्यादा है। उन्होंने घोषणा की कि पारस्परिक टैरिफ एक अप्रैल से नहीं बल्कि 2 अप्रैल से लागू होंगे, क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि यह 'अप्रैल फूल्स डे' के साथ मेल खाए। उन्होंने कहा कि दो अप्रैल को, मैं इसे एक अप्रैल बनाना चाहता था, लेकिन नहीं चाहता था कि इसे अप्रैल फूल्स डे के रूप में टैरिफ लगाए जाए। यह बहुत ज्यादा पैसा है। 2 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे, वे हम पर जो भी टैरिफ लगाएंगे, हम उन पर टैरिफ लगाएंगे, पारस्परिक आगे-पीछे। अगर वे हमें बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक टैरिफ लगाते हैं, तो हम उन्हें अपने बाजार से बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक बाधाएं लगाएंगे।

भारत का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष बढ़ रहा है। पिछले दशक में, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और टेक्सटाइल में मजबूत निर्यात के कारण अमेरिका के साथ भारत का माल व्यापार अधिशेष दोगुना होकर 35 अरब डॉलर हो गया है, जो अब पारस्परिक शुल्क उपायों के प्रति संवेदनशील हो सकता है।

अमेरिका से भारत के आयात में पेट्रोलियम कच्चा तेल, मोती, कीमती पत्थर, विद्युत मशीनरी, विमान के पुर्जे और सैन्य उपकरण शामिल हैं। अमेरिका को निर्यात में मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, टेलीकॉम उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक घटक शामिल हैं। रक्षा उपकरणों का व्यापार लगातार बढ़ रहा है। इससे पहले श्री ट्रम्प ने भारत सहित ब्रिक्स देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी, अगर वे अमेरिकी डॉलर को कमजोर करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ब्रिक्स देशों द्वारा प्रतिद्वंद्वी मुद्रा बनाने का कोई भी प्रयास ऐसे टैरिफ को जन्म देगा। यह आक्रामक रुख अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को जारी रखने की अमेरिका की नीति को दर्शाता है।

# औरंगजेब की तारीफ करने वाले विधायक को यूपी भेजें अच्छे से होगा उपचार: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सीएम ने सपा विधायक अबू आजमी के बयान पर पार्टी को आड़े हाथों लिया
■ कहा: सपा अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) को औरंगजेब की तारीफ करने वाले अपने विधायक को तत्काल पार्टी से बाहर कर देना चाहिए और उन्हें उत्तर प्रदेश भेज देना चाहिए, ताकि उनका उपचार हो सके।



विधान परिषद में बजट सत्र के दौरान योगी ने महाराष्ट्र में सपा विधायक अबू आजमी के बयान पर सपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सपा अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करे और उसे उत्तर प्रदेश भेजे। यूपी ऐसे लोगों का इलाज करने में देरी नहीं करता। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब को 'महान प्रशासक' बताते हुए उसकी प्रशंसा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व नहीं करती और अपने मूल विचारक डा. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों से भटक गई है। उन्होंने कहा कि डा. लोहिया ने भारत की एकता के तीन आधार बताए थे कि श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव, लेकिन आज सपा औरंगजेब जैसे क्रूर शासक को अपना आदर्श मान रही है।

## अंसल प्रॉपर्टीज के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े रुख के बाद निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोपी अंसल प्रॉपर्टीज के खिलाफ सरकार ने शिकंजा कस दिया है।

लखनऊ के गोमती नगर थाने में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफा लिमिटेड, प्रणव अंसल, सुशील अंसल, सुनील कुमार गुप्ता, फेरन्सेटी पैट्रिका अटकिशन और विनय कुमार सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316 (5), 318 (4), 61(2), 352,351(2), 338,336(3), 340(2), 111 और प्रिवेंशन ऑफ डेमेज टु पब्लिक प्रापर्टी एक्ट 1984 की धारा 3 के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। आपराधिक धाराओं के तहत छह माह से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है। अंसल के निदेशक प्रणव अंसल, विकास यादव, महाप्रबंधक अमित शुक्ला और अन्य के खिलाफ गाजियाबाद देहात के डूंडाहेडा थाने में भी एक एफआईआर दर्ज की गई है।

## अमरनाथ यात्रा आगामी तीन जुलाई से होगी शुरू

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा आगामी तीन जुलाई से शुरू होगी और रक्षा बंधन के दिन नौ अगस्त को संपन्न होगी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को यहां राजभवन में श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की 48वीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज, डीसी रैना, कैलाश मेहरा साधु, केएन राय, पीतांबर लाल गुप्ता, डा. शैलेश रैना और प्रोफेसर विश्वमूर्ति शास्त्री, श्राइन बोर्ड के सदस्य शामिल हुए। बोर्ड ने अनंतनाग जिले के पहलगाम और गंदेरबल जिले के परंपरागत बालटाल दोनों मार्गों से एक साथ शुरू होने वाली यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं को अधिक बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपायों का प्रस्ताव रखा।

## मायावती ने भाई आनंद को भी किया पद से मुक्त

**लखनऊ।** पिछले दिनों भतीजे आकाश आनंद को बसपा से निष्कासित कर भाई एवं पार्टी उपाध्यक्ष आनंद कुमार को नेशनल कोऑर्डिनेटर की अतिरिक्त जिम्मेदारी देने वाली बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि उन्होंने श्री कुमार को राष्ट्रीय समन्वयक के पद से उनकी इच्छानुसार मुक्त कर दिया है। सुश्री मायावती ने एक्स पर कहा कि काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री आनन्द कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में नेशनल कोऑर्डिनेटर भी बनाया गया था, उन्होंने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनज़र एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत। उन्होंने कहा कि ऐसे में श्री आनन्द कुमार पहले की ही तरह बीएसपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए सीधे मेरे दिशा-निर्देशन में पूर्ववत अपनी जिम्मेदारियों को निभाते रहेंगे।

# राहुल गांधी पर 200 रुपये का लगा जुर्माना

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कांग्रेस नेता पर कोर्ट में हाजिर न होने पर लगा अर्थदंड

**लखनऊ।** उप्र के लखनऊ में कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया है। एसीजेएम कोर्ट ने जुर्माने की रकम वादी के वकील नृपेंद्र पांडेय को देने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने यह कार्रवाई राहुल गांधी के व्यक्तिगत रूप से हाजिर नहीं होने पर की है। एसीजेएम कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही वार्निंग दी गई है कि 14 अप्रैल 2025 को अदालत में हाजिर हों, यदि वे इस तारीख को भी पेश नहीं होते हैं, तो कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। शिकायतकर्ता वकील नृपेंद्र पांडेय के अनुसार, राहुल गांधी ने 17 दिसम्बर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर विवादित बयान दिया था। उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का नौकर और पेंशन लेने वाला कहा था। जिसकी सुनवाई लखनऊ की एसीजेएम कोर्ट में चल रही है, हालांकि सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं होने की वजह से कोर्ट ने 200 रुपये का जुर्माना लगाया।

# तेजस में जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक प्रयोगशाला ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के लिए देश में ही विकसित ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम (ओबीओजीएस) आधारित जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण किया है। यह एक अत्याधुनिक प्रणाली है, जिसे उड़ान के दौरान पायलटों के लिए सांस लेने योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करने और नियंत्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे पारंपरिक तरल ऑक्सीजन सिलेंडर-आधारित प्रणालियों पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। इस प्रणाली का हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी के एलसीए-प्रोटोटाइप व्हीकल-3 विमान पर कठोर परीक्षण किया गया। इसमें समुद्र तल से 50,000 फुट की ऊंचाई और हाई-जी युद्धाभ्यास सहित विभिन्न उड़ान स्थितियों में कड़े एयरोमेडिकल मानकों को पूरा किया गया। ये परीक्षण डीआरडीओ की बेंगलुरु स्थित प्रयोगशाला, डिफेंस बायो-इंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रो मेडिकल लेबोरेटरी ने मंगलवार को किए। ये परीक्षण विमान के ऊंचाई पर एरोबैटिक युद्धाभ्यास, टैक्सीइंग, टेक ऑफ, क्रूज, जी टर्न और लैंडिंग के दौरान किये गये। सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थनेस एंड सर्टिफिकेशन से उड़ान की मंजूरी के बाद, सिस्टम ने सभी निर्दिष्ट मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया।



# मौजूदा चुनाव प्रक्रिया में आएगा बड़ा बदलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी हितधारकों की सुविधा के अनुकूल एक डैशबोर्ड (गतिमान विस्तृत-सूचना पट्टिका) के साथ एक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) आधारित एक मजबूत एकीकृत व्यवस्था तैयार करने का निर्णय लिया है।

सम्मेलन में तेजी से विकसित हो रहे मीडिया परिदृश्य में मतदाताओं के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए सोशल मीडिया पर पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। आयोग द्वारा सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) के यहां आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में इस योजना का निर्णय किया गया। दिन की बैठक की समाप्ति पर बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस सम्मेलन के निर्णयों और मौजूदा वैधानिक ढांचे और समय-समय पर जारी किए गए चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार (चुनाव प्रक्रिया के संदर्भ में) पहचाने गए 28 हितधारकों में से प्रत्येक के लिए एनिमेटेड वीडियो, ऑडियो बुक, ई-बुक और एक एकीकृत डैशबोर्ड जैसी सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। विज्ञप्ति के अनुसार क्षमता निर्माण के लिए एक आधुनिक दृष्टिकोण अपनाते हुए, प्रत्येक हितधारक के लिए एनिमेटेड वीडियो का एक कैप्सूल तैयार किया जाएगा, जो उनसे संबंधित चुनावों के सभी पहलुओं को व्यापक रूप से कवर करेगा। इस वीडियो के माध्यम से प्रत्येक हितधारक अपने काम के बारे में निरंतर सीख ले सकेगा। बयान में कहा गया है कि चुनावों में प्रणाली को दक्ष बनाने के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के दृष्टिकोण और विश्वास के अनुरूप विभिन्न हितधारकों की सुविधा के लिए एक समुचित डैशबोर्ड के साथ एक एकीकृत आईटी तैयार की जाएगी। सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म भूमिका-आधारित पहुंच के साथ सूचना के इनपुट और आउटपुट प्रवाह को सुव्यवस्थित करेगा। आयोग ने कहा कि इससे पदाधिकारियों के बीच सुचारू रूप से संवाद-सम्पर्क होगा और मानवीय त्रुटि की संभानाएं कम होंगी।



**सूचना के आदान-प्रदान के लिए डैशबोर्ड, एकीकृत सूचना-प्रौद्योगिकी ढांचा तैयार करेगा चुनाव आयोग**

बवासीर, रसौली, गठिया बाय, एलर्जी, पुराना नजला, छींकें, बिस्तर पर पेशाब निकलना, ल्यूकोरिया, कमज़ोरी, जोड़ों का दर्द, सांस, दमा, शराब व हर तरह का नशा छुड़ाएं

निसंतान दंपति एक बार अवश्य मिलें



डा. शाइस्ता अंसारी
Mob. 9897147171
Follow us on :
facebook, You tube, insta, whatsup
सरवट फाटक, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

## संक्षिप्त समाचार

### फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटो कापी से लगाया करोड़ों का चूना

**नई दिल्ली।** फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटोकापी का इस्तेमाल कर डाक विभाग को 7.66 करोड़ रुपये का चूना लगाने का मामला सामने आया है। धंधे में शामिल लोग डाक राशि का भुगतान किए बिना ही नकली फ्रैंकिंग इंप्रेशन स्लीप लगाकर खेप बुक करते थे। विशेष न्यायालय (पीएमएलए) ने अभियोजन शिकायत का संज्ञान लिया है। मूल्य देय डाक (वीपीपी) भारतीय डाक सेवाओं द्वारा दी जाने वाली एक सेवा है। यह एक ऐसी प्रणाली है जिसमें सामान प्राप्त करने वाला व्यक्ति सामान प्राप्त करने के बाद ही उसके मूल्य का भुगतान करता है। मेसर्स प्रिशा पर्ल्स प्रा. लिमिटेड और उसके निदेशकों ने डाक विभाग के माध्यम से उनके द्वारा भेजे गए वास्तविक पार्सल को छिपाने के लिए, मूल फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटोकापी को फिक्स कर, उस अवधि के दौरान कंपनी की बिक्री/कारोबार को काफी कम बताया। उक्त अपराध को अंजाम देकर मेसर्स प्रिशा पर्ल्स ने डाक विभाग को 7.66 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा दिया। ईडी ने मेसर्स प्रिशा पर्ल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ आपराधिक साजिश को आगे बढ़ाने के लिए हुमायूं नगर उप-डाकघर के अधिकारियों और अज्ञात अन्य लोगों के खिलाफ सीबीआई, एसीबी, हैदराबाद द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

### बारामूला में पुलिस चौकी पर हमला कोई हताहत नहीं

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में संदिग्ध आतंकवादियों ने मंगलवार रात एक पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला किया। हमले में किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि चार मार्च को रात करीब 9.20 बजे बारामूला के ओल्ड टाउन पुलिस चौकी के पीछे से धमाके जैसी आवाज सुनाई दी, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। घटना के तुरंत बाद पुलिस दलों ने सहयोगी एजेंसियों के साथ समन्वय करके इलाके की घेराबंदी कर दी। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान पुलिस चौकी की पिछली दीवार के बाहर से ग्रेनेड पिन बरामद किया गया, जिससे पुलिस को संदेह हुआ कि यह ग्रेनेड हमले का प्रयास था। ग्रेनेड ओल्ड टाउन पुलिस चौकी के अंदर गिरा और उसमें जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट में जान-माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

### सपा नेता अबू आजमी विस के बजट सत्र के अंत तक निलंबित

**मुंबई।** समाजवादी पार्टी नेता एवं विधायक अबू आजमी को मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली उनकी विवादास्पद टिप्पणी के लिए बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र के अंत तक निलंबित कर दिया गया। महाराष्ट्र विधानसभा का बजट सत्र 26 मार्च को समाप्त होगा। राज्य के मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने मंगलवार को निचले सदन में आजमी के निलंबन का प्रस्ताव पेश किया था। सदस्यों ने तर्क दिया कि औरंगजेब की प्रशंसा करना मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का अपमान है। प्रस्ताव को ध्वनि मत से मंजूरी दी गई। आजमी ने हालांकि टिप्पणी करने के बाद इसके लिए माफी मांगी थी। मुंबई और ठाणे में उनके खिलाफ कई प्राथमिकी भी दर्ज की गई हैं।

# यमुना की सफाई को लेकर सरकार गंभीर: परवेश

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ जल मंत्री ने यमुना सफाई अभियान का निरीक्षण किया

दिल्ली के जल मंत्री परवेश साहिब सिंह ने बुधवार को कहा कि यमुना की सफाई को लेकर सरकार गंभीर है और तीन साल में यमुना के पानी का रंग बदकर दिखायेंगे।

सिंह ने बुधवार को यमुना की सफाई अभियान का निरीक्षण किया और दावा किया कि जल्द ही यमुना नदी में बदलाव देखने को मिलेगा और तीन साल में इसके पानी के रंग को बदलकर दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि यमुना में गिरने वाले सारे नालों के ऊपर लगे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता को बढ़ाया जाएगा और नए एसटीपी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार को यमुना सफाई की कभी चिंता नहीं थी। उनका काम केवल अपने काम के लिए दूसरे को जिम्मेदार ठहराने का रहा है। दिल्ली सरकार के साथ प्रधानमंत्री कार्यालय भी यमुना की सफाई पर चिंता और निगरानी कर रहे है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कभी यमुना की चिंता नहीं थी, केवल राजनीति करते थे। उनका पूरा जोर अब पंजाब में अपनी सरकार बचाने पर है। अब वह राज्यसभा से आते हैं या पंजाब के मुख्यमंत्री बनेंगे यह आने वाले दिनों में पता चलेगा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने कितने पाप किए वे धीरे धीरे खुलेगें। दिल्ली वालों के टैक्स की चोरी हुई। जिस प्रोजेक्ट को एक साल में पूरा होना था उसे पूरा होने में तीन साल लग गए जिसे पैसे का नुकसान हुआ।

# आईआरएफसी अब बनेगा 'महारत्न': सीएमडी मनोज दुबे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सीएमडी ने संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की, कहा- अब कंपनी में काम करने की अधिक आजादी मिली

केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में नवरत्न का दर्जा प्राप्त भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) ने अब एक साल के भीतर महारत्न की श्रेणी में शामिल होने का संकल्प व्यक्त किया है।

आईआरएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मनोज दुबे ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कंपनी को नवरत्न का दर्जा मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे कंपनी को काम करने की अधिक स्वायत्तता मिल गई है। अब आईआरएफसी रेलवे के ईकोसिस्टम में योगदान करने वाली किसी भी परियोजना का वित्तपोषण करेगी और ज़ीरो एनपीए की शर्त पर सस्ता ऋण मुहैया कराएगी। इनमें रेलवे को आपूर्ति करने वाली नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन परियोजनाएं, रेलवे को उपकरण, लॉजिस्टिक सेवा आदि प्रदान करने वाली परियोजनाएं शामिल हैं। दुबे ने कहा कि नवरत्न बनने के बाद अब हमारा लक्ष्य महारत्न कंपनी बनना है। संभवत: अगले वर्ष ही हम उन मानकों को पूरा कर लेंगे, जो महारत्न की श्रेणी के लिए जरूरी हैं। एक प्रश्न के उत्तर में दुबे ने कहा कि नवरत्न का दर्जा प्राप्त करना आईआरएफसी की वित्तीय मजबूती और भारत के रेलवे बुनियादी ढांचे को समर्थन देने की उसकी प्रतिबद्धता का प्रतिलबब है। यह मान्यता हमें अपनी क्षमताओं का और अधिक विस्तार करने और राष्ट्र के विकास में और अधिक सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। दुबे ने कहा कि हम पूंजी-गहन रेलवे परियोजनाओं के लिए सबसे अधिक लागत प्रभावी वित्तपोषण समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पूरा रेलवे इकोसिस्टम पूंजीगत व्यय (केपेक्स) में वृद्धि के दौर से गुजर रहा है, जो माल बुलाई और यात्री आवागमन दोनों के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी आबादी की मांग को पूरा कर रहा है। जैसे-जैसे भारत अमृत काल में 10 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, आईआरएफसी बुनियादी ढांचे के विकास और आधुनिकीकरण के लिए संसाधन जुटाने में और भी बड़ी भूमिका निभाएगा। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च, 2024 तक 26 हजार 600 करोड़ रुपए से अधिक के राजस्व और 6400 करोड़ रुपए से अधिक के कर-पश्चात लाभ के साथ, आईआरएफसी प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां के मामले में भारत में तीसरा सबसे बड़ा सरकारी एनबीएफसी चुका है। आईआरएफसी की स्थापना 12 दिसंबर, 1986 को एक शत-प्रतिशत सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी के रूप में की गई थी और इसने भारतीय रेलवे के विस्तार और आधुनिकीकरण के वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले कुछ वर्षों में, यह एक प्रमुख वित्तीय संस्थान के रूप में विकसित हुआ है, जिसे 1993 में कंपनी अधिनियम के तहत एक सार्वजनिक वित्तीय संस्थान के रूप में, 1998 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तहत एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में और बाद में 2010 में एक एनबीएफसी-इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी-आईएफसी) के रूप में पंजीकृत किया गया। मार्च 2018 में, इसे मिनी-रख श्रेणी-1 का दर्जा दिया गया। कंपनी को जनवरी 2021 में 26 रुपए के आईपीओ मूल्य पर स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किया गया था, जो अब बढ़कर लगभग 115 रुपए हो गया है। आईआरएफसी ने भारतीय रेलवे के लगभग 80 प्रतिशत रोलिंग स्टॉक के वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: योगी

# युवाओं को देंगे रोजगारपरक शिक्षा: सीएम

**लखनऊ, वार्ता**



■ शिक्षा और स्वास्थ्य मानव पूंजी का महत्वपूर्ण कारक
■ विद्यालयों में सुविधाओं को दो हजार करोड़ की व्यवस्था

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि उनकी सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विभिन्न योजनाओं और बजट प्रावधानों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार परक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए हैं। योगी ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य को मानव पूंजी का महत्वपूर्ण कारक माना जाता है और सरकार इन दोनों क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए 2000 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। पीएम श्री योजना के अंतर्गत 580 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है, जबकि प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल से जोड़ने के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

ड्रोन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स को बढ़ावा देने के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में आधुनिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत की जा रही है, जिसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। वाराणसी और आगरा में साइंस सिटी और नक्षत्रशाला की स्थापना के लिए भी धनराशि आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्एक जिले की विशेषताओं और संभावनाओं के अनुरूप रोजगार सृजन की दिशा में कार्य कर रही है।

इसी कड़ी में हर जनपद में 100 एकड़ क्षेत्र में एक विशेष 'आर्थिक ज़ोन' विकसित करने के लिए धनराशि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त, 10 संत कबीर वस्त्र उद्योग पार्क और दो संत रविदास लेदर पार्क स्थापित किए जाएंगे।

### उप्र विधानसभा और विधान परिषद की कार्यवाही अनिश्चितकाल को स्थगित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र की कार्यवाही बुधवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। 18 फरवरी से शुरु हुआ विधानसभा का बजट सत्र दस कार्य दिवसों में संपन्न हुआ जिसमें सदन की कार्यवाही 73 घंटा 19 मिनट चली। इस दौरान किन्ही कारणों से तीन घंटा 36 मिनट सभा स्थगित रही जबकि 69 घंटा 43 मिनट सदन की कार्यवाही चली। सत्र के दौरान सरकार ने 20 फरवरी को आठ लाख आठ हजार करोड़ रुपए का बजट सदन के पटल पर रखा और सत्र के अंतिम दिन बुधवार को बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। सत्र के दौरान 25 फरवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी सदस्यों के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया था।

### नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम करती है भाजपा: शिवपाल



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात न करके नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम कर रही है। विधानभवन में पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा कि योगी सरकार नाम बदलने में माहिर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर उन्होंने कि सदन में यह मेरे नाम की बजाय चच्चा चच्चा की माला जपते रहतें है। इनका काम ही नाम बदलना है। इन्हें महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात नहीं करनी है। उन्होंने कहा कि अंसल समूह पर कानूनी कार्रवाई कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है बल्कि सरकार जानबूझ कर इसे मुद्दा बना रही है। उन्होंने कहा कि संभल की तरह हाथरस में भी रिपोर्ट भाजपा सरकार के लिए काला धब्बा साबित होगी। श्री यादव ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए शायराना अंदाज में एक्स पर पोस्ट किया- विधानसभा में 'चाचा-चाचा' की गूंज दिन-रात, न नीति की बात, न विकास पर कोई सौगात। जनता देख रही ये खेल निराला, मुद्दों से भागने का अंदाज़ निराला। सत्ता की कुर्सी मिली तो धर्म का सहारा, पर काम के नाम पर बस जुमलों का पसारा। चाचा कहकर सियासत चमकाते रहोगे, या कभी प्रदेश का हाल भी बताओगे।

# इग्नू समारोह में तीन लाख से ज्यादा डिग्री व डिप्लोमा दिए

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ 58 देशों में सबसे बड़ा विवि है इग्नू: प्रधान

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने बुधवार को 38वां दीक्षांत समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्रों को तीन लाख से अधिक डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों और इग्नू बिरादरी को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि 1985 में स्थापना के बाद से, इग्नू ने शिक्षा को किफायती, लचीला और समावेशी बनाकर इसमें क्रांति ला दी है। 35 लाख से अधिक शिक्षार्थियों और 58 देशों में एक मजबूत वैश्विक उपस्थिति के साथ, इग्नू दुनिया का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है, जो यह सुनिश्चित करता है कि शिक्षा हाशिए के समुदायों सहित सभी तक पहुंचे। इसकी उत्कृष्टता एनआईआरएफ 2024 में ओपन यूनिवर्सिटीज में इसकी शीर्ष रैंकिंग में परिलक्षित होती है।यी प्रधान ने नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करने में इग्नू की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय इन सुधारों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिसमें कामकाजी पेशेवरों, अंतर्राष्ट्रीय छात्रों, जेल के कैदियों और रक्षा कर्मियों के लिए अनुकूलित विविध कार्यक्रम हैं। भारत के जनसांख्यिकीय पहलू पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने दूरस्थ रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल लर्निंग जैसी तकनीकी प्रगति को अपनाने के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण पहल सहित क्षमता निर्माण कार्यक्रम सभी स्तरों पर शिक्षा को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इग्नू को विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम करते डिजिटल शिक्षा का विस्तार करना चाहिए, वैश्विक सहयोग को मजबूत करना चाहिए और आजीवन सीखने को बढ़ावा देना चाहिए।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार
अर्थ व्यापार

# अमेरिकी टैरिफ में राहत के संकेत से बाजार गुलजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी टैरिफ में राहत दिए जाने के संकेत के बीच चीन की जवाब कार्रवाई में प्रोत्साहिन पैकेज की घोषणा से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार गुलजार रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 740.30 अंक अर्थात 1.01 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 73,730.23 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 254.65 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,337.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.66 प्रतिशत उछलकर 39,751.73 अंक और स्मॉलकैप 2.80 की बढ़ोतरी लेकर 44,538.20 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4101 कंपनियों के शेयरों मं कारोबार हुआ, जिनमें से 3247 में तेजी जबकि 768 में गिरावट रही वहीं 86 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 46 कंपनियां हरे जबकि अन्य चार लाल निशान पर बंद रहीं। विश्लेषकों के अनुसार अमेरिकी कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लटनिक ने संकेत दिया है कि ट्रम्प सरकार कुछ टैरिफ में राहत दे सकती है, खासतौर पर कनाडा और मैक्सिको से आने वाले उत्पादों पर टैक्स में कटौती संभव है। इस घोषणा के बाद वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला, जिससे भारतीय बाजार में भी तेजी आई। ट्रम्प प्रशासन की नीतियों जवाब में चीन द्वारा घोषित राहत पैकेज के कारण चीनी और जापानी बाजारों में मजबूती देखने को मिली। इसका असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ा, जिससे सकारात्मक सेंटीमेंट बना रहा। इसके साथ ही अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा पर लगाए गए भारी टैरिफ भारतीय निर्यातकों के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इससे भारतीय कृषि उत्पादों, मशीन टूल्स, टेक्सटाइल्स, केमिकल्स और लेदर प्रोडक्ट्स की अमेरिकी बाजार में मांग बढ़ने की उम्मीद है, जिससे भारत को व्यापारिक लाभ मिल सकता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 15 अंक बढ़कर 73,005.37 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 72,894.05 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### अमृतसर में 23 किलो हेरोइन बरामद

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने जंडियाला के देवी दासपुरा गांव से 23 किलो हेरोइन की खेप बरामद की है। डीजीपी गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह खेप अमेरिका स्थित तस्कर जसमीत सिंह उर्फ लक्की द्वारा संचालित तस्करी नेटवर्क से जुड़ी है। इस मामले में, खेप को मंगाने वाले देवी दासपुरा गांव के आरोपी साहिलप्रीत सिंह उर्फ करण को नामजद किया गया है। उसे गिरफ्तार करने के लिए कई पुलिस टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। डीजीपी ने बताया कि तस्करी नेटवर्क से जुड़े और लोगों का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है। डीआईजी बॉर्डर रेंज सतिंदर सिंह ने एसएसपी अमृतसर ग्रामीण मनिंदर सिंह के साथ एक संवाददताता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नाकाबंदी में पुलिस टीमों को एक विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि आरोपी साहिलप्रीत ने सीमा पार से हेरोइन की खेप मंगाई है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बुधवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट चढ़कर 4635 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.44 सेंट की तेजी के साथ 43.28 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी:** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 200 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7300- 7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8200-8300 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300- 4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 15751 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**केंद्र सरकार...** क्योंकि यह पर्यावरण-अनुकूल, आरामदायक और तेज़ कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और एक दिशा में यात्रा का समय लगभग आठ से नौ घंटे से घटाकर लगभग 36 मिनट कर देगी। रोप-वे परियोजना निर्माण और संचालन के साथ-साथ आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय पदार्थ (एफ एंड बी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पूरे वर्ष रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराएगी। रोप-वे परियोजना का विकास संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, पहाड़ी क्षेत्रों में लास्ट मील कनेक्टिविटी को बढ़ाने और तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। केदारनाथ मंदिर तक की यात्रा गौरीकुंड से 16 किमी की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और वर्तमान में इसे पैदल या खच्चर, पालकी और हेलीकॉप्टर द्वारा तय किया जाता है। प्रस्तावित रोप-वे की योजना मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करने और सोनप्रयाग तथा केदारनाथ के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। केदारनाथ 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक है जो उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में 3,583 मीटर (11968 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है। यह मंदिर साल में अक्षय तृतीया (अप्रैल-मई) से दीपावली (अक्टूबर-नवम्बर) तक लगभग छह से सात महीने तीर्थयात्रियों के लिए खुला रहता है और इस मौसम के दौरान सालाना लगभग 20 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।

# महिला उद्यमी मजबूत वित्तीय अनुशासन का करती है प्रदर्शन

**मुंबई, वार्ता**

■ 3,000 से अधिक महिला व्यवसाय मालिकों के बीच यह सर्वेक्षण किया

महिला उद्यमी मजबूत वित्तीय अनुशासन का प्रदर्शन करती हैं और अधिकांश महिलाएं स्वतंत्र रूप से व्यवसाय का संचालन करती है। आज जारी नियोग्रोथ के नवीनतम नियोइनसाइट्स अध्ययन से पता चला है कि महिला व्यवसाय मालिकों का प्रभाव व्यवसाय की सफलता से कहीं आगे तक फैला हुआ है, क्योंकि उनके उद्यमों ने व्यक्तिगत सशक्तिकरण, परिवारों के लिए वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा दिया है और समुदाय में अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का काम किया है।

3,000 से अधिक महिला व्यवसाय मालिकों के बीच यह सर्वेक्षण किया गया। 'भारत में महिला व्यवसाय स्वामियों की उद्यमशीलता की भावना' विषय पर किए गए इस सर्वेक्षण ने इस तरह की उद्यमशीलता की यात्राओं में अंतर्दृष्टि प्रदान की और उनकी प्रेरणाओं, चुनौतियों और महत्वाकांक्षाओं की जांच की, जबकि कई स्तरों पर उनके द्वारा छोड़े गए प्रभाव पर जोर दिया गया। लगभग 98 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे अपने व्यवसायों के आधार पर अपने और अपने परिवारों के लिए आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा, 61 प्रतिशत ने बताया कि उनके परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है, जबकि 54 प्रतिशत ने आत्मविश्वास और वित्तीय आत्मनिर्भरता में वृद्धि की बात कही। महिला उद्यमियों ने अपने समुदायों को भी प्रभावित किया, 67 प्रतिशत ने अन्य महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में सशक्त बनाया, 50प्रतिशत ने कर्मचारियों को अपना उद्यम शुरू करने के लिए प्रेरित किया, और 47प्रतिशत युवा लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए रोल मॉडल बनाया। 70 प्रतिशत महिला व्यवसाय मालिक स्व-प्रेरणा और आकांक्षा के आधार पर व्यवसाय शुरू करती हैं। भारतीय महिला व्यवसाय मालिकों की उद्यमशीलता की यात्रा काफी हद तक स्व-प्रेरित है, जिसमें 70 प्रतिशत ने स्व-प्रेरणा और आकांक्षा के परिणामस्वरूप अपना व्यवसाय शुरू किया। शेष उत्तरदाताओं को उनके जीवनसाथी और परिवार के सदस्यों द्वारा प्रोत्साहित किया गया। इसने अवसर-संचालित उद्यमशीलता की ओर एक मजबूत बदलाव को उजागर किया। क्योंकि महिलाएँ अपनी व्यावसायिक महत्वाकांक्षाओं से प्रेरित थीं। भारत में महिलाएं उद्यमिता को सशक्तिकरण और वित्तीय स्वतंत्रता के मार्ग के रूप में देख रही हैं। लगभग 66प्रतिशत ने अपने उद्यम को कैरियर के अनुभव और महत्वाकांक्षा, या वित्तीय स्वतंत्रता और उद्देश्य की एक मजबूत भावना के आधार पर शुरू किया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


माँ गंगा का
शीतकालीन प्रवास
गंगा मंदिर
मुखीमठ, मुखवा (उत्तरकाशी)
उत्तराखण्ड शासन
देवभूमि उत्तराखण्ड
उत्तराखण्ड में
शीतकालीन
तीर्थाटन एवं
पर्यटन
माँ यमुना का
शीतकालीन प्रवास
यमुना मंदिर
खरसाली (उत्तरकाशी)
श्री केदारनाथ जी का
शीतकालीन प्रवास
ओंकारेश्वर मन्दिर
ऊखीमठ (रुद्रप्रयाग)
श्री बदरीनाथ जी का
शीतकालीन प्रवास
योगध्यान बद्री मन्दिर
पांडुकेश्वर (चमोली)
मुखीमठ, मुखवा माँ गंगा का शीतकालीन प्रवास स्थान है।
शीतकाल के दौरान गंगोत्री मन्दिर के कपाट बंद होने पर
माँ गंगा की मूर्ति को गंगोत्री से मुखवा लाया जाता है और
शीतकाल के दौरान इसी मन्दिर में माँ गंगा की पूजा की जाती है।
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
माँ गंगा के शीतकालीन प्रवास
गंगा मंदिर
मुखवा, हर्षिल, उत्तरकाशी, उत्तराखण्ड
आगमन पर
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
का
हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन
बृहस्पतिवार, दिनांक 06 मार्च, 2025 | प्रातः 09.00 बजे
माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा
माँ गंगा मन्दिर में दर्शन एवं पूजा।
उत्तराखण्ड शीतकालीन पर्यटन प्रदर्शनी का अवलोकन।
रैलियों और पदयात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रवानगी।
हर्षिल में सार्वजनिक समारोह।
कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर
उत्तराखण्डः एक अद्वितीय, रोमांचक और प्राकृतिक गंतव्य
• उत्तराखण्ड के पर्वत, कलकल बहती नदियां और मन को शान्ति पहुंचाने वाले मंदिरों से तीर्थयात्रियों व पर्यटकों को मिलता है प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक शान्ति का अहसास।
• सर्दियों के महीने में शांत पहाड़ों के बीच ध्यान, योग और आत्म-चिंतन की अनुभूति से जीवन को मिलता है नया अनुभव।
• औली, नैनीताल और मसूरी जैसे लोकप्रिय डेस्टिनेशन में स्कीइंग, पैराग्लाइडिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नो ट्रैकिंग की सुविधा पर्यटकों के लिए रोमांचकारी।
• राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभ्यारण्य के लिए विश्व प्रसिद्ध है देवभूमि उत्तराखण्ड।
हर्षिल वैली
बगोरी गांव
गरतांग गली
दयारा बुग्याल
कोटि बनाल शैली में बने मकान
औली
टिहरी
#ExploreUttarakhand
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in
uttarakhandDIPR
DIPR_UK
uttarakhand DIPR
@DIPR_UK

# पीएम के स्वागत को प्रशासन तैयार

## हर्षिल-मुखवा गांव में आज आएंगे प्रधानमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत के लिए हर्षिल-मुखवा क्षेत्र सज-संवर कर पूरी तरह से तैयार है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आग्रह पर शीतकालीन पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री वृहस्पतिवार को हर्षिल-मुखवा क्षेत्र के भ्रमण पर आ रहे हैं।

प्रधानमंत्री का प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुखबा मंदिर के बाद प्रधानमंत्री पूर्वाह्न 10.30 बजे हर्षिल पहुंचकर उत्तराखंड

शीतकालीन पर्यटन और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद जादुंग व पीडीए के लिए मोटर बाईक व एटीवी-आरटीवी रैलियों तथा जनकताल एवं मुलिंगला के लिए ट्रैकिंग अभियानों को झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। सीमावर्ती नेलांग-जादुंग-पीडीए क्षेत्र का मनमो. हक शीत मरूस्थली पठार का क्षेत्र अभी तक पर्यटन की गतिविधियों से अछूता रहा है। प्रधानमंत्री के हाथों इन क्षेत्रों के लिए साहसिक पर्यटन अभियानों के शुभारंभ से इस क्षेत्र में पर्यटन विकास के नए द्वार खुल जाएंगे।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री के द्वारा हर्षिल में जनसभा को भी संबोधित किया जाएगा। हर्षिल में जनसभा के लिए बड़ा पंडाल



स्थापित करने के साथ ही साज-सज्जा कर सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल सहित प्रशासन व पुलिस के तमाम अधिकारी इन दिनों हर्षिल में ही डेरा डाले हुए हैं।

प्रधानमंत्री के दौरे की व्यवस्थाओं को लेकर अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को हर्षिल क्षेत्र में तैनात किया गया है। क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती करने के साथ ही विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों द्वारा क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है।

प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर आज पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे, सचिव गृह शैलेश बगोली, आयुक्त गढवाल मंडल एवं सचिव मुख्यमंत्री विनय शंकर पाण्डेय, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, अपर पुलिस महानिदेशक डॉ. वी मुरूगेशन व श्री ए.पी. अंशुमान, महानिदेशक सूचना वंशीधर तिवारी सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने भी बुधवार हर्षिल क्षेत्र का भ्रमण कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने हर्षिल-मुखवा क्षेत्र में की गई विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन की सभी तैयारियां पूरी हैं और उत्तरकाशी जिला प्रधानमंत्री के स्वागत हेतु पूरी तरह से तैयार है।

# ग्राम योजना से उत्तराखंड में बढ़ेगा संस्कृत का प्रचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** केंद्रीय संस्कृत विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में संस्कृत भाषा के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए 'संस्कृत ग्राम योजना' लागू की गई है। इस योजना के तहत उत्तराखंड संस्कृत अकादमी द्वारा प्रदेश के हर जिले में एक गांव को संस्कृत ग्राम के रूप में चयनित किया गया है। इन गांवों में निवास करने वाले लोगों को दैनिक जीवन में संस्कृत भाषा के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और उनके लिए विशेष संस्कृत प्रशिक्षकों की नियुक्ति भी की जाएगी।

कुलपति प्रो. वरखेड़ी के अनुसार,

**■ हर जिले में एक गांव को बनाया जाएगा संस्कृत ग्राम, केंद्रीय संस्कृत विवि और उत्तराखंड संस्कृत अकादमी की संयुक्त पहल**

इस पहल का उद्देश्य देवभाषा संस्कृत को समाज के हर वर्ग से जोड़ना है। केंद्रीय संस्कृत विश्व. विद्यालय ने उत्तराखंड की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के साथ मिलकर प्रदेश में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार की यह योजना शुरू की है। प्रदेश में भोगपुर (देहरादून), नूरपुर (हरिद्वार), मुखेम (टिहरी), कोटगांव मोरी (उत्तरकाशी), डिम्मर (चमोली), गोदा खिरसू (पौड़ी गढ़वाल), बैंजी (रुद्रप्रयाग), कोटा बाग (नैनीताल), जैती ताड़ीखेत (अल्मोड़ा), खर्ककार्की (चंपावत), शेरी (बागेश्वर), उर्ग मुनाकोट (पिथौरागढ़), नगला तराई (उधम सिंह नगर) को संस्कृत ग्राम के रूप में चयनित किया गया है। वहीं, विश्वविद्यालय के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर, देवप्रयाग के निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम ने बताया कि उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के साथ भी इस संबंध में कई करार किए गए हैं। इस योजना के तहत 'डॉ. सूर्यमणि भंडारी' को संस्कृत ग्रामों का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# प्रधानमंत्री हर्षिल- मुखवा भ्रमण के लिए डीजीपी ने किया वीवीआईपी स्थल का निरीक्षण

## डीजीपी ने त्रुटिरहित सुरक्षा व्यवस्था के दिए गए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर्षिल-मुखवा क्षेत्र मे प्रस्तावित भ्रमण को लेकर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह मुस्तैद है। बुधवार पुलिस महा. निदेशक उत्तराखण्ड, दीपम सेठ उत्तराखण्ड शासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हर्षिल-मुखवा क्षेत्र का जायजा लेकर सुरक्षा के प्रबन्धों की समीक्षा की गयी। सुरक्षा में नियुक्त पुलिस अधिकारियों (ड्यूटी प्रभारियों), पुलिस बल, बैरिकेडिंग, रूफटॉप ड्यूटी व अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के बारे में जानकारी ली गई।



समस्त राजपत्रित अधिकारियों, अन्य पुलिस अधिकारियों, पुलिस बल तथा सुरक्षा के सभी पहलुओं की समीक्षा करते हुये सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों के बारे में स्पष्ट निर्देश दिए गये। इससे पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक अपराध/कानून व्यवस्था, डॉ0 वी मुर्गेशन एवं अपर पुलिस महानिदेशक अभिसुचना, ए0पी0 अंशुमान द्वारा जर्मन हैंगर, उद्यान विभाग हर्षिल में वीवीआईपी सुरक्षा में नियुक्त फोर्स की ब्रीफिंग ली गयी। जिसमे उनके द्वारा सुरक्षा-प्रबंधों की समीक्षा करते हुये वीवीआईपी सुरक्षा के दृष्टिगत सभी अधिकारी/कर्मचारियों को सजग व सतर्क रहकर अपना कर्तव्य निर्वहन करने के साथ सुरक्षा व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाये रखने के निर्देश दिये गये। सभी को सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करने के लिये जरुरी हिदायतें दी गयी। पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों द्वारा फ्लीट रिहर्सल कर वीवीआईपी रुट सुरक्षा तथा यातायात प्रबन्धन का जायजा भी लिया गया।

# कीर्तिनगर में लटके मोटर मार्गों का निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

श्रीनगर। निवर्तमान प्रधान संगठन कीर्तिनगर ने बुधवार को लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होने विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत प्रस्तावित मोटरमार्ग का निर्माण कार्य समय पर किए जाने की मांग की। प्रधान संगठन कीर्तिनगर के निवर्तमान अध्यक्ष सुनय कुकशाल ने कहा कि पैण्डुला-अमरोली-कण्डोली मिसिंग मोटर मार्ग, ककड़पानी से बंगपानी होते हुए लूसी मोटरमार्ग, चौरीखाल सिरोड़ी मोटरमार्ग का निर्माण कार्य शुरू न होने के कारण ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने जल्द से मोटरमार्ग का निर्माण कार्य शुरू करवाएं जाने की



मांग की है। कुकशाल ने बताया कि मोटरमार्ग मार्गों के निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का समाधान कर जल्द कार्यों को शुरू करवाएं जाने का आश्वासन दिया है। बताया कि वन विभाग में अटके मोटरमार्गों को निस्तारण के लिए वन मंत्रालय से वार्ता करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मिनाक्षी पुण्डीर, रश्मि देवी, शिवानी डोभाल, हेमा देवी, प्रीति गोदियाल, आशा देवी, राजीव जोशी, सोहन पाण्डेय आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय शलाका परीक्षा में रघुनाथ कीर्ति परिसर के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** केंद्रीय संस्कृत विश्व. विद्यालय, श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर के तीन छात्रों ने राष्ट्रीय शलाका परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। संस्कृत भारती द्वारा हर वर्ष अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा में परिसर के लोकेश चंद्र बड़सीलिया ने सांख्य शलाका में प्रथम स्थान, मयंक तिवारी ने साहित्य शलाका में द्वितीय स्थान और तनस्वी ने अमरकोश शलाका में तृतीय स्थान हासिल किया है।

संस्कृत भारती की ओर से इस वर्ष विभिन्न शास्त्रों की यह परीक्षा जयराम ब्रह्मचर्याश्रम, दिल्ली में आयोजित की गई थी। श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर के छात्र नितिन

**■ तीन छात्रों ने अलग-अलग शास्त्रों में हासिल किए शीर्ष स्थान**

फुलारा और अमन भट्ट ने भी इस परीक्षा में भाग लिया था। इन सभी छात्रों को न्याय विभाग के प्राध्यापक डॉ. जनार्दन सुवेदी का मार्गदर्शन प्राप्त था। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिसर और विश्व. विद्यालय के लिए गर्व की बात है। वहीं, निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम ने इसे छात्रों की कठिन साधना और निरंतर परिश्रम का परिणाम बताया।

# व्यापारी प्रेम सिंह नेगी के निधन पर लंबगांव में शोक सभा

**नई टिहरी।** लंबगांव के व्यापारी एवं पट्टी उपली रमोल के महरगांव निवासी प्रेम सिंह नेगी (66) के आकस्मिक निधन पर व्यापार मंडल लंबगांव के व्यापारियों ने शहीद स्मारक लंबगांव में शोक सभा आयोजित कर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष युद्धवीर राणा, भाजपा मुखेम मंडल अध्यक्ष बसंत चौहान, अर्जुन बिष्ट, राजीव पंवार, मनोज जोशी, विशन सिंह बिष्ट, केदार बिष्ट, हरि प्रसाद डिमरी, प्रमोद पंवार, रमेश बगियाल, परमवीर कंडियाल, बुद्धि सिंह पंवार, संदीप कलूड़ा, जगदीप राव. तसहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मिलेगा उपासना को कल्याणी सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रसिद्ध कवियत्री उपा. सना सेमवाल को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल्याणी सम्मान 2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम उन महिलाओं के सम्मान में आयोजित होता है, जिन्होंने विकट परिस्थितियों से लड़ध्कर समाज में एक नया इतिहास रचा और जो लगातार अपने कार्यो से प्रेरणा बन रही हैं।

देश व समाज के लिए मातृशक्ति में नई ऊर्जा प्रवाहित करने को लेकर लगातार छठी बार कल्याणी सामा. जिक संस्था की आरे से सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कल्याणी सामाजिक संस्था की ओर से आगामी आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गढ़वाल भवन नई दिल्ली में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। कल्याणी सामाजिक संस्था की अध्यक्षा एवं संस्थापिका बबीता नेगी ने बताया कि संस्था द्वारा वर्ष 2020 में पहली बार अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर "कल्याणी सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया था। तब से लेकर लगातार हर वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कल्याणी सामाजिक संस्था मातृशक्ति के सम्मान में समारोह आयोजित

करती आ रही है। इस बार संस्था आगामी आठ मार्च को नई दिल्ली के पंच्कुईयां रोड़ स्थित गढवाल भवन मे पांचवां "कल्याणी सम्मान समारोह 2025" आयोजित करने जा रही है। कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य मिहला आयोग की अध्यक्षा कुसुम कंडवाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगी। इसके अलावा मशहूर लोक गायिका अनुराधा निराला विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी। वहीं कवियत्री उपासना सेमवाल को सम्मान मिलने पर केदारघाटी में खुशी की लहर है।

अब तक उपासना को मिल चुके सम्मान- राज्य स्तरीय स्त्री शक्ति तीलू रौतेली पुरस्कार, चन्द्र कुंवर बर्तवाल साहित्य सेवा श्री सम्मान, केदारघाटी सम्मान, संस्कृति गौरव सम्मान, उत्कृष्ट कर्मिक सम्मान, फ्योंली सम्मान महिला दिवस, प्रतिभा सम्मान, काशी साहित्य सम्मान।

# खेलों से ही मानसिक और बौद्धिक विकास संभव: नेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राजकीय महाविद्यालय अग्रोड़ा में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक विक्रम सिंह नेगी ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छात्रों के बौद्धिक और मानसिक विकास के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की ताकि वे अच्छे अंक प्राप्त कर कॉलेज और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें।

प्रतियोगिता के 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में नितिन प्रथम, देवाशीष द्वितीय और साहिल तृतीय स्थान पर रहे, जबकि बालिका वर्ग में देवयानी प्रथम, आंचल द्वितीय, कोमल तृतीय और पूनम ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। शतरंज बालक वर्ग में सुमित प्रथम, नितिन द्वितीय और अक्षय लाल तृतीय स्थान पर रहे, जबकि बालिका वर्ग में मानसी ने प्रथम और सुतिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

बैडमिंटन बालिका वर्ग में रेणुका-सृष्टि की जोड़ी प्रथम, शालिनी-शिवानी द्वितीय और देवयानी-सृष्टि तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने सभी विजेताओं को पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के



प्राचार्य डॉ. केएस जौहरी, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. प्रमोद सिंह, डॉ. भरत गिरि गोसाईं, डॉ. अजय कुमार, अमित कुमार, जोगेंद्र कुमार, बलबीर बिष्ट सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संयुक्त उप जिला अस्पताल में जल्द खुलेगा जन औषधि केंद्र, लम्बे समय से बंद पड़ा था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** संयुक्त उप जिला अस्पताल में जल्द ही मरीजों को जन औषधि केंद्र की सुविधा मिलने शुरू हो जायेगी। औषधी केंद्र के निर्माण के लिए इन दिनों अस्पताल प्रशासन तैयारियों में जुटा है। जिससे अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को कम दामों पर दवाएं मिल सकें, इसके लिए देश भर में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। जन औषधि केंद्र पर बाजार के मुकाबले 60 से 70 फीसदी तक कम कीमत पर दवाएं मिल जाती हैं।

संयुक्त उप जिला अस्पताल श्रीनगर में नगर क्षेत्र के अलावा टिहरी, रुद्रप्रयाग और चमोली जिले से भी बड़ी संख्या में इलाज कराने के लिए मरीज पहुंचते हैं। ऐसे में अस्पताल में खुला जन औषधि केंद्र मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा था, लेकिन कोविड से पूर्व अस्पताल के रेलवे द्वारा निर्मित नए भवन में शिफ्ट होने के बाद से जन औषधि केंद्र बंद चल रहा है। विगत पांच सालों से जन औषधि केंद्र बंद पड़ा हुआ है. ऐसे में मरीजों को मजबूरी में बाहर से ब्रांडेड कंपनियों की दवाइयां महंगे दामों पर खरीदनी पड़ रही है। अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी विमल गुसांई ने बताया कि अस्पताल में जन औषधि केंद्र निर्माण के लिए स्थान चिन्हित कर लिया है। इमरजेंसी के समीप जन औषधि केंद्र खोलने को लेकर तैयारियां की जा रही है। यहां जमा स्क्रैब को निस्तारित किया जा रहा है। सप्ताह भर के अंदर जन औषधि केंद्र के तैयार होने की संभावना है। जिसका लाभ संयुक्त उप जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को मिल पायेगा।

# बेलगाम मंत्री पहाड़ी जनमानस का कर रहे अपमान: उक्रांद

**रुद्रप्रयाग।** विधान सभा में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा पहाडी समुदाय के लिए कहे गए अपशब्द और सदन में विधानसभा अध्यक्ष के रवैये से आक्रोशित उत्तराखंड क्रान्ति दल ने सभी विधायकों से इस प्रकरण में अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। अन्यथा उक्रांद दस मार्च से प्रदेश के सभी विधायकों का घेराव कर जवाब मांगेगा। रुद्रप्रयाग जिला मुख्यालय में उत्तराखंड क्रान्ति दल के केन्द्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने पत्रकारों से वार्ता कर विधानसभा में घटित प्रकरण को पहाड़ के लोगों का अपमान बताया। उन्होंने सत्ता में बैठी भाजपा व विपक्ष कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि 42 शहादतों पर बना उत्तराखंड दोनों राष्ट्रीय दलों के अंहकार की भेंट चढ़ गया है।

# पुलिस भर्ती के तीसरे दिन 324 अभ्यर्थी रहे सफल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के गुलाबराय मैदान में चल रही पुलिस भर्ती की शारीरिक दक्षता/मानक परीक्षा के सभी इवेंट में 324 अभ्यर्थी सफल रहे। बुधवार को कुल पांच सौ अभ्यर्थियों के सापेक्ष 414 अभ्यर्थी ही भर्ती के लिए उपस्थित हुए। पुलिस भर्ती प्रक्रिया सात मार्च तक चलेगी।

गत तीन मार्च से भर्ती केन्द्र गुलाबराय मैदान में पुलिस भर्ती प्रक्रिया की शारीरिक दक्षता/मानक परीक्षा चल रही है। बुधवार को भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष एसपी अक्षय प्रहलाद कोंडे की उपस्थिति में भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। बुधवार को 500 अभ्यर्थियों में से कुल 414 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता/मानक परीक्षा के लिए उपस्थित हुए। अभ्यर्थियों के नाप-तोल (लम्बाई एवं सीने की माप) क्रिकेट बॉल थ्रो, लम्बी कूद, चिनिंग-अप (बीम), दण्ड एवं बैठक सम्पन्न कराई गई। इन इवेंट्स में सफल रहे अभ्यर्थियों की दौड़-चाल कराई गई। सभी इवेंट्स में 324 अभ्यर्थी सफल रहे। भर्ती प्रक्रिया के सभी इवेंट्स पर वीडियोग्राफी कराई जा रही है।

भर्ती बोर्ड के सदस्य पुलिस उपाधीक्षक अनुज कुमार, पुलिस उपाधीक्षक नवीन सेमवाल, पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग प्रबोध कुमार घिल्डियाल, यातायात निरीक्षक श्याम लाल, प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक दमयन्ती गरोड़िया, प्रधान लिपिक प्रदीप बिष्ट सहित भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित पुलिस बल मौजूद रहा।

# मतदाता सूची की शुद्धता को लेकर विशेष अभियान शुरू, 15 मार्च तक चलाया जाएगा विशेष अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के मद्देनजर मतदाता सूची को त्रुटिहीन, शुद्ध और परिपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 15 मार्च तक चलाया जाएगा। आयोग की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी (नोडल अधिकारी) को विस्तृत कार्ययोजना के साथ ही मतदाता सूची की जांच और सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत की मतदाता सूची को रैंडम



चेक करते हुए अभिलेखों से मिलान किया जाएगा, ताकि कोई नाम छूटने न पाए। उन्होंने बताया कि पूर्व और वर्तमान जनप्रतिनिधि, अधिकारी, जो ग्राम पंचायत क्षेत्र में सामान्यत: निवासी हों और अर्हता पूरी करते हैं, उनके नाम सूची में शामिल हैं या नहीं, यह सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रशासकों द्वारा ग्राम पंचायतों में बैठकें आयोजित कर मतदाता सूची को सार्वजनिक किया जाएगा। इच्छुक व्यक्तियों को नि:शुल्क आवेदन फॉर्म (प्रपत्र 2, 3 एवं 4) उपलब्ध कराया जाएगा। भरे हुए फॉर्म को संगणक द्वारा अगले दिन संबंधित अधिकारी को सौंपा जाएगा और तीन दिन के भीतर निस्तारण कर सूची में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आयोग एवं जनपद की वेबसाइट पर अद्यतन मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इस विशेष अभियान की जानकारी ग्राम पंचायत स्तर तक पहुँचाने के लिए पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। वर्ष-2019 के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद में कुल एक लाख, चौरानबे हजार, छह सौ तिरानवे मतदाता पंजीकृत थे।

इनमें से 90,131 अगस्त्यमुनि विकास खंड में, 70,882 जखोली विकासखंड में तथा 33,680 विकासखंड ऊखीमठ में पंजीकृत मतदाता थे। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अपडेट करने का अभियान 15 मार्च तक चलेगा, जिसमें पात्र मतदाताओं को अपने नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और त्रुटियों को सुधारने का मौका मिलेगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। साथ ही सुनिश्चित करें कि उनका नाम सही तरीके से मतदाता सूची में दर्ज हो।

## एक नजर...

### श्रीनगर से स्वीत तक हाईवे के पैच भरने का कार्य शुरू

**श्रीनगर।** चारधाम यात्रा को देखते हुए एनएच लोनिवि श्रीनगर ने ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवप्रयाग से लेकर स्वीत तक पैच भरने का कार्य शुरू कर दिया है। हाईवे पर जगह-जगह पर गड्ढे पड़े हुए है। जिससे दोपहिया और चौपहिया वाहन हिचकोले खाते हुए नजर आते है। जिससे यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।साथ ही बरसात के दौरान हाईवे पर जल भराव होने के कारण दोपहिया वाहनों दुर्घटनाग्रस्त हो चोटिल हो जाते है। स्थानीय निवासी संजय कुमार ने कहा कि लम्बे समय से हाईवे पर गड्ढे पड़े हुए है, लेकिन विभागीय स्तर सै कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है। कहा कि कीर्तिनगर से स्वीत तक शहर के बीचोंबीच सड़कों का बुरा हाल है, लेकिन शासन-प्रशासन कुंभकरण की नींद सोया हुआ है। उधर एनएच लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता मो. तहसील ने बताया कि देवप्रयाग से श्रीनगर तक हाइवे पर पड़े गड्ढों को भरने का कार्य शुरू कर दिया गया है। अधिकतम यातायात को देखते हुए पहले कीर्तिनगर से लेकर स्वीत तक पैच भरने का कार्य शुरू करवाया जा रहा है। उसके बाद देवप्रयाग से कीर्तिनगर तक पैच भरने का कार्य शुरू किया जायेगा।

### प्रधानमंत्री मोदी के हर्षिल-मुखवा दौरा उपला टकनौर क्षेत्र में बेसब्री से इंतजार

**उत्तरकाशी :** भागीरथी घाटी के सीमांत टकनौर क्षेत्र इन दिनों ऐतिहा. सिक क्षण का साक्षी बनने को तैयार है। यहाँ के वाशिंदों को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बेसब्री से इंतजार है । 6 मार्च को एक दिवसीय दौरे के तहत हर्षिल-मुखवा में पदार्पण कर रहे हैं। यह दौरा न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्र के पर्यटन, बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास के लिए भी नए अवसर लेकर आ सकता है। पीएम मोदी उत्तरकाशी ही नहीं अपितु उत्तराखंड के चार धाम शीतकालीन यात्रा की ब्रांडिंग करेंगे। इससे उत्तराखंड के चार धाम शीतकालीन यात्रा बढेघ्गी और यहां के पर्यटन और तीर्थाटन पर नए पंख लगें ।गौरतलब है कि हर्षिल-मुखवा और गंगा घाटी आस्था, प्रकृति और संस्कृति का संगम भागीरथी नदी के तट पर बसा हर्षिल अपनी सुरम्यता के लिए प्रसिद्ध है, तो मुखवा धार्मिक आस्था का केंद्र है, जहाँ शीतकाल में माँ गंगा की उत्सव डोली गंगोत्री धाम से विराजमान होती है। इस क्षेत्र का ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व देशभर के श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। प्रधानमंत्री जी की यात्रा से निश्चित रूप से इस क्षेत्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी, जिससे यहाँ के पर्यटन को नई गति मिलेगी।

### अक्षत ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मारी बजी

**श्रीनगर।** एससीईआरटी देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय अबेकश प्रतियोगिता में भगवती मैमोरियल पब्लिक स्कूल अक्षत गिरि ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। राजकीय आर्दश प्राथमिक विद्यालय श्रीकोट गंगानाली की प्रधानाध्यापिका रश्मि गौड़ के मार्गदर्शन में अक्षत ने बाजी मारी है। अक्षत गिरी के शानदार प्रदर्शन पर डायट प्राचार्य पौड़ी स्वराज सिंह तोमर, खंड शिक्षा अधिकारी खिर्सू अश्विन रावत, वरिष्ठ प्रवक्ता डायट पौड़ी नारायण प्रसाद उनियाल, आरती थपलियाल, पदमा खंडूरी, कौशल्या नैथानी पूजा नौटियाल, संजय कठैत, प्रभा बहुगुणा आदि ने खुशी जाहिर की है।

### चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी महासंघ का दो दिवसीय अधिवेशन 11-12 मार्च को

**नई टिहरी।** उत्तराखंड चतुर्थ वर्गीय राज्य कर्मचारी महासंघ का दो दिवसीय अधिवेशन 11 और 12 मार्च को जिला मुख्यालय स्थित इंट्रीगेटेड इलेक्शन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। महासंघ के जिलाध्यक्ष त्रिलोक सिंह नेगी और सचिव पुष्कर सिंह नयाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि अधिवेशन के दौरान चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा होगी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अधिवेशन में भाग लेने वाले सभी विभागों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय अवकाश भी स्वीकृत किया है, ताकि वे निर्बाध रूप से कार्यक्रम में शामिल हो सकें।

### गढ़वाल विवि के तीनों परिसरों में सुना गया पीएम मोदी का सम्बोधन

श्रीनगर। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ओर से बजट के बाद रोजगार पर वेब गोष्ठी के सम्बोधन को सुना गया। इस मौके पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओमप्रकाश सिंह गुंसाई ने बताया कि तीनों परिसर के शिक्षक, कर्मचारी, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्बोधन को सुना। प्रो. गुसांई ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में कई योजनाओं पर चर्चा की गई। जिसका अकादमिक क्षेत्रों में निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी प्रतिभा को बढ़ावा देने, कौशल विकास और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अधिक निवेश करने की आवश्यकता पर बल दिया है। इस अवसर पर टिहरी परिसर निदेशक प्रो. एए बौड़ाई, प्रो. एनके अग्रवाल, मुख्य नियंता प्रो. सतीश चंद्र सती, प्रो. दीपक सिंह, प्रो. प्रशान्त कण्डारी, डॉ. हिरनमाय रॉय, डॉ. कपिल पंवार, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. नितेश बौंठियाल, डॉ. हनुमन्त वागमरे, डॉ. रूकमणी, डॉ. अनुराही, डॉ. चन्द्रशेखर जोशी, डॉ. विनेश भाटिया आदि मौजूद रहे।

### होली खेलो मेरे सांवरो गीत पर जमकर झूमे होल्यारे

**श्रीनगर।** पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीनगर कृष्णानन्द मैठाणी के आवास श्रीनगर में बैठकी होली का आयोजन किया गया। गणेश वंदना से शुरू हुई बैठकी होली में एक से बढ़कर एक पारंपरिक होली गीत गाकर मंत्रमुग्ध किया। वरिष्ठ रंगकर्मी बिमल प्रसाद बहुगुणा, मदनलाल डंगवाल कथावाचक प्रकाश चमोली, डा. शुभाष पाण्डे, हेमंत उनियाल, नरेश नौटियाल, ओम प्रकाश गोदियाल, हीरा सिंह जैन एवं गढ़वाल विवि के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. उमा मैठाणी ने होली खेलो रे मेरो सांवरिया गीत में जमकर झूमे होल्यारे। इसके बाद एक होल्यारों ने एक से बढ़कर एक गीत गाकर मंत्रमुग्ध किया।

शाह टाइम्स



# विकसित भारत-विकसित उत्तराखण्ड मेगा प्रदर्शनी विकास की तस्वीर : जोशी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को रूड़की के नेहरू स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय विकसित भारत-विकसित उत्तराखण्ड मेगा प्रदर्शनी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने भी प्रतिभाग कर आयोजन की सराहना करते हुए इसे उत्तराखंड के विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने



कहा कि यह प्रदर्शनी नए और आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर प्रस्तुत कर रही है। जोशी ने इस आयोजन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी हमें भारत की आधुनिक तकनीकों, नवाचारों और विकास योजनाओं से रूबरू कराती है। उन्होंने कहा कि यह उत्तराखंड की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को भी दर्शाती है। जोशी ने राज्यसभा सांसद नरेश बंसल के प्रयासों की सराहना

- रूड़की में आयोजित तीन दिवसीय विकसित भारत-विकसित उत्तराखण्ड मेगा प्रदर्शनी कार्यक्रम में पहुंचे कृषि मंत्री

करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से आम जनता को विकसित हो रहे भारत और उत्तराखंड की उपलब्धियों से रूबरू होने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि इन स्टॉल्स में भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति को दशार्या गया है। खासतौर पर इसरो का स्पेस टेक्नोलॉजी स्टॉल और डीआरडीओ का रक्षा अनुसंधान स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने रहे। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार के विभिन्न विभागों ने भी अपने स्टॉल लगाए, जिनमें प्रदेश में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं, नवाचारों और विकास परियोजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा, जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, ललित मोहन अग्रवाल, सिद्धार्थ बंसल, श्रीकांत शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 'उत्तराखंडः मेरी कर्मभूमि' का शुभारंभ

## रणभूमि डिफेंस ट्रेनिंग एकेडमी और यूथ रॉक्स फाउंडेशन

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** रणभूमि डिफेंस ट्रेनिंग एकेडमी ने यूथ रॉक्स फाउंडेशन के सहयोग से 'उत्तराखंडः मेरी कर्मभूमि' कैंपेन का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम रणभूमि डिफेंस ट्रेनिंग एकेडमी सुद्धोवाला देहरादून में लॉन्च किया गया। 'उत्तराखंडः मेरी कर्मभूमि' कैंपेन के लॉन्च कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए रणभूमि डिफेंस ट्रेनिंग एकेडमी के संस्थापक कर्नल (सेड्निड्ड)प्रनीत डंगवाल (सेवा मेडल) ने कहा कि हमारा लक्ष्य उत्तराखंड के दूर दराज एवं सुदूर



पर्वतीय क्षेत्रों के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ना है एवं उन्हें देश के लिए एक काबिल ऑफिसर के रूप में तैयार करना है। उन्होंने बताया कि 'उत्तराखंडः मेरी कर्मभूमि' कैंपेन के अंतर्गत हम प्रदेश के सभी जिलों के युवाओं को एक सूत्र में जोड़कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर की डिफेंस ट्रेनिंग देंगे।

उनके पास बहुत ही अच्छे टीचर्स और ट्रेनर्स हैं, मुख्य रूप से कमांडर (सेड्निड्ड) योगराज सिंह नेगी हैं जो पर्सनेलिटी डेवलपमेंट के विशेषज्ञ हैं। इस कैंपेन में रक्षा क्षेत्र में रुचि रखने वाले योग्य युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा और प्रत्येक जिले में उनके लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय मुफ्त बूटकैंप आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में यूथ रॉक फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. दिव्या नेगी ने कहा कि फाउंडेशन युवाओं को उनके करियर और जीवन के बारे में सही निर्णय लेने में मदद करने के लिए काम करता आया है।

# अन्यायपूर्ण कार्यवाही से मुस्लिम समाज में रोष



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** रमजान के महीने में मदरसों और मस्जिदों को सील करने की कार्यवाही के खिलाफ मुस्लिम समाज, मुस्लिम सेवा संगठन व तंजीम रहनुमाए मिल्लत ने एमडीडीए का घेराव किया। प्रशासन की दमनकारी

- मुस्लिम सेवा संगठन ने एमडीडीए का किया घेराव मदरसों-मस्जिदों को सील करने की कार्यवाही को बताया द्वेषपूर्ण

कार्यवाही सिर्फ मदरसों तक ही सीमित नहीं रही इससे आगे बढ़कर ढकरानी स्थित मस्जिद को एमडीडीए ने सील कर बंद करने की कार्यवाही की है। इस अन्यायपूर्ण कार्यवाही से मुस्लिम समाज में रोष है। इस कार्यवाही के विरोध में मुस्लिम सेवा संगठन ने एमडीडीए कार्यालय पहुंच कर अपना विरोध जताया। मुस्लिम सेवा संगठन ने अध्यक्ष नईम कुरैशी ने कहा कि जिस प्रकार देहरादून प्रशासन एक धर्म के लोगों के विरुद्ध कार्यवाही कर रहा है उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अपने संबोधन में मुस्लिम सेवा संगठन के उपाध्यक्ष आकिब कुरैशी ने कहा कि किसी भी पर्व आने पर पुलिस तथा जिला प्रशासन लोगो के साथ सद्भाव का व्यवहार करता है, मगर रमजान के पवित्र माह में मदरसों और मस्जिदों को सील करने की कार्यवाही अन्यायपूर्व ही नहीं द्वेषपूर्ण भी है। एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया से वार्ता हुई। उन्होंने संगठन की मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। एमडीडीए वीसी से शुक्रवार को वार्ता का समय दिया गया।

इस अवसर पर संगठन महासचिव सद्दाम कुरैशी, तंजीम रहनुमाए मिल्लत के अध्यक्ष लताफत हुसैन, बार काउंसिल उत्तराखंड की पूर्व अध्यक्ष रजिया बैग, मुस्लिम सेवा संगठन पछवादून अध्यक्ष अय्यूब हसन, मुस्लिम सेवा संगठन के कोषध्यक्ष मुदास्सीर कुरैशी, मीडिया प्रभारी रमीज राजा, कमर खान, संस्थापक सदस्य नाजिम जैदी, अकरम खान, पूर्व मेयर प्रत्याशी सरदार खान, राशिद कुरैशी, कारी अकरम, सलीम शाह, खुर्शीद अहमद, नाजिम खान व तनवीर आदि मौजूद रहे।


# चौबट्टाखाल में विकास कार्य पूरी तरह ठप्प : कांग्रेस

शाह टाइम्स संवाददाता

**सतपुली।** पौड़ी जिले के चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री होने के बावजूद पूरा क्षेत्र विकास की रोशनी से वंचित है

- पाटीसैंण बग्याली एकेश्वर मोटर मार्ग दो दशकों बाद भी कच्चा

और हाल इतना बुरा है कि वर्ष 2004 से 2007 के बीच शुरू करवाए गए अनेक कार्य आज भी जस के तस पड़े हुए हैं यह बात बुधवार को अपने पैतृक गांव बग्याली के दो दिवसीय दौरे से लौटते हुए नगर पंचायत क्षेत्र सतपुली में पार्टी कार्यकताओं से



मुलाकात के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कही। नगर पंचायत सतपुली के नव निर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र चौहान ने धस्माना का स्वागत करते हुए उनको नगर पंचायत से संबंधित सफाई, नायर नदी पर निमार्णाधीन झील कार्यों में सुस्ती आदि समस्याओं से अवगत करवाया। धस्माना ने चौहान को आश्वस्त किया कि वे अपने स्तर पर मुख्यमंत्री व नगर विकास के आला अधिकारियों से मिल कर समस्याओं का समाधान करवाने में सहयोग करेंगे। धस्माना ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2004 से 2007 के बीच तत्कालीन मुख्यमंत्री एनडी तिवारी व तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री इंद्रा हृदयेश से आग्रह व प्रयास करवाकर क्षेत्र में अनेक सड़कें व विकास कार्य स्वीकृत करवाए थे जिनमें से एक पाटीसैन से डोभाल नाव बग्याली होते हुए एकेश्वर तक का मोटर मार्ग था जो कि आज दो दशक बाद भी डामरीकरण नहीं हो पाया।

गांववासियों ने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में पूरे क्षेत्र के लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया तो क्षेत्र के विधायक व कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने आश्वाशन दिया था कि सड़क का डामरीकरण हो जाएगा, मगर आज तक उस पर कार्य नहीं हुआ। इस अवसर पर पूर्व प्रधान जगदम्बा प्रसाद डंगवाल, कुल्हाड़ के पूर्व प्रधान देव किशोर सिंह नेगी, संजय कुकरेती व उषा उनियाल आदि उपस्थित रहे।

# 111 नई शाखाओं के साथ बैंक ऑफ इंडिया का राष्ट्रव्यापी विस्तार

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने देश भर में 111 नई शाखाओं का उद्घाटन करके अपने पदचिह्न का विस्तार करने के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। वर्चुअल उद्घाटन प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश कर्नाटक ने किया।

नई उद्घाटन की गई शाखाएं कई शहरों में फैली हुई हैं, जो बैंक ऑफ इंडिया की राष्ट्रव्यापी उपस्थिति को और मजबूती प्रदान करती है। हैदराबाद एफजीएमओ (फील्ड महाप्रबंधक कार्यालय) ने 17 नई शाखाओं के साथ सबसे अधिक वृद्धि की है। चेन्नई एफजीएमओ ने चौदह नई शाखाओं के साथ महत्वपूर्ण वृद्धि की है। पुणे एफजीएमओ ने तेरह के साथ विस्तार किया है और नई दिल्ली एफजीएमओ ने बारह नई शाखाएं शुरू की हैं।

# डीबीएस में 109 छात्र-छात्राओं ने किया रक्तदान

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** डीबीएस (पीजी) कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड रिबन क्लब की और से एक दिवसीय रक्तदान शिविर व विशेष अवार्ड सेरेमनी का आयोजन महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 109 छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर विशेष अवॉर्ड सेरेमनी के तहत रक्तदाता शिरोमणि अनिल वर्मा यूथ रेडक्रास कमेटी देहरादून को रिकॉर्ड 155 बार रक्तदान करने पर 'डीबीएस कॉलेज सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन अवॉर्ड-2025' से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. एएस उनियाल संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अनिल पाल प्राचार्य डीबीएस कालेज, नगर निगम पार्षद योगेश घाघट, एनएसएस अधिकारियों डॉ. बिद्युत बोस, डॉ. आराधना शर्मा व डॉ. शैली, रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. सोनू द्विवेदी, राजकीय दून मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. अंजुम निशान, एनएसएस कमांडर अभय चौहान, पूर्व कमांडर हर्षल दीप सिंह व दीपांशु कोठारी ने अनिल वर्मा को डीबीएस कालेज कालेज

- 155 बार रक्तदानी अनिल वर्मा को सर्टिफिकेट ऑफ एप्रीसिएशन अवॉर्ड-2025 से किया सम्मानित

सर्टिफिकेट ऑफ एप्रीसिएशन अवॉर्ड-2025, शील्ड ऑफ अवॉर्ड, पुष्प गुच्छ आदि भेंट किए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. उनियाल ने कहा कि रक्तदान जीवनदान का ही पर्याय है। प्रत्येक 18-65 वर्ष का स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। रक्तदाता शिरोमणि अनिल वर्मा ने बताया कि नियमित रूप से हर तीन महीने में रक्तदान करते रहने से 90 प्रतिशत हार्ट अटैक पड़ने तथा 85 प्रतिशत कैंसर होने की संभावना नहीं रहती। इस मौके पर डॉ. सोनू द्विवेदी, डॉ. अटल बिहारी बाजपेई, डॉ. पारितोष सिंह, डॉ. जेपी गुप्ता, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. कमल बिष्ट, डॉ.दीपक भट्ट, डॉ. आराधना शर्मा, डॉ. शैली, डॉ. राधेश्याम, डॉ. अजय श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा वर्मा, डॉ. अंशिका चंद्रा, डॉ. संजय राणा, डॉ. विपिन चनालिया, डॉ. देवदत्त, डॉ. अमित चौहान, डॉ. विदेश द्विवेदी, डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, अनिता सकलानी, सीनियर टैक्नीशियन जितेंद्र, एनएसएस के सीनियर लीडर्स हर्षल दीप सिंह, शरद कुमार, प्रदीप सिंह, अमन रतूड़ी, संजना सिंह, आएशा राणा, दीपिका कोठारी, कनिका, भारती सिंह, कु. साक्षी ने विशेष योगदान किया।

## एक नजर

# वाहन चोरी की घटना का दून पुलिस ने किया खुलासा, एक गिरफ्तार

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** विकास दिवस जागृति विहार रिंग रोड रतनपुर से घर के बाहर खड़ी एक स्कूटी पर वाहन चोरों द्वारा हाथ साफ कर दिए जाने के बाद स्कूटी स्वामी द्वारा नेहरू कॉलोनी पुलिस को मामले की जानकारी दी गई ' जाहनवी भट्ट पुत्री अजय निवासी जागृति विहार, रिंग रोड नत्थनपुर, जोगीवाला, की तहरीर पर स्थानीय पुलिस धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया। क्षेत्राधिकार नेहरू कॉलोनी ने बताया कि वाहन चोरी की घटना का खुलासा करने के एसएसपी अजय सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों पर गठित टीम द्वारा घटना स्थल के आस-पास आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों का अवलोकन करते हुए संदिग्धों के सम्बन्ध में जानकारी एकत्रित की गयी। पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे प्रयासों से 5 फरवरी को अभियुक्त मोहम्मद नौशाद पुत्र मोहम्मद यामीन निवासी ग्राम दादीपुर चौकी गैस प्लांट बहादराबाद थाना रानीपुर जनपद हरिद्वार उम्र 45 वर्ष को चोरी की स्कूटी सं0ः यू0के0-07-बीजे- 4962 के साथ ट्यूलिप फॉर्म के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के हत्या चढ़े वाहन चोर से जब शक्ति से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह नशे का आदी है तथा पूर्व में भी हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी व अन्य अभियोगों में जेल जा चुका है।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दो शातिर नकबजन गिरफ्तार

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** पटेल नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक बंद पड़े मकान में कल तोड़कर लाखों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो साथी चोरों को पटेल नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी गई लाखों रुपए की ज्वेलरी अन्य सामान बरामद किया पकड़े दोनों कर काफी शातिर अपराधी है और कहीं चोरी की वाताओं को अंजाम दे चुके है। विगत 26 फरवरी को नमनदीप पुत्र दीपा जग्गा निवासी विद्या विहार फेस-2, कारगी रोड, जनपद देहरादून द्वारा कोतवाली पटेलनगर पर एक लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि 25 फरवरी को दोपहर के समय वह सपरिवार अपने निजी कार्य से हरिद्वार गये थे, जब घर वापस आये तो देखा कि घर के ताले टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा पडा था, किसी अज्ञात चोर द्वारा घर से सोने , चाँदी की ज्वैलरी चोरी कर ली थी। प्रार्थना पत्र पर तत्काल थाना पटेलनगर पर धारा 305 ए भा0न्या0सं0 पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता के दृष्टिगत उसके अनावरण तथा अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु एसएसपी देहरादून द्वारा दिये गए निर्देशों पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पटेलनगर द्वारा थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना स्थल व उसके आस-पास आने जाने वाले मार्गो पर लगे सीसीटीवी कैमरो को चैक किया गया, साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए घटना में शामिल अभियुक्तो के संबंध में जानकारी एकत्रित की गई। पुलिस द्वारा लगातार किये जा रहे प्रयासों के दौरान विगत दिवस 4 मार्च को पुलिस टीम को जानकारी मिली कि बंद मकान में चोरी करने की वारदात को अंजाम देने वाले दोनों साथी कर एक बार फिर पटेल नगर कोतवाली क्षेत्र में किसी अन्य मकान में वारदात को अंजाम देने के लिए आए हुए हैं' सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ओम सिटी को जाने वाले रास्तेसूचना पर पुलिस टीम द्वारा ओम सिटी को जाने वाले रास्ते पर चेकिंग अभियान चलाते हुए 02 संधिक्त व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ में उनके द्वारा अपना नाम सलीम पुत्र तस्लीम अहमद निवासी लोहियानगर, थाना लोहियानगर, जनपद मेरठ, उत्तर प्रदेश तथा पवन पुत्र नानक निवासी कासमपुर खेडी थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ उत्तर प्रदेश बताया। अभियुक्तो की तलाशी में उनके पास से ज्वैलरी व अन्य सामान बरामद हुआ, जिसके संबंध में सख्ती से पूछताछ करने पर अभियुक्तो द्वारा उक्त ज्वैलरी को विद्या विहार, पटेलनगर मे एक बंद घर से चोरी करना बताया गया। दोनो अभियुक्तो को गिरफ्तारी का कारण बताकर मौके से गिरफ्तार किया गया।

# विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में आई कमी

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** सडक सुरक्षा और यातायात सुधार की दिशा में एसएसपी देहरादून द्वारा किये जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं। विगत वर्ष के शुरूआती 02 माह की तुलना में इस वर्ष के शुरूआती 02 माह में पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने अपने कार्यालय में जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्ष के शुरूआती 02 माह में पुलिस द्वारा डेंजरस-रैश-स्टंट ड्राइविंग-ओवर स्पीडिंग और गलत दिशा में वाहन चलाने वाले 811 वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई और 272 वाहनों को सीज किया गया था। जबकि इस वर्ष के 2 माह में 2430 वाहन चालकों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही अमल में लाई गयी है तथा 1014 वाहनों को सीज किया गया। वरिष्ठ परिषद अजय सिंह ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले 182 वाहन चालकों को पुलिस द्वारा विगत वर्ष में गिरफ्तार कर सम्बन्धित वाहनों को सीज किया गया था, जबकि चालू वर्ष में 2 माह में 852 वाहन चालकों को गिरफ्तार कर सम्बन्धित वाहनों को सीज किया गया है।

# वसंतोत्सव-2025 महोत्सव के प्रचार-प्रसार वाहनों को राज्यपाल ने किया रवाना

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** राजभवन, देहरादून में 07 से 09 मार्च तक तीन दिवसीय वसंतोत्सव-2025 का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को विशेष प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फूलों से सुसज्जित ये वाहन पूरे देहरादून शहर में भ्रमण कर महोत्सव की जानकारी देंगे। पहला वाहन देहरादून से सेलाकुई और दूसरा वाहन देहरादून से डोईवाला तक प्रचार करेगा। राज्यपाल ने नागरिकों से इस महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया, ताकि वे पुष्प-प्रदर्शनी, विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठा सकें। इस अवसर पर बागवानी निदेशक महेंद्र पाल, संयुक्त निदेशक उद्यान विभाग डॉ. रतन कुमार, उद्यान अधिकारी दीपक पुरोहित सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रोपवे की सौगात पर राज्यसभा सांसद डॉ. बंसल ने जताया पीएम मोदी का आभार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा. नरेश बंसल ने प्रधानसेवक नरेंद्र

- कहा - प्रधानमंत्री मोदी के दिल में बसा है उत्तराखंड, खुद करते हैं इसके विकास की चिंता

भाई मोदी के नेतृत्व मे केंद्रीय मंत्रिमंडल के श्री केदारनाथ धाम और श्री हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे परियोजनाओं को मंजूरी देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। डॉ. बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दिल मे देवभूमि



उत्तराखंड बसा है और इसके विकास की वह स्वयं चिंता करते है ।डा बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने उत्तराखंड दौरे से पूर्व एक बार पुनः उत्तराखंड को सौगात दी है, यह हर्ष का विषय है। डा. नरेश बंसल ने आगामी 6 मार्च को शीतकालीन पर्यटन व तीर्थाटन को बढ़ावा देने आए रहे पीएम मोदी को साधुवाद दिया है व देवभूमि आगमन पर उनका हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया है। कहा कि मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन मे उत्तराखंड देश का अग्रणी राज्य बनने की और अग्रसर है ।शीतकालीन यात्रा जहां तीर्थाटन बढ़ाएगी वही इससे राज्य को आर्थिक लाभ भी होगा ।डा. नरेश बंसल ने कहा की यह राज्य के विकास के लिए वरदान साबित होगा। डा. नरेश बंसल ने कहा कि रोपवे परियोजना केदारनाथ आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आवश्यक सुविधा प्रदान करेगी और यात्रा को तेज कनेक्टिविटी देगी। इससे समय की काफी बचत होगी। इससे राज्य की आर्थिकी को बढ़ावा मिलेगा।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया

**कोटद्वार (शाह टाइम्स)।** पोषण भी पढ़ाई भी के अंतर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल में बाल विकास परियोजना दुगड्डा ब्लॉक के कोटद्वार क्षेत्र में अजीम प्रेम जी फाउंडेशन कार्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें बाल बिकास परियोजना दुग्गडा एवं जाहरीखाल की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण प्रदान की गया ।जिसमे उन्हें आंगनबाड़ी में 3 से 6 वर्ष के बच्चों में पोषण के बारे में बताया गया ।उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करना तथा इसी क्रम में गर्वस्था से लेकर 2वर्ष तक बच्चों की देखभाल, कुपोषण एवं पोषण ट्रैकर के साथ साथ दिव्यांगता के प्रकार एवं दिव्यांग बच्चों की देखभाल पर जानकारी प्रदान की गयी ।

# जंतु विज्ञान परिषद के तत्वाधान में मॉडल व वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**कोटद्वार(शाह टाइम्स)।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में जंतु विज्ञान परिषद के तत्वाधान में मॉडल एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।वाद-विवाद प्रतियोगिता का शीर्षक एनिमल टेस्टिंग के लिए जरूरी है या नहीं। वाद-विवाद प्रतियोगिता में इप्शा जोशी प्रथम स्थान, देवाशीष द्वितीया एवं सोफिया ने तृतीया स्थान प्राप्त किया ।चार्ट प्रतियोगिता का शीर्षक पर्यावरण के अनुकूल प्रथा और ऊर्जा अपशिष्ट प्रबंधन चार्ट प्रतियोगिता में देवाशीष प्रथम स्थान, सुप्रिया द्वितीय, रोहित कुमार तृतीय स्थान एवं एंजेला को सांत्वना पुरस्कार दिया गया वहीं मॉडल प्रतियोगिता में इप्शा जोशी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ ।इस अवसर पर जंतु विज्ञान के प्राध्यापक डॉ आदेश कुमार, डॉ सुनीता नेगी एवं डॉ संजय मदन ने संवाद के साथ निर्णायक के रूप में योगदान दिया।

# सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में सुनी समस्याएं

**सतपुली (शाह टाइम्स)।** प्रदेश सरकार की जनसमस्याओं के समाधान हेतु पहल सरकार जनता के द्वार का आयोजन उप निदेशक मत्स्य विभाग के दिशा निर्देश में जयहरीखाल ब्लॉक के ग्रामसभा गवांणा में किया गया। जिसमें विकासखंड के कई महत्वपूर्ण विभागों ने ग्रामीणों को अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी दी और इन योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए। ग्रामसभा में पेयजल योजनाओं की मरम्मत, सोलर लाइट लगाने, मनरेगा के तहत गोबर गैस प्लांट, खेती की सुरक्षा हेतु तारबाड़, पैदल रास्ते ठीक करवाने आदि कार्यों को करने हेतु निर्देशित किया गया।

# वसंतोत्सव-2025 महोत्सव के प्रचार-प्रसार वाहनों को राज्यपाल ने किया रवाना



**देहरादून (शाह टाइम्स)।** राजभवन, देहरादून में 07 से 09 मार्च तक तीन दिवसीय वसंतोत्सव-2025 का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को विशेष प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फूलों से सुसज्जित ये वाहन पूरे देहरादून शहर में भ्रमण कर महोत्सव की जानकारी देंगे। पहला वाहन देहरादून से सेलाकुई और दूसरा वाहन देहरादून से डोईवाला तक प्रचार करेगा। राज्यपाल ने नागरिकों से इस महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया, ताकि वे पुष्प-प्रदर्शनी, विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठा सकें। इस अवसर पर बागवानी निदेशक महेंद्र पाल, संयुक्त निदेशक उद्यान विभाग डॉ. रतन कुमार, उद्यान अधिकारी दीपक पुरोहित सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं के आर्थिक विकास के बिना समग्र विकास अधूरा : स्पीकर

शाह टाइम्स ब्यूरो

## नाबार्ड द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**देहरादून।** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कहा कि उनके परिवार में पूर्व में महिलाओं का प्रभुत्व रहा है जिसके कारण उन्हें भी प्रेरणा मिली और उनकी वर्तमान उपलब्धियों में उनके परिवार की महिलाओं से मिले समर्थन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), उत्तराखण्ड क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा बुधवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऋतु खण्डूडी भूषण, अध्यक्ष, उत्तराखंड विधानसभा उपस्थित रहीं। स्पीकर ने कहा कि उनके पद ग्रहण करने के पश्चात उनके विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति में काफी सुधार हुआ है एवं महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की संख्या बड़ी है, एवं उत्तराखण्ड में भी समय के साथ महिलाओं का विकास हो रहा है। ऋतु खण्डूडी ने बताया कि महिलाओं का आर्थिक विकास सुनिश्चित किए बिना उनका समग्र विकास नहीं हो सकता एवं इस क्षेत्र में नाबार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी नाबार्ड को महिलाओं के हित में निरंतर प्रयासरत रहने एवं विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं का सम्पूर्ण विकास सुनिश्चित करने में प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में विभिन्न उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाली एवं दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरने वाली महिलाओं को सम्मानित किया । उन्होंने नाबार्ड द्वारा वित्तपोषित महिला स्वयं सहायता समूहों एवं उत्पादक संगठनों के उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। उन्होंने महिलाओं के साथ वातालाप कर उत्पादों की जानकारी ली और महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।

# सिख व्यापारी के साथ बेअदबी मामले को लेकर सिख समाज ने दिया सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर धरना

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिक्ख समाज ने ऋषिकेश में सिक्ख व्यापारी के साथ हुई बेअदबी मामले में सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) और पंचपुरी के समस्त गुरुद्वारों ने समर्थन दिया। श्री गुरु नानक देव जी धर्म प्रचार समिति के तत्वावधान में दिए गए धरने के दौरान संरक्षक बाबा पंडत ने कहा कि ऋषिकेश में एक पार्षद द्वारा सिक्ख व्यापारी के साथ मारपीट और पगड़ी के साथ बेअदबी की गई। जिसके कारण समाज में भारी रोष है। पीड़ितों को न्याय दिलाकर दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। अध्यक्ष सूबा सिंह ढिल्लो, सचिव अनूप सिंह सिद्धू ने कहा कि किसी भी सिक्ख का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों को पुलिस बचा रही है और पीड़ित के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो भी सिक्ख व्यक्ति की पगड़ी



के साथ बेअदबी करे उस पर मुकदमा दर्ज होना चाहिए। भाकियू जिलाध्यक्ष विजय शास्त्री ने कहा कि पगड़ी सम्मान का प्रतीक होती है उसकी बेअदबी का अधिकार किसी को नहीं है। सर्व समाज में रोष है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इस अवसर पर सत्यपाल सिंह चौहान, सुखदेव सिंह, हरभजन सिंह बाजवा, उज्जल सिंह सेठी, करमजीत सिंह, लाहौरी सिंह, मंजीत सिंह, कुलवंत सिंह, हरप्रीत सिंह, साहिब सिंह, अमरप्रीत सिंह, रविंद्र सिंह, परमिंदर सिंह गिल, जसकरण सिंह, जजपाल सिंह, जोगेंद्र सिंह, पवनदीप सिंह, तनुप्रीत सिंह, आत्मा सिंह, प्रवीण कुमार, नवजोत सिंह, कमलदीप सिंह, सुरेंद्र सिंह, जीत सिंह आदि शामिल रहे।

## शीश तोड़ कार में रखे लेपटॉप व नकदी चुराई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** घर के बाहर खडी कार का शीशा तोड़कर चोरों ने उसपर हाथ साफ कर लिया। कार में रखे लेपटॉप व ढाई लाख रुपए भी लें उड़े। इसके साथ ही पीएसी पेट्रोल पंप के पास खड़ी एक स्कूटी भी चोरो ने चोरी कर ली। मामले में कार व स्कूटी मालिक की शिकायत पर रानीपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू कर दी है। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के टीएचडीसी कॉलोनी निवासी अवध गुप्ता पुत्र काशीनाथ शाह ने शिकायत करते हुए बताया कि बीते मंगलवार की देर रात्रि को उनके घर के सामने उसकी सफेद ब्रेजा कार खड़ी हुई थी। चोरो द्वारा कार का शीशा तोड़कर कार से ढाई लाख, लेपटॉप व पासपोर्ट सहित अन्य डॉक्यूमेंट भी गाड़ी में ही छूट गए थे। कार के साथ चोर ढाई लाख रूपए और लेपटॉप भी लें गए। साथ ही जितेन्द्र सिंह पुत्र लोकेन्द्र सिंह निवासी सुभाषनगर कोतवाली ज्वालापुर ने शिकायत कर बताया कि सुभाष नगर पीएसी पेट्रोल पंप के पास उसका गोदाम है। बीते सोमवार की देर रात्रि को उसने अपने गोदाम के बाहर अपनी स्कूटी हीरो डेस्टिनी खड़ी की थी। जब वह थोड़ी देर बार स्कूटी उठाने आया तो स्कूटी चोरो द्वारा चोरी कर ली गई।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने बस स्टैंड से हरकी पैड़ी तक अभियान चलाकर दुकानों से लिए सैंपल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** होली का त्यौहार नजदीक आने के साथ ही खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावट खोरों पर नकेल कसने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने नगर निगम की टीम के साथ बस स्टैंड से हरकी पैड़ी तक अभियान चलाया। अभियान के दौरान होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानों ओर खाने पीने का सामान बेचने वाली दुकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अनियमितताएं पाए जाने पर कई दुकानों के चालान काटे गए और कई दुकानों से सैम्पलिंग के साथ फूड लाइसेंस की जांच भी की गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी महिमानंद जोशी ने बताया कि टीम के साथ अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम की टीम के साथ मिठाई की दुकानों, रेस्टोरेंट, ढाबे



और डेरियो की जांच की जा रही है। मिलावट की आशंका होने पर सैंपलिंग भी की जा रही है। विशेष हाइजीनिक कंडीशन के लिए हमारी टीम काम कर रही है। फूड लाईसेंस की भी जांच की जा रही है और जिनके पास लाइसेंस नहीं है। उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की जा रही हैं। मौके पर जांच के लिए फूड सेफ्टी ऑन व्हील की वैन भी लाई गयी है। जो मौके पर ही जांच करेंगी। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड पर भी निरीक्षण किया है कि बाहर से कोई ऐसी चीज तो नहीं आ रही है जिसमें मिलावटी सामान हो।

## पार्टनरशिप के नाम पर दो लाख हड़पे, फाइनेंस का काम करने वाली महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने लाल मंदिर निवासी महिला से रेस्टुरेंट में पार्टनरशिप के नाम पर दो लाख रूपए हड़पने के मामला मे कोर्ट के आदेश पर फाइनेंस का काम करने वाली महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया है। आरोपी महिला पर एक युवक के साथ घर में घुस कर तोड़फोड़ करने व जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। ज्वालापुर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ज्वालापुर के शिव विहार कॉलोनी लाला मंदिर निवासी तबस्सुम जहां पत्नी अनीस ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह लीला गुप्ता अस्पताल में कार्य करती है। अस्पताल में उसकी मुलाकात प्राची पुत्री महेन्द्र निवासी मौहल्ला कडच्छ ज्वालापुर से हुई। प्राची ने अपनी सगी बहन साक्षी से उसे मिलवाया और होटल-रेस्टुरेंट में उसके साथ पार्टनरशिप करने पर अधिक आमदनी का लालच दिया। जिसके बाद साक्षी ने उसको शंकर आश्रम के पास मौजूद होटल अन्नपूर्णा होटल को पार्टनरशिप में पांच लाख रूपए प्रतिवर्ष पर ठेके पर लेने की बात कही। जिसपर पार्टनरशिप का विश्वास दिलाते हुए साक्षी ने 07 जनवरी 2023 को उसके घर आकर दो लाख रूपए उस से लें लिए। पैसे लेते हुए की वीडियो प्रार्थीया की पुत्री ने अपने फोन में बना ली। आरोप है कि पैसे लेने के बाद साक्षी होटल के संबंध में पूछने पर टाल-मटोल करती रही। जिसके बाद उसको साक्षी पर शक हुआ तो उसने अपनी रकम वापस मांगी। जिस पर साक्षी ने एक सप्ताह में पैसे वापस करने का वादा किया। जिसके बाद महिला ज्वालापुर के शास्त्री नगर स्थित उसके ऑफिस साईं फाइनेंस पर गई तो वह बहाने करती रही और पैसे नही लौटाए। जिसके बाद महिला ने आरोपी की बहन से पैसों के संबंध में बात की तो वह उससे बदतमीजी करते हुए पैसे वापस न करने से इंकार करने लगी। जब महिला ने पुलिस को शिकायत करने की बात कही तो अप्रैल 2024 को आरोपी महिला एक युवक के साथ उसके घर में घुस आई और तोड़फोड़ व गाली-गलौच कर पैसे दुबारा वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने लगी। वहीं ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर दोनों बहनो सहित अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# तीन महिलाओं सहित 8 वारंटी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शहर कोतवाली पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए तीन महिलाओं सहित आठ वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस व एनआई एक्ट के मामलों में न्यायालय से फरार चल रहे थे। पुलिस ने सभी को कोर्ट में पेश कर दिया है। शहर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल के निर्देश पर फरार, इनामी अपराधियों व वारंटियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया हुआ है। जिसके लिए कोतवाली स्तर पर अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। इसी क्रम में चौकी प्रभारी सप्तऋषि आशीष नेगी, चौकी प्रभारी खड़खडी संजीत कण्डारी, उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह पुजारा व महिला उप निरीक्षक निशा सिंह के साथ पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग मामलों में दबिश देते हुए तीन महिलाओं सहित आठ वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम विक्रान्त बाधवा पुत्र तेज बहादुर बाधवा निवासी ए-4 सत्यम बिहार भूपतवाला, दयाराम पुत्र अजय निवासी पालिका मार्केट के पीछे वैष्णो माता मंदिर, विक्रम गिरी पुत्र पवन गिरी निवासी गंगा गिरी की हवेली हर की पैडी, अरुण कुमार पुत्र धर्म सिंह निवासी मायापुर फायर सर्विस स्टेशन, सतीश वर्मा पुत्र स्व. राम भरोसे लाल निवासी सतीश बैगल स्टोर पन्तद्वीप पार्किंग रोडीवेलवाला, बेबी पत्नी जोनी निवासी झुग्गी झोपडी केएन फिलिगं स्टेशन, दूधाधारी, भगवती पत्नी स्व. मनोहर निवासी झलकारी बस्ती विल्केश्वर, माया पत्नी मुकेश प्रसाद निवासी दीन दयाल उपाध्याय पार्किंग में झुग्गी झोपडी रोडीवेलवाला हरिद्वार बताया। आरोपी आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस व एनआई एक्ट के मामलों में न्यायालय से फरार चल रहे थे। पुलिस ने सभी को कोर्ट में पेश कर दिया है।

## गांव के अलग-अलग समुदाय के युवक-युवती लापता

**पथरी।** क्षेत्र के एक गांव से एक युवती को गांव का ही रहने वाला युवक प्रेम प्रंसग के चलते अपने साथ लेकर भाग निकला है। मामले में युवती के परिजनों ने तहरीर देकर अपहरण का आरोप लगाया है। मामला अलग अलग समुदाय का होने के कारण गांव में तनाव पूर्ण स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कई लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार पथरी थाना क्षेत्र के एक ही गांव की रहने वाले एक प्रेमी जोड़े ने पुलिस की टेंशन बढ़ा दी है। युवक ओर युवती प्रेम प्रसंग के चलते घर से भाग निकले है। मामला अलग अलग समुदाय से जुड़ा होने के कारण गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। युवती के परिजनों ने मामले में युवक स्थित अन्य चार लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है जिसमे आरोप लगाया है कि युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवती का अपहरण किया है। आरोप है कि यह लोग युवती को नुकसान पहुचा सकते है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वही, शांति व्यवस्था के लिये गांव में पुलिस फोर्स के साथ कई लोगों को हिरासत में लिया है। सूत्रों की माने तो युवती को भगाने वाला प्रधान का भतीजा बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस दोनों की तलाश में जुटी है। उधर मामले में बजरंग दल कार्येकर्ताओ ने जल्द युवती को बरमाद करने की मांग उठाई है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया तहरीर आई है मामले की जांच की जा रही है।

## शराब तस्कर दबोचा, आरोपी के कब्जे से देशी शरब के 52 पाउच बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके कब्जे से 52 पाउच देशी शराब बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया है।

ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल के निर्देश पर शराब तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। इसी क्रम में गश्त के दौरान का. अमित गौड़ व का. राजेश बिष्ट ने मुखबिर की सूचना पर शराब की तस्करी करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस को पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजकुमार पुत्र स्व. धन सिंह निवासी जगजीतपुर थाना कनखल बताया। आरोपी के कब्जे से 52 पाउच देशी शराब बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है।

## पांच हजार के इनामी को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शिवालिक नगर स्थित बेकरी शॉप में चोरी की घटना को अंजाम देकर महीनों से फरार चल रहे पांच हजार के इनामी को रानीपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के अन्य दो साथियों की तलाश में भी टीम जुट गई है। आरोपी में उधारी की रकम चुकाने के लिए अपने साथियों के साथ बेकरी शौप में चोरी की थी। पुलिस को आरोपी के कब्जे से नकदी व चोरी के पैसों से खरीदे गए जूते बरामद हुए है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। एएसपी सदर जितेंद्र चौधरी ने बताया कि बीते 14 नवंबर को राजीव मदान पुत्र तिलक राम निवासी बिल्केश्वर कालोनी कोतवाली नगर हरिद्वार ने शिवालिक नगर स्थित उनकी बेकरी शॉप केक्स एंड बेक्स में नकदी व मोबाइल फोन चोरी करने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पुलिस टीम ने सीसीटीवी में पूर्व में दूकान पर काम करने वाले प्रदीप सिंह पुत्र स्व. राजबीर सिंह निवासी ग्राम खुर्रमपुर भमोरी थाना वजीरगंज जनपद बदायू उत्तरप्रदेश का अपने दो साथियों के साथ चोरी करना प्रकाश में आया। एसएसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सख्त निर्देश देते हुए उसके ऊपर पांच हजार का इनाम घोषित किया गया। इसी क्रम में रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र विकास रावत द्वारा पुलिस टीम के साथ बुधवार को चोरी की घटना में प्रकाश में आए इनामी आरोपी को जेकेटी आउटर शिवालिक नगर रोड़ से देवनगर जाने वाली सडक से दबोचा लिया। पुलिस को पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी प्रदीप सिंह ने बताया कि वह वर्ष 2024 में अपने गांव से हरिद्वार काम के लिये आया था और शिवालिक नगर में एक बेकरी केक्स एण्ड बेक्स पर काम पर लगा और सितंबर 2024 में काम छोड़ वापस अपने गांव बदांयू चला गया। वहाँ पर गांव की दुकान में उधारी ज़्यादा होने पर उधारी चुकाने के लिए गाँव के अन्य दो लड़कों के साथ हरिद्वार आकर बेकरी शॉप पर चोरी की घटना को अंजाम दिया। रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपी अरूण पुत्र सुखलाल व शिवा उर्फ नन्हू पुत्र सुरेन्द्र सिंह उर्फ बबले निवासी खुर्रमपुर भमोरी थाना वजीरगंज जनपद बदायू की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 1200 रूपए व चोरी के पैसों से खरीदे गए जूते बरामद हुए है।


# रानीपुर कोतवाली पुलिस ने की जिम सेंटरों की जांच

## अनियमितता मिलने पर तीन जिम संचालकों पर की पुलिस एक्ट की कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली पुलिस ने शिवालिक नगर में संचालित हो रहे जिम सेंटरों में स्थापित सीसीटीवी कैमरा, रजिस्टर इंट्री एवं साउंड सिस्टम की जांच की। जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 3 जिम संचालकों का पुलिस एक्ट में चालान कर दिया। साथ ही सभी जिम संचालकों को व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने स्पा सेंटरों और शराब के शौकीनों पर नकेल कसने के बाद अब जिम सेंटरों की जांच शुरू कर दी है। एसएसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को रानीपुर कोतवाली पुलिस ने शिवालिक नगर में संचालित लाईफ लॉन्ग जिम, ऑक्सीजन फिटनेस हाउस, फिटनेस फैक्ट्री जिम, हेल्दी बिगनिंग एरोबिक सेन्टर व स्पार्टन जिम में चौकिंग एवं सत्यापन अभियान चलाया। सत्यापन अभियान में पुलिस टीमो द्वारा सीसीटीवी कैमरो की मौजूदा स्थिति, इंट्री रजिस्टर, जिम में आने



वाले सभी पुरूषो एवं महिलाओ का विवरण, नियुक्त किए गए ट्रेनर इत्यादि की जानकारी करने के साथ ही जिम संचालकों को प्रयोग किए जा रहे ध्वनी विस्तारक साउंड सिस्टम का उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार प्रयोग करने, महिलाओ हेतु महिला ट्रेनर को नियुक्त करने एवं महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। जिम संचालकों को कोई भी अपराध होने की दशा में तत्काल पुलिस को सूचित करने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान अनियमितता पाए जाने पर लाईफ लॉन्ग जिम, ऑक्सीजन फिटनेस हाउस व स्पार्टन जिम के संचालको के विरुद्ध पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही करते हुये जुर्माना वसूला गया। अभियान में कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी, एसआई विकास रावत, एसआई देवेन्द्र सिंह पाल, हे.कां. गोपीचन्द, कां. अर्जुन रावत, मनजीत राणा, निलय यादव शामिल रहे।

# गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय पहुंचे पाकिस्तान के पूर्व मुख्य न्यायाधीश खलीलुर्रहमान रमदे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शहीद भगत सिंह को दी गई फांसी के लिए पाकिस्तान लाहौर हाईकोर्ट में चले मुकदमे के ट्रायल को गुरुकुल कांगड़ी को उपलब्ध कराने वाले पाकिस्तान के पूर्व मुख्य न्यायाधीश खलीलुर्रहमान रमदे बुधवार को गुरूकुल कांगड़ी विवि पहुंचे। रमदे देहरादून के एक निजी महाविद्यालय में एक कार्यक्रम में शिरकत करने आए थे। देहरादून से लौटते हुए वे पाकिस्तान से 2012 में गुरुकुल में आए लक्ष्मण शर्मा के निवास पर पहुँचे। लक्ष्मण शर्मा की पत्नी रेती देवी को रमदे अपनी पुत्री मानते हैं। गुरुकुल के सुरम्य वातावरण को देखकर उन्होंने कहा कि विश्व में ऐसी शिक्षण संस्था और कहीं नहीं है। यहां की शिक्षा व्यवस्था और छात्रों द्वारा किए जा रहे शोध पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह संस्थान स्वामी श्रद्धानंद महाराज के समय से



ही देश दुनिया को प्रेरणा देता आया है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह भारत के ही नहीं बल्कि वे तत्कालीन संपूर्ण हिंदुस्तान के नायक थे। जिन्होंने अपने बलिदान से भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में नई जान फूँक दी थी। वर्तमान भारत के साथ ही पाकिस्तान और बांग्लादेश भी भगत सिंह का ऋणी रहेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में पर्यटन एवं गढ़वाल विकास निगम ने किया डा. नरेश चौधरी को सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव पर्यटन एवं गढ़वाल विकास निगम के संयुक्त तत्वाधान में उत्तराखंड शासन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अपने-अपने क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए जा रहे हैं। जिसके तहत 'आयुर्वेद एवं योग' की महत्वत्ता विषय पर ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के शरीर रचना विभागाध्यक्ष प्रो. डा. नरेश चौधरी ने विशेष व्याख्यान दिया। प्रो. डा. नरेश चौधरी ने देश-विदेश से आए हुए प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद एवं योग एक दूसरे से जुड़े हुए हैं, इसलिए वे शरीर में उपचार के तरीकों को सम्मिलित करते हैं। एक तरफ आयुर्वेद शरीर को फिर से जीवंत करता है, दूसरी तरफ योग मन और चेतना की शुद्धि से संबंधित है। इस प्रकार आयुर्वेद एवं योग एक दूसरे के पूरक हैं। योग जहां मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करता है, वहीं आयुर्वेद आहार-विहार एवं जीवन शैली में बदलाव के माध्यम से व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखता है। डा. नरेश चौधरी ने कहा कि कोविड-19 (संपूर्ण कोरोनाकाल) अवधि में भी संपूर्ण विश्व ने अपनी रोजाना की दिनचर्या में आयुर्वेद एवं योग को अपनाया, जिससे हम कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी से अपनी-अपनी रोगक्षमता को बढ़ाकर सुरक्षित बच सकें। उत्कृष्ट व्याख्यान के लिए पर्यटन एवं गढ़वाल विकास निगम ने उत्तराखंड शासन की ओर से गढ़वाल विकास निगम के महाप्रबंधक (पर्यटन) दयानंद सरस्वती एवं विश्व विख्यात कथावाचक जया किशोरी द्वारा डा. नरेश चौधरी को प्रतीक चिन्ह देकर विशेष रूप से सम्मानित किया। पर्यटन सचिव सचिन



कुर्वे, गढ़वाल विकास निगम के प्रबंध निदेशक विशाल मिश्रा, महाप्रबंधक (प्रशासन) श्रीमती विप्रा त्रिवेदी ने भी डा.नरेश चौधरी को सम्मानित होने पर विशेष रूप से बधाई दी। केरल से आए प्रसिद्ध योगाचार्य योगी जयादेवा ने भी डा. नरेश चौधरी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# पार्थ सारथी स्कूल के दो दिवसीय वार्षिक दिवस उत्सव का शुभारंभ

## कार्यक्रम की थीम परंपरा के अनुरूप देश के विभिन्न प्रान्तों की संस्कृति को अपने नृत्य में किया प्रस्तुत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पार्थ सारथी स्कूल का वार्षिक दिवस उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ सुदर्शन आश्रम के संस्थापक महंत रघुवीर दास व हरिद्वार के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजय शाह और स्कूल के प्रबंधक हरीश भदुला ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित कर किया बच्चों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत गा कर के सभी का स्वागत किया। स्कूल के द्वारा इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम की थीम परंपरा रखी गई और इसके अनुरूप ही बच्चों ने इस कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुतियां दी बच्चों ने इस रंगारंग कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रांतो के नृत्य चाहे कत्थक हो राजस्थान का बंजारा नृत्य, पंजाबी नृत्य हो, हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

इस कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। टॉपर्स ऑफ द स्कूल के लिए कार्तिक गोस्वामी, कशिश भट्ट, अभिनव चौहान, प्रियांशी शर्मा, लक्ष्मी शर्मा को अवार्ड देकर के सम्मानित किया गया और इस बार स्कूल का रामानुज और एम एफ हुसैन अवार्ड ऋषभ थपियाल और कार्तिक वर्मा को दिया गया साथ ही बेस्ट यूनिफॉर्म अवार्ड दीपिका बेरी और आइडियल एंड डिसीप्लिन अवार्ड सृष्टि घनशाला, गीता रेसिटेशंस अवार्ड वेदांत घड़ियाल और अभिनव को दिया गया हाई मोरल



अवार्ड और हाइजीन अवार्ड के लिए तनुजा गोस्वामी, तनुजा जोशी, कार्तिक गोस्वामी, कशिश भट्ट निकिता अटवाल, मुस्कान प्रजापति, आयुष शर्मा को अवार्ड देकर के सम्मानित किया गया यही इस कार्यक्रम में बेस्ट पेरेंट्स का अवार्ड भी दिया गया जहां इस साल के बेस्ट पेरेंट्स भोपाल सिंह बिस्ट, जितेंद्र शर्मा और प्रेम गोस्वामी रहे जिनको स्कूल के प्रबंधक के द्वारा अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुदर्शन आश्रम के संस्थापक महंत रघुवर दास ने कहा कि सालों से पार्थ सारथी स्कूल समाज में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुआ आ रहा है। स्कूल के प्रबंधक हरीश भदुला ने स्कूल के बारे में बताते हुए कहा कि इस स्कूल को 31 वर्ष हो गए हैं इस स्कूल में जो विद्यार्थी हमारे यहां से पढ़कर गए थे उनके बच्चे भी इस स्कूल में पढ़ रहे हैं हमारा सबसे पहले यही काम रहता है कि हम अपने स्कूल के विद्यार्थियों को भारत की संस्कृति के साथ जोड़कर के रखें। स्कूल की प्रधानाचार्य रितु भदुला ने सभी शिक्षकों का इस वार्षिक दिवस उत्सव कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए धन्यवाद दिया साथ ही इस कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक और अतिथियों का भी धन्यवाद दिया और कहा कि जिस तरीके से हमारे शिक्षकों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया है उनकी यह मेहनत आज सभी सभी को दिख रही है। इस कार्यक्रम में सुप्रियस संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र नाथ गोस्वामी, वार्ड नंबर 3 से पार्षद सूर्यकांत शर्मा, पूर्व पार्षद दिनेश जोशी पहाड़ी महासभा के अध्यक्ष तरुण व्यास आदि सामाजिक नेता व शिक्षक मौजूद रहे।

## स्कूटी चोर दबोचा, भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली पुलिस ने 12 घण्टो के भीतर स्कूटी को निशाना बनाने वाले चो एक चोर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को जितेन्द्र सिंह निवासी सुभाषनगर ज्वालापुर ने शिकायत देकर बताया कि सोमवर को वर्मा मार्ट निकट पीएसी पेट्रोल पम्प के सामने से अज्ञात चोर द्वारा उनकी




स्कूटी को चोरी कर ले गए हैं।पुलिस ने पीड़ित वाहन स्वामी की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि चोरी की घटना का खुलासा करने के लिए एक टीम का गठन किया गया। मुखबिर तंत्र सक्रिय किए गए। गुरुवार सुमन नगर क्षेत्र में वाहन चेकिंग की जा रही थी। डबल पुलिया के पास एक स्कूटी पर संदिग्ध आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने रोक कर स्कूटी के कागज दिखाने को कहा तो आरोपी कागज नहीं दिखा पाया। कोतवाली लाकर पूछताछ की तो आरोपी ने बताया कि स्कूटी चोरी की हुई है। आरोपी ने अपना नाम पंकज कुमार पुत्र शिवकुमार निवासी ब्रहमपुरी सिडकुल हरिद्वार बताया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भण्डारी, उ.नि. देवेन्द्र सिंह पाल, अ. उ.नि. नन्दकिशोर, का.नि. सुमन डोबाल, का.नि. हरीश राणा, शामिल रहे हैं।

## पांच साल बाद भी नहीं बनी नई टंकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शिवालिक नगर पालिका को बने हुए 5 साल बीत चुके हैं, लेकिन अब तक नई पानी की टंकी का निर्माण नहीं हो सका है। इसके चलते आधा टिहरी विस्थापित (न्यू शिवालिक) क्षेत्र के लोग अब भी समर सिविल पंप के सहारे पानी की जरूरतें पूरी कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से टंकी निर्माण की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा की जा रही है, लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। इधर, जिलाधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करते हैं, लेकिन अधिकतर दौरे उन्हीं इलाकों तक सीमित रहते हैं जहां कांग्रेस के पार्षद और विधायक सक्रिय हैं। ऐसे में अन्य प्रभावित इलाकों की समस्याएं अनसुनी रह जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही नई टंकी का निर्माण नहीं हुआ तो पानी की समस्या और गंभीर हो सकती है, खासकर गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत बढ़ जाती है।

# उत्तराखंड के पांच शहरों में शहरी नदी प्रबंधन योजना का प्रस्ताव

## नमामि गंगा के तहत अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान समिति के संबंध में बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा, जल शक्ति मंत्रालय एवं नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान से उत्तराखण्ड के पांच शहरों (गंगोत्री-यमुनोत्री, ऋषिकेश, हरिद्वार, हल्द्वानी-काठगोदाम, रामनगर) में शहरी नदी प्रबंधन योजना विकसित की जानी प्रस्तावित है। इसी क्रम में बुधवार को अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान की अध्यक्षता में कलैक्टेट नैनीताल सभागार में नमामि गंगा के तहत अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान समिति की संबंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत हल्द्वानी-रामनगर को विकसित किए जाने के संबंध में विचार किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पर्यावरण, सामाजिक योगदान और आर्थिक प्रबंधन पहलू आदि पर विचार विमर्श किया गया। नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार विक्टर शिंदे ने बताया कि नमामि गंगा का मुख्य उद्देश्य नदियों के किनारे बसे शहरों के विकास की योजना, नदी सुरक्षा, लोगों को नदियों का महत्त्व, प्रकृति से जोड़ना, नदियों को दूषित होने से बचाने के साथ ही पर्यटन को देना है। इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों और संबंधित एजेंसी को आपसी समन्वय और तालमेल के साथ कार्य करने की बात कही। ताकि प्रोजेक्ट बेहतर तरीके और समय पर पूरा किया जा सके। साथ ही उन्होंने संबंधित विभाग को रीवर साइड प्लान तैयार करने को कहा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने परियोजना के तहत संबंधित विभागीय अधिका. रियों को आंकड़े बना कर एजेंसी को उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने परियोजना के तहत टीम गठन करने की निर्देश दिए। इस दौरान नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी ऋचा सिंह, सहायक नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी डा. मनोज काण्डपाल, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग दिनेश सिंह, अधिशासी अभियंता उत्तराखण्ड पेयजल निगम हल्द्वानी एके कटारिया, परियोजना प्रबंधक उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यूयूएसडीए) कुलदीप सिंह, परियोजना प्रबंधक, उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यूयूएसडीए) नैनीताल नीरज उपाध्याय, उप संभागीय वन अधिकारी गणेश दत्त जोशी, विक्टर शिंदे एवं इश्लीन कौर, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑप अर्बन अफेयर्स, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, रोहित जयाड़ा, मॉनिटरिंग एवं इवैल्यूएशन विशेषज्ञ, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे, उत्तराखण्ड आदि मौजूद रहे।

### शैक्षिक भ्रमण किया

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग में बुधवार को बरेली कॉलेज बरेली के वनस्पति शास्त्र के पीजी विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभाग के शोध की जानकारी ली तथा विभाग द्वारा प्रका. शित फ्लोरा को भी देखा। विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने विद्यार्थियों को बताया कि उत्तराखंड में 250 क्रूड ड्रग प्लांट्स है तथा 701 मेडिसिनल प्लांट्स यहां पाए जाते हैं। कहा कि 2050 में औषधीय पौधों की विश्व में 5 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी होगी। डा. नवीन पांडे ने विद्यार्थियों को बताया कि हर्बेरियम आज भी पौधों के नामकरण का आधार है, यह हर्बेरियम हमें पौधों के पूर्ण जाएं देता है। बरेली के विद्यार्थियों ने पटवा सहित जिनको, टेंपरेट पाम को भी देखा। उसके पश्चात भ्रमण दल ने एरीज तथा बोटेनिकल गार्डन नारायणनगर में भी महत्पूर्ण जानकारी एकत्रित की। दल में विभागाध्यक्ष प्रो. आलोक खरे समेत डा. मालिक, डा. सिंह, डा. शालिनी सक्सेना सहित 25 विद्याथी तथा डा. प्रभा पंत, दिशा, आनंद, वसुंधरा व विशाल शामिल रहे।

# प्रो. रजनीश पांडे का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में बुधवार को कला संकायाध्यक्ष कुमाऊं विश्वविद्यालय संकायाध्यक्ष बनाया गया है, उनका कार्य काल तीन वर्ष का होगा। उल्लेखनीय है प्रो. रजनीश पांडे पूर्व में विभागाध्यक्ष तथा परीक्षा नियंत्रक



बनने पर अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. रजनीश पांडे का भव्य स्वागत किया गया। इस विशेष मौके पर गुरुजनों की ओर से प्रो. रजनीश पांडे का पुष्प गुच्छ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कैप पहनाकर सम्मानित किया गया तथा मिष्ठान वितरण किया गया। बता दें कि प्रो. रजनीश पांडे को प्रो. पद्म सिंह बिष्ट के अवकाश ग्रहण करने पर विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र तथा कला कुमाऊं विश्वविद्यालय रह चुके हैं। स्वागत समारोह में कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत विभागाध्यक्ष प्रो. आरसी जोशी, विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति जोशी समेत प्रो. अर्चना श्रीवास्तव, प्रो. सुषमा टम्टा, डा. हरिप्रिया पाठक, अनिता पांडे, डा. विजय कुमार, डा. शिवांगी चन्याल, डा. मनीषा त्रिपाठी, डा. नंदन बिष्ट, डा. प्रियंका नीरज रुबाली तथा डा. दलीप आदि मौजूद रहे।

### गांजा तस्करी में कारावास

**अल्मोड़ा।** गांजा तस्करी के एक मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दो आरोपियों पर दोष सिद्ध करते हुए साढ़े दस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया हैं। जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा ने बताया कि अप्रैल 2023 में सल्ट पुलिस क्षेत्र में चेकिंग अभियान पर थी। इस दौरान सराईखेत के नैल तिराहा के पास चे. कंग के दौरान एक कार को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन में सवार सचिन सक्सेना निवासी हरथला मुरादाबाद और रघु रघुवर निवासी चिनौन सल्ट के कब्जे से 31 किलो गांजा बरामद किया गया। जबकि ज्ञानी उर्फ ज्ञानेंद्र निवासी काजीपुरा सिविल लाइन मुरादाबाद मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पुलिस ने विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। पत्रावली में मौजूद साक्ष्य व गवाहों का परिसीलन कर न्यायालय ने आरोपी सचिन सक्सेना और रघु उर्फ रघुवर को दोषी माना।

# लेकसिटी क्लब के चुनाव 16 को

## रेखा त्रिवेदी को चुनाव अधिकारी नामित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक अध्यक्ष ज्योति ढौंडियाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि क्लब के वार्षिक चुनाव 16 मार्च रविवार को अपराह्न दो बजे से राज्य अतिथि गृह में संपन्न कराएं जाएंगे।



बैठक में वार्षिक चुनाव कराने के लिए सर्व सम्मति से रेखा त्रिवेदी को चुनाव अधिकारी एवं डा. प्रगति जैन को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। क्लब की सचिव दीपा पांडे ने बताया कि चुनाव क्रमशरू अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिव, उप सचिव, कोषाध्यक्ष, सांस्कृतिक सचिव, संस्थापक अध्यक्ष, कोऑर्डिनेटर पदों के लिए होगा। उन्होंने सभी क्लब के सदस्यों से चुनाव में भाग लेने की अपील की। बता दें लेक सिटी वेलफेयर क्लब के चुनाव का कार्यकाल 1 वर्ष का होता है। बैठक के अंत में क्लब की पूर्व अध्यक्ष रानी शाह की माता रीवा शाह के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। बैठक में विनीता पांडे, मीनाक्षी कीर्ति, प्रेमा अधिकारी, हेमा भट्ट, सरिता त्रिपाठी, दीपिका बिनवाल, तनु सिंह, जीवंती भट्ट, आभा शाह, कविता त्रिपाठी, मीनू बुदुलाकोटी, अमिता शाह, कंचन जोशी, नीरू शाह, ज्योति वर्मा तथा डा.पल्लवी तथा रमा भट्ट आदि उपस्थित थी। संचालन सचिव दीपा पांडे ने किया।

### विरोधाभासी बयानों पर आरोपी दोषमुक्त

**नैनीताल।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विक्रम की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट के एक आरोपी को पुलिस रिकॉर्ड व गवाहों के विरोधाभासी बयानों के आधार पर दोषमुक्त करार दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 30 अक्टूबर 2017 को काठगोदाम पुलिस ने बानना भीमताल निवासी लोकेश पलड़िया को 117 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। जो करीब एक माह जेल में रहने के बाद जमानत पर रिहा हो गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस के तथ्यों में विरोधाभास सामने आया। साथ ही कोई स्वतन्त्र गवाह भी नहीं था। इन तर्कों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया।

# यूसीसीः पहाड़ी आर्मी ने फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पहाड़ी आर्मी की पहाड़ी हिंदू सशक्तिकरण यात्रा बुधवार को नैनीताल पहुंची। यहां पहुंचने पर पंत पार्क में नुक्कड़ सभा भी आयोजित की गयी। इस मौके पर पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने कहा 25 वर्षों में रणनीतिक पार्टियों ने प्रदेश को गर्त में धकेल दिया। मूलभूत समस्याओं में काम करने के बजाय प्रदेश में ऊलजुलूल कानून थोपे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ विरा. ेधी लोग सजग रहें। अब पहाड़ का व्यक्ति बाहरियों का अतिक्रमण बिल्कुल सहन नहीं करेगा। कहा कि प्रदेश में जो बाहरी लोगों की दादागिरी गुंडागर्दी कर रहे हैं उनका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। कहा पहाड़ी आर्मी सशक्त भू कानून, मूल निवास, गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने,



पहाड़ की भाषा और त्योहारों को सरकारी मान्यता देने की मांग कर रहा है। कहा कि नदियों जंगल और पर्यावरण का अवैध दोहन रोकने, नशे से पहाड़ को बचाने, यूसीसी, लिव इन रिलेशन को कानूनी मान्यता देकर पहाड़ी हिंदू संस्कृति को तहस नहस करने का कानून है जिसका हम विरा. ेध करते हैं। उन्होंने कहा सदन में वित्तमंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल द्वारा जिस अभद्र भाषा में पहाड़ी समाज को गाली दी वह हम पहाड़ियों के लिए असहनीय है जिसके लिए माफी नाकाफी है। जिलाध्यक्ष मोहन कांडपाल ने बताया कि 26 फरवरी से चंपावत से इस पहाड़ बचाओ की शुरुआत हुई जो पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, रानीखेत, द्वाराहाट, चौखुटिया तथा मासी होते हुए बुधवार को नैनीताल पहुंची है। यात्रा पूरे प्रदेश में चलेगी जिसका कुमाऊं में प्रथम चरण का समापन 9 मार्च रविवार को हल्द्वानी में पहाड़ी स्वाभिमान रैली के रूप में होगा। सभा को संबोधित करते हुए राज्य आंदोलनकारी गौरव गोस्वामी और एडवोकेट नवीन तिवारी ने कहा आज राज्य बचाने के लिए इस आंदोलन की अति आवश्यकता हो गई है। पंत पार्क चौराहे पर जोरदार नारेबाजी कर वित्त मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, ऋतु खंडूरी तथा महेंद्र भट्ट का पुतला फूंका गया। इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष मोहित राणा, राजेंद्र भंडारी, कमलेश खंडूरी, रमेश, कपिल शाह, कमलेश जेठी, अरुण शाह, दीपक गंगोला, मोहन कांडपाल, विनोद शाही, भगवंत सिंह राणा, गौरव गोस्वामी तथा विनोद नेगी आदि मौजूद रहे।

# डीएसबी में राष्ट्रीय सम्मेलन कल

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर स्थित वाणिज्य विभाग की ओर से शुक्रवार यानी 7 मार्च को उत्तराखंड की रजत जयंती और विक. सित भारत 2047 विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। खास बात यह है कि सम्मेलन उत्तराखंड के पिछले 24 वर्षो की विकास यात्रा तथा उसकी उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं पर केंद्रित होगा। वाणिज्य विभाग के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में उत्तराखंड के आर्थिक विकास, सामाजिक परिवर्तन तथा पर्यावरणीय स्थिरता और तकनीकी उन्नति जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी। कार्यक्रम में प्रो. डीएस रावत (कुलपति कुविवि), डा. सीडी सूंठा (पूर्व निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड), डा. नारायण सिंह जंतवाल (पूर्व विधायक नैनीताल), प्रो. अमित जोशी (प्रबंध अध्ययन विभाग कुविवि परिसर भीमताल), योगेश चंद्र पांडे (पूर्व एजीएम जिला उद्योग केंद्र) डा. भुवन चंद्र जोशी (मानव संसाधन विभाग अशोक लीलैंड प्रालि रुद्रपुर) और कीवा सिंह (संस्थापक माउंटेन विलेज फाउंडेशन) प्रमुख रूप से शामिल होंगे। दूसरी ओर सम्मेलन की तैयारियों में विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक डा. आरती पंत, डा. विजय कुमार, डा. ममता जोशी, डा. निधि वर्मा, डा. जीवन उपाध्याय, डा. विना. ेद जोशी, डा. हिमानी जलाल, डा. तेज प्रकाश, डा. पूजा जोशी पाल. ीवाल, डा. अंकिता आर्या, डा. गौतम रावत, रितिशा शर्मा, पंकज भट्ट, सूबिया नाज, मीनू जोशी, चंदन जलाल, घनश्याम पालीवाल तथा बिशन कुमार आदि जुटे हुए हैं।

### विवि में युवा संसद जल्द

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा विकसित भारत युवा संसद का आयोजन शीघ्र ही किया जाएगा। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम तथा खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय उत्तराखंड द्वारा उक्त कार्यक्रम को आयोजित किया जाना है। इस हेतु 18 से 25 वर्ष के युवा माई भारत पर पंजीकरण करना अनिवार्य है। युवाओं को इसके माध्यम से अपने विचारों को रखने का बेहतर मौका मिलेगा तथा विक. सित भारत पर अपने विचार साझा करने का मौका मिलेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम संयोजक डा. शिवांगी ने कहा है कि राष्ट्रीय सेवा योजना सहित अन्य सभी विद्यार्थियों से कहा है कि वह तुरंत रजिस्ट्रेशन करें जिससे उन्हें अपने विचार रखने का मौका मिलेगा। विद्यार्थी की संख्या पंजीकरण हेतु नैनीताल जिले में 5000 की संख्या निर्धारित की गई है।

### वुडबॉल टीम गुजरात रवाना

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की महिला एवं पुरुष वुडबॉल टीम प्रशिक्षण शिविर के उपरांत बुधवार की रात दस बजे रुद्रपुर महाविद्यालय से वड़ोदरा गुजरात के लिए रवाना हो गयी है, जो पारुल यूनिवर्सिटी वडोदरा गुजरात में 7 से 10 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वुडबॉल महिला पुरुष प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। कुवि. वि के क्रीडा अधिकारी डा. नागेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया टीम का प्रशिक्षक एनपी शर्मा, लोकेश पांडे, श्वेता भाकुनी तथा लक्ष्मी को बनाया गया है। महिला टीम में डीएसबी परिसर नैनीताल की वैशाली पांडे, राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी की कामिनी, चेतना पांडे, प्रिया गोस्वामी जबकि महाविद्यालय रुद्रपुर की आस्था, काशिष शर्मा, अंजली गंग. वार, गरिमा राणा, काशीपुर महाविद्यालय के मनजोत कौर वहीं पुरुष वर्ग की टीम में डीएसबी परिसर नैनीताल के आदित्य टम्टा, तेजस्वी कुमार वहीं राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी के संदीप तथा राजकीय महाविद्यालय रुद्रपुर के योगेश पांडे, चेतन भट्ट, पवन बिष्ट, दीपक अधिकारी, सुनील, रोहित तथा सचिन पांडे को शामिल किया गया है। इससे पूर्व टीम का प्रशिक्षण शिविर का समापन बुधवार को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में जिला क्रीड़ाधिकारी उधम सिंह नगर जानकी कार्की द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाडियों को शुभकामनाएं दी तथा कहा कि अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्वविद्यालय के टीम अच्छा प्रदर्शन करके लौटेगी। इस अवसर पर दून विश्वविद्यालय देहरादून के खिलाडियों तथा कुमाऊं विश्वविद्यालय के खिलाडियों के मध्य अभ्यास मैचों का आयोजन भी किया गया।

# सफाई करने वाली संस्था पर पचास हजार का चालानी नोटिस जारी

**काशीपुर।** महापौर व नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम टीम ने क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सफाई कार्य का निरीक्षण किया, जिसमें कई स्थानों पर भारी मात्रा में कूड़ा पड़ा पाये जाने पर कार्यदायी संस्था को 50 हजार के दस चालानी नोटिस जारी किये गये। निरीक्षण करने निकली टीम ने स्टेशन रोड, टांडा उज्जैन, शुगर फैक्ट्री मार्ग, खड़कपुर देवीपुरा, चैती चौराहा, बाजपुर रोड आदि पर भ्रमण के दौरान पाया गया कि नगर निगम में कूड़ा निस्तारण हेतु चयनित फर्म एम एस डब्लू एम द्वारा कूड़ा समय से निस्तारण नहीं किया जा रहा। दस स्थानों पर बड़ी मात्रा में रोड पटरी के किनारे कूड़ा पाया गया जिसके लिए उक्त फर्म पर 5000 प्रति चालान के अनुसार 10 चालान की धनराशि 50000 के नोटिस जारी किए गए। इसके अतिरिक्त अशोक मेडिकल स्टोर द्वारा मुख्य मार्ग बाजपुर रोड के किनारे मेडिकल का बेस्ट कूड़ा पाया गया जिस हेतु मेडिकल स्वामी को कूड़ा निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया कि वह अपना कूड़ा, कूड़ा गाड़ी में डालें तथा यूजर चार्ज जमा करने हेतु नोटिस जारी किया गया तथा ऐसा न करने पर कार्यवाही की चेतावनी दी गयी। इसके अलावा कुमाऊँ प्लाजा होटल द्वारा अपने किचन का बेस्ट कपास मिल कालोनी होटल के पीछे नाली में बहाए जाने की शिकायत सत्य पाई गई, जिस हेतु होटल स्वामी को बेस्ट निस्तारण हेतु नोटिस कार्रवाई की गई, निस्तारण नहीं किए जाने की स्थिति में 5000 का चालान जारी किया जाएगा।

# ट्रेड लाइसेंस शुल्क पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन तथा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से पालिका की ओर से व्यापारियों पर लगाए जा रहे ट्रेड लाइसेंस शुल्क पर चर्चा की। इस दौरान उन्हें पूर्व में होटल एसोसिएशन की ओर से तैयार की गई लिस्ट की भी जानकारी दी। बता दें कि बीती नगर पालिका बोर्ड में नगर में 129 ट्रेड में लाइसेंस शुल्क लगाने की पहल हुई। जिसके दायरे में होटल समेत अन्य सभी कारोबारी आ रहे थे। हालांकि व्यापारियों के विरोध के बाद अब तक ट्रेड लाइसेंस का मामला लंबित हैं लेकिन नई पालिका बोर्ड की ओर से इसे लागू किया जाना है। होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि इस मामले में वह पूर्व पालिकाध्यक्ष तथा पूर्व ईओ आदि से वार्ता भी कर चुके हैं। उन्होंने पालि. काध्यक्ष को होटल की ओर से पूर्व में तैयार स्लैब को पालिका में दिए जाने की जानकारी दी। व्यापार मंडल ने छोटे कारोबारियों से शुल्क न लेने का अनुरोध किया। पालिकाध्यक्ष डा. खेतवाल ने कहा कि ट्रेड लाइसेंस मामले में पालिका बोर्ड की विशेष बैठक के बाद अंतिम निर्णय लेगी। इस मौक पर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, महासचिव वेद साह, तल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मारूति नंदन साह, मल्लीताल के किशन सिंह नेगी, महासचिव त्रिभुवन सिंह फर्त्याल तथा युवा व्यापारी रुचिर साह आदि समेत तल्लीताल व मल्लीताल व्यापार मंडल से जुड़े कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इससे पूर्व उन्होंने पालिक. ाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

# विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा नगर समेत ग्रामीण इलाकों को पेयजल आपूर्ति करने वाली कोसी बैराज से गाद की सफाई नहीं होने से क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने नाराजगी जताई है। मामले में उन्होंने विभागीय अधिका. रियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। कहा कि कोसी बैराज का यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ सकता है।

उन्होंने जल्द कोसी बैराज से गाद की सफाई नहीं होने पर सात मार्च को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की चेता. वनी दी है। क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि उनकी ओर से लगातार सिंचाई विभाग, जल संस्थान और जिला प्रशासन से अनुरोध किया गया था कि समय रहते कोसी बैराज से गाद की सफाई कर ली जाए। कहना है कि दिसंबर तक कोसी बैराज की सफाई करनी जरूरी है। जिससे यहां अधिक मात्रा में पानी एकत्र हो सके। निवेदन के बाद भी प्रशासन लापरवाह और उदासीन बना रहा। फरवरी का पहला हफ्ता बीतने को है। अब तक कोसी से गाद की सफाई नहीं हो पाई है। यही हाल रहा तो कोसी में पानी का स्तर कम हो जाएगा। इसका असर नगर की पेयजल व्यवस्था पर पड़ेगा। गर्मियों में लोगों को पानी के लिए जूझना पड़ेगा। कहना है कि विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण कोसी में बड़ी मात्रा में गाद जमा हो गई है। जो नगर की पेयजल आपूर्ति के लिए उचित नहीं है।


## सर्वसाधारण को सूचना

परिषद की नेहरू नगर योजना देहरादून में स्थित आवासीय भवन संख्या जी-427 का आंवटन श्री प्रमोद कुमार भाटिया पुत्र श्री सुरजन दास भाटिया के पक्ष में प्रदेशन पत्र सं0 7065 दिनांक 3-5-1985 द्वारा प्रविष्ट किया गया था। जिसका किराया किस्त किरायेदारी अनुबन्ध दिनांक 17-6-1985 निष्पादित करते हुये, दिनांक 17-6-1985 को कब्जा दिया गया था। ततपश्चात् आंबटी द्वारा पूर्ण भुगतान जमा कराने के उपरान्त अपने पक्ष में परिषद से विकय विलेख दिनांक 22-01-1999 को निष्पादित कराते हुये, सब रजिस्ट्रार देहरादून के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। आंबटी द्वारा उक्त भवन को श्रीमती मनोरमा शर्मा पत्नी स्व० श्री श्रीधर प्रसाद निवासी 427 नेहरूकॉलोनी देहरादून को विक्रय करते हुये, विकय पत्र दिनांक 07-09-1999 को सब रजिस्ट्रार देहरादून के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। क्रेता श्रीमती मनोरमा शर्मा पत्नी स्व० श्री श्रीधर प्रसाद द्वारा उक्त भवन को परिषद से अपने पक्ष में नामान्तरण नहीं कराया गया था। श्रीमती मनोरमा शर्मा पत्नी स्व० श्री श्रीधर प्रसाद की मृत्यू दिनाँक 06-08-2005 (मृत्यू प्रमाण-पत्र के अनुसार) को होने के पश्चात् उनके पुत्र श्री संदीप शर्मा द्वारा उक्त भवन का नामान्तरण अपने पक्ष में किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। जिसके कम में उनके द्वारा मृत्यू प्रमाण-पत्र उत्तरजीवि प्रमाण-पत्र, शपथपत्र, क्षत्रिपूर्ति बन्धक पत्र समस्त उत्तरजीवि सदस्यगण की अनापत्ति शपथपत्र, एवं हस्ताक्षर व पहचान पत्र की प्रति, आवेदन पत्र तथा 1 प्रतिशत नामान्तरण शुल्क रू0 18,500/- दिनांक 01/03/2025 को परिषद कोष में जमा कराते हुये, जमा रसीद की प्रति कार्यालय में प्राप्त करायी गयी है। उक्त अभिलेखों के आधार पर आंबटी श्री प्रमोद कुमार भाटिया पुत्र श्री सुरजन दास भाटिया के द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती मनोरमा शर्मा पत्नी स्व० श्री श्रीधर प्रसाद को विकय किये जाने के कम में, तत्पश्चात् केता की मृत्यू के कारण उनके पुत्र श्री संदीप शर्मा पुत्र स्व० श्रीमती मनोरमा शर्मा के पक्ष में अन्य उत्तरजीवि सदस्यगण द्वारा अपने भाई श्री संदीप शर्मा के पक्ष में दी गई, अनापित्त शपथपत्र दिये जाने के, फलस्वरूप उक्त सम्पत्ति / भवन संख्या जी-427 नेहरू नगर योजना देहरादून को श्री संदीप शर्मा पुत्र स्व० श्रीमती मनोरमा शर्मा के पक्ष में परिषद द्वारा का नामान्तण/अन्तरण किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी भी पक्षकारगण/व्यक्ति को इस नामान्तण/अन्तरण के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस पत्र निर्गमन की तिथि से 30 दिन के अन्दर इस कार्यालय को साक्ष्य सहित, सूचित करने का कष्ट करें, निर्धारित अवधि में कोई सूचना प्राप्त न होने पर श्री संदीप शर्मा पुत्र स्व० श्रीमती मनोरमा शर्मा के पक्ष में उक्त सम्पत्ति का नामान्तण/अन्तरण सम्बन्धी कार्यवाही नियमानुसार कर दी जायेगी, तथा बाद में आपका कोई क्लेम (दावा) परिषद को मान्य नही होगा

**सह प्रभारी सम्पत्ति, उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद।**
**मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण देहरादून।**



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार।

पत्रांक- 3967/ निविदा सूचना /2024-25 दिनांक:- 04/03/2025

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जनपद पौड़ी गढ़वाल शाखा कोटद्वार के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव कार्यो हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-निविदा, टू-बिड सिस्टम (तकनीकी एवं कमर्शियल बिड) के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त सूचना www.uktenders.gov.in पर सांय 09.03.2025 की सांय 05:00 बजे से उपलब्ध होगी।

| क्र0 सं0 | विकास क्षेत्र | योजना का नाम | धरोहर राशि | निविदा कुल मूल्य (जी०एस०टी० सहित) | निविदा डाउनलोड करने की तिथि एवं समय | प्री-बिड मिटिंग की तिथि | निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा को खोले जाने की तिथि एवं समय (तकनीकी निविदा) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दुगड्डा | कोटद्वार नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 62000.00 | रू0 2500.00 + GST | | | | | | | |
| 2 | दुगड्डा | कोटद्वार नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत 5.0 कि०मी० पम्पिंग स्टेशन में संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 19000.00 | रू0 1000.00 + GST | | | | | | | |
| 3 | दुगड्डा | कोटद्वार नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत 25 कि०मी० पम्पिंग स्टेशन में संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 19000.00 | रू0 1000.00 + GST | | | | | | | |
| 4 | दुगड्डा | रिगड्डी पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 60500.00 | रू0 2500.00 + GST | | | | | | | |
| 5 | दुगड्डा | सनेह पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालनं एवं रखरखाव का कार्य। | 46000.00 | रू0 2000.00 + GST | 09.03.2025 सांय 5.00 बजे से | 12.03.2025 सांय 12.00 बजे से | 20.03.2025 सांय 5.00 बजे तक | 21.03.2025 सांय 5.00 बजे तक | 22.03.2025 सांय 11.00 बजे बजे से | 01 वर्ष | "D" या उच्चतर |
| 6 | दुगड्डा | हल्दूखाता पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 58500.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 7 | दुगड्डा | मोटाढाक पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 51000.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 8 | दुगड्डा | सिगड्डी पेयजल योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 49000.00 | रू0 2000.00 + GST | | | | | | | |
| 9 | दुगड्डा | कोटद्वार सीवरेज योजना के अन्तर्गत संचालन एवं रखरखाव का कार्य। | 27500.00 | रू0 1500.00 + GST | | | | | | | |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाइन देखी एवं प्राप्त की जा सकती है।

**शर्तें:-**

1- निविदा प्रपत्र का मूल्य (उपरोक्त तालिकानुसार अलग-अलग निविदा हेतु पृथक-पृथक) किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार के नाम से बनाकर प्रस्तुत करना होगा।

2-निविदा प्रपत्र के साथ 2% धरोहर धनराशि एफ०डी०आर०/ बी०जी० / एन०एस०सी० के रूप में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक / डाकघर द्वारा निर्गत, अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार के पदनाम से न्यूनतम 90 दिनों हेतु बंधक हो, जमा करानी होगी।

3-निविदादाता द्वारा उक्त वेबसाइट में रू0 100.00 मूल्य के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ पत्र अपलोड करना आवश्यक होगा कि उसके द्वारा जो भी सूचनायें वेबसाइट पर दी गई हैं, वह सत्य हैं।

4-निविदादाता द्वारा उक्त वेबसाइट में रू0 100.00 मूल्य के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रेवेन्यू टिकट लगाकर निविदा दरों की वैधता के सम्बन्ध में हस्ताक्षर कर अपलोड करना होगा।

5-निविदा प्रपत्र हेतु निविदादाता को डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र (डी०एस०सी०) किसी प्रमाणित / प्राधिकृत संस्था द्वारा निर्गत किया होना आवश्यक है।

6- निम्नलिखित प्रपत्र (प्रपत्र जो वैबसाईट पर निविदा के साथ अपलोड किये गये हैं) मूल रूप में कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार में दिनांक 21.03.2025 सांय 5:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा किये जाने होंगे।

(i) निविदादाता द्वारा रू0 100.00 मूल्य के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र जिसमें यह उल्लिखित होगा कि उसके द्वारा जो भी सूचनायें वैबसाईट पर दी गई हैं वह सत्य है।

(ii) निविदादाता द्वारा निविदा दरों की वैधता के सम्बन्ध में रू0 100.00 मूल्य के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रेवेन्यू टिकट लगाकर हस्ताक्षरित शपथ पत्र।

(iii) निविदा प्रपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट मूल रूप में।

7-उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना सीधे वैबसाईट www.uktenders.gov.in पर ही अपलोड की जायेगी। संशोधित निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जायेगा।

8-किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

9-तकनीकी बिड में सफल पाये गये ठेकेदारों के नाम अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार के कार्यालय नोटिस बोर्ड पर लगायी जायेगी एवं वेबसाईट पर भी अपलोड की जायेगी।

10-शेष समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।

11-निविदा सम्बन्धी जानकारी हेतु इं० अभिषेक कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता (मो० नं० 9412081305), इं० देवकी नन्दन, सहायक अभियन्ता (मो० नं०- 7060874580) एवं ई० बृजमोहन रावत (मो० नं०- 9568704545) से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

**अधिशासी अभियन्ता**

# नशे के इंजेक्शन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## कोतवाली पुलिस व एसओजी ने बरामद किए नशे 250 इंजेक्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसओजी व कोतवाली पुलिस ने 250 नशीले इंजेक्शन के साथ बनभूलपुरा क्षेत्र के दो तस्करों को तीनपानी भट्ट क्रेन सर्विश के पास से गिरफ्तार किया है। इंजेक्शन के पकड़ा गया एक आरोपी मो. अनस पूर्व में अवैध गैस रिफिलिंग मामले में भी जेल की हवा खा चुका है। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। गुडवर्क करने वाली टीम को एसएसपी पीएन मीणा ने ढाई हजार रूपये ईनाम की घोषणा की है।

बुधवार को बहुउद्देशीय भवन में नशीले इंजेक्शन तस्करी का खुलासा करते हुए एसएसपी पीएन मीणा ने कहा कि ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025 अभियान के तहत पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़ व कोतवाली पुलिस को सटीक मुखबिर की सूचना मिली की दो युवक नशे के इंजेक्शन लेकर आ रहे है। सटीक सूचना पर एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़ व एसएसआई रोहताश सिंह सागर के नेतृत्व में टीम ने तीनपानी भट्ट क्रेन सर्विश के पास चैकिंग अभियान शुरू कर दिया तभी पुलिस को दो युवक संदिग्ध अवस्था में आते दिखाई दिए। पुलिस ने दोनो युवकों को रोककर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 250 नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। पकड़े गए तस्करों ने अपना नाम मो. अनस उर्फ गुल्ला पुत्र अब्दुल गफूर निवासी लाईन नंबर-4 बंजारान मस्जिद के पास थाना बनभूलपुरा, मो. मुशीर पुत्र मो. नईम निवासी लाईन नंबर-16 बनभूलपुरा बताया है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वे यह नशीले इंजेक्शन बहेड़ी निवासी दिलशाद नाम के एक व्यक्ति से खरी. दकर लाए हैं और उन्हें हल्द्वानी में ऊंचे दामों पर बेचकर अधिक मुनाफा कमाते है। बताया जा रहा कि नशे के इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया आरोपी मो. अनस पहले भी अवैध गैस रिफिलिंग के मामले में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ नशीले इंजेक्शन की खरीद-फरोख्त की कई शिकायतें भी दर्ज है। पुलिस ने दोनों तस्करों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुक. दमा दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। गुडवर्क करने वाली टीम को एसएसआई रोहताश सिंह सागर, एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़, एएसआई अशोक जोशी, हेड कांस्टेबल ललित श्रीवास्तव, कांस्टेबल संतोष बिष्ट, चंदन नेगी, अरुण राठौर, प्रकाश कार्की शामिल थे।

### नीता महामंत्री, लीना बनी मीडिया प्रभारी

**हल्द्वानी।** सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल ने संगठन को और मजबूत करने के एक और नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। संगठन की प्रदेश प्रभारी सीमा बत्रा की संस्तुति पर नैनीताल से लीना शर्मा को जिला महिला मीडिया प्रभारी और हल्द्वानी से नीता गुप्ता को शहर महिला मोर्चा महामंत्री व तरनजीत कौर को सचिव नियुक्त किया है। संगठन के प्रदेश पदाधिका. रियों ने कहा कि सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल उत्तराखंड में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें व्यापार के क्षेत्र में आगे लाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश अध्यक्ष लाखन निगल्टिया ने कहा कि संगठन लगातार उत्तराखंड में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है, और महिलाओं को व्यापार में अग्रसर करने के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री भुवन भट्ट, डा. अंजना जोशी, दिनेश थुआल, चंदन बिष्ट, नरेश पांडे, संजय त्यागी, अमित चौहान, गंगा साही, ज्योति अवस्थी, प्रगति जैन, मुन्नी बिष्ट, पूनम जोशी, वर्षा आर्या, काजल खत्री, मंजू साह, मंजू भट्ट, संजय बिष्ट, राहुल जोशी, तरुण वानखेड़े, दीपक जोशी ने पदा. धिकारियों को बधाई दी।

# प्रवर्तन विभाग की कार्रवाई

## 42 वाहनों के चालान, 3 सीज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** परिवहन विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए 42 वाहनों के चालान किए गए और 3 वाहनों को सीज किया गया। यह कार्यवाही सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई और आरटीओ डा. गुरदेव सिंह की अगुवाई में की गई। कार्रवाई के दौरान वाहनों के विभिन्न उल्लंघनों जैसे यूनिफार्म न पहनना, वाहनों का सत्यापन न कराना, टैक्स, फिटनेस, परमिट शर्तों का उल्लंघन, निर्धारित मार्ग से भिन्न मार्ग पर संचालन, बिना हेलमेट वाहन चलाना, ट्रिपल राइडिंग आदि के मामलों में सख्ती दिखाई गई। साथ ही, अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रकार की आकस्मिक प्रवर्तन कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी ताकि यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके और सड़क सुरक्षा बढ़ाई जा सके। इस अभियान में सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, आरटीओ प्रवर्तन डा.गुरदेव सिंह, सहायक परिवहन अधिकारी जितेंद्र, टीआई गिरीश कांडपाल, रामचंद्र, परिवहन सुपरवाइजर अनिल कार्की, देवेंद्र बिष्ट, अरविंद, दानिश, प्रवर्तन चालक सूर्य प्रकाश और महेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# मल्ली बमौरी में पेयजल किल्लत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पिछले 15 दिनों से पेयजल किल्लत से जूझ रहे मल्ली बमौरी के लोगों ने स्थानीय पार्षद मुकुल बल्यूटिया के नेतृत्व में बुधवार को जलसंस्थान कार्यालय आ धमके और पेयजल किल्लत को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने चेताया कि अगर शीघ्र ही पेयजल किल्लत से निजात नहीं दिलाई गई तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होगे। बुधवार को मल्ली बमौरी वार्ड-48 के स्थानीय पार्षद मुकुल बल्यूटिया की अगुवाई में साकेत कालोनी व कौशल कालोनी के दर्जनों लोग एकत्र हुए और जलसंस्थान दफ्तार पहुंचे जहां पर उन्होंने पेयजल किल्लत को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान मुकुल बल्यूटिया ने कहा कि वार्ड-48 मल्ली बमौरी के साकेत कालोनी व कौशल कालोनी सहित कई कालो. नियों में पिछले 15 दिनों पानी नहीं आ रहा है जिस कारण से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोग पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हो रहे हैं। बल्यूटिया ने कहा कि कई बार विभागीय अधिकारियों को भी अवगत कराने के बाद भी पेयजल किल्लत का समाधान नही हो पाया। जिससे क्षेत्रवासियों को मजबूरन होकर धरना प्रदर्शन को मजबूर होना पड़ रहा। कहा कि अगर जल्द ही पेयजल व्यवस्था का समाधान नहीं हुआ तो लोग उग्र आंदोलन को बाध्य होगे। प्रदर्शन करने वालों में हरीश सांगुड़ी, गौरव सांगुड़ी, पूनम सांगुड़ी, कमला सांगुड़ी, रूपा देवी, ऋषभ साह, भूपेंद्र कांडपाल, बनवारी लाल, धर्मानंद सांगुड़ी आदि मौजूद रहे।

### केमू की बस ने स्कूटर सवार वृद्ध को कुचला, मौत

**हल्द्वानी।** शहर में किसी काम से आए एक स्कूटर सवार वृद्ध की घर वापसी के दौरान हादसे में मौत हो गई। घटना के बाद बस चालक बस छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पनिया मेहता गांव हैड़ाखान निवासी 62 वर्षीय गंगा राम पुत्र प्रताप राम बुधवार को किसी काम से हल्द्वानी आए थे। दोपहर बाद वह रानीबाग होते हुए घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार केमू बस ने उनके स्कूटर में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही गंगा राम गंभीर रूप से घायल हो गए और बस का चालक घटनास्थल से फरार हो गया। आनन फानन में वृद्ध को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर काठगोदाम थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट ने बताया कि बस को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है।

# जैविक खेती के लिए किया प्रोत्साहित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबी इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित दस दिवसीय सरस आजी. विका मेले के दौरान पांचवे दिवस

### सरस मेले में कृषि विभाग ने लगाई कार्यशाला




बुधवार को कृषि विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभाग द्वारा उपस्थित किसानों को जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के उपयोग एवं भूमि की दूरगामी गुणवत्ता एवं उत्पादन को बढ़ाए जाने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कृषि विशेषग्यों, वैज्ञानिकों सहित जनपद के प्रगतिशील किसानों द्वारा कृषि से सम्बंधित विभिन्न जानकारियां दी गई और इससे होने वाले दीर्घकालिक लाभ के बारे में बताया गया। कार्यशाला में मुख्य कृषि अधिकारी ऋतु कुकरेती ने विभागीय योजनाओं की जानकारी के अतिरिक्त किसानों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही किसान सम्मान निधि के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा जिन किसानों को पीएम सम्मान निधि का लाभ नही मिल रहा है वे अपना नजदीकी डाटा सेंटर में अपडेशन अवश्य करायें। इसके लिए किसानों का आधार कार्ड बैंक खाते से लिंक होना आवश्यक है। कार्यशाला में आए प्रगतिशील किसान नरेन्द्र सिंह मेहरा ने बताया कि जैविक खेती के उपयोग से किसान उत्पाद से दूरगामी लाभ प्राप्त करता है ही, साथ ही उसकी उत्पादन लागत भी 25 से 30 प्रतिशत तक कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती मिट्टी की उर्वरकता और पर्यावरण स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, साथ ही ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में मदद करती है और किसानों की आय में वृद्धि भी करती है। उन्होंने बताया कि जैविक खेती से भूमि की उपजाऊ क्षमता में वृद्धि के साथ ही सिंचाई अंतराल में भी वृद्धि होती है, व रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होने से लागत में भी कमी आती है तथा फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होती है, और बाज़ार में जैविक उत्पादों की मांग बढ़ने से किसानों की आय में भी वृद्धि होती है। उन्होंने जनपद के सभी किसानों से जैविक खेती करने का आहवान किया। इस अवसर पर आंचल कला समिति ने गीतों के माध्यम से कृषकों को जागरूक किया। इस मौंके पर जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, हरीश जोशी, प्रगतिशील किसान माया नेगी, संजय जोशी आदि मौजूद थे।

# अस्पतालों व मेडिकल स्टोर का निरीक्षण

## बिना मानक चल रही एक कैंटीन बंद कराई, मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एचसी पंत के निर्देश पर जिले में मानकों के विपरीत चल रहे अस्पतालों, क्लीनिको और मेडिकल स्टोरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को विवेकानंद हॉस्पिटल, रेडिएंट हॉस्पिटल और नीलकंठ हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया। विवेक. ानंद हॉस्पिटल में एक केंटीन बिना मानकों एवं बिना किसी प्रपत्र के संच. ालित की जा रही थी, जिसको तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिये गए। जबकि नीलकंठ हॉस्पिटल और रेडियंट हॉस्पिटल में समस्त अभिलेख पूर्ण पाये गए। वरिष्ठ



औषधि निरीक्षक ने उक्त सभी अस्पतालों जहां 24 घंटे फार्मेसी संच. ालित की जा रही है, उन पर अतिरिक्त फार्मासिस्ट की तैनाती करने के निर्देश दिये। वही वरिष्ठ औषधि निरीक्षक ने ब्रजवासी फार्मा, न्यू लाइफ मेडिकोज प्रतिष्ठानों में अनियमितता मिलने पर उनके लाइसेंस निलंबन करने की संस्तुति करते हुए इनको बंद करने की कार्यवाही की। जबकि राठौर मेडिकल स्टोर, रावत मेडिकल स्टोर को दवाओं की उचित भंडारण की व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए। साथ ही मौके पर इन प्रतिष्ठानों से एंटीबायोटिक व माउथ गार्गल श्रेणी के तीन औषधि नमूने भी लिए गए। टीम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी डा. रजत भट्ट, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. राहुल लसपाल, वरिष्ठ ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी बिष्ट, वरिष्ठ औषधि निरीक्षक उधमसिंह नगर नीरज कुमार, आयुर्वेदिक विभाग से डा. योगेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

### अज्ञात चालक पर केस

**हल्द्वानी।** एक महीने पहले छड़ायल चौराहे के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर जान गंवाने वाले ठेला कर्मी के मामले में पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पूर्णागिरि कॉलोनी डहरिया निवासी महेश सिंह ने बताया कि उनके ताऊ साधू सिंह को 2 फरवरी की रात गैस गोदाम रोड, छड़ायल चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल उनके ताऊ को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। महेश सिंह ने तहरीर देकर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इधर कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लाप. रवाही बरतने का आरोप लगाते हुए मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है।

# कोतवाली में एसएसपी ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ जन जागरूकता फैलाना और रक्तदान के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विक. सित करने के उद्देश्य से बुधवार को कोतवाली परिसर में एसएसपी के नेतृत्व में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल के डाक्टरों की टीम मौजूद रही। शिविर का शुभारंभ एसएसपी पीएन मीणा ने रक्तदान करके किया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के दौरान एसएसपी पीएन मीणा ने कहा कि नशे के खिलाफ संघर्ष की शुरुआत की, साथ ही एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा रक्तदान से जीवन बचता है और नशे से दूर रहकर हम अपने जीवन और समाज को बेहतर बना सकते हैं। रक्तदान करें, नशे से बचें और दूसरों के जीवन को संजीवनी दें। उन्होंने कहा इस प्रयास से हम न केवल अपने जीवन को बचाते हैं, बल्कि एक स्वस्थ और खुशहाल समाज की ओर कदम बढ़ाते हैं। शिविर के दौरान सभी रक्तदाताओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के समापन पर डा. स्मिता धर्मसक्तू ने एसएसपी पीएन मीणा को सम्मान चिन्ह भेंट किया। रक्तदान शिविर में शिविर में डा. स्मिता धर्मसक्तू, काउंसलर सरिता रावत, नर्सिंग ऑफिसर पुष्कर जीना, प्रयोगशाला प्रति. दीपक पाण्डे, सुरेश पाठक, वेद प्रकाश सहित एसपी क्राइम डा. जगदीश चन्द्र, सीओ नितिन लोहनी, एनआईयू निरीक्षक जीतेन्द्र उप्रेती, निरीक्षक विजय प्रसाद, थानाध्यक्ष तल्लीताल रमेश बोहरा, मंगल पड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश जोशी, चौकी प्रभारी राजपुरा नरेंद्र कुमार, एसआई मनोज कुमार सहित 36 अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान किया।

# 9 महिलाओं को सम्मानित किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पंखुड़ियाँ सांस्कृतिक, पर्यावरण एवं दिव्यांग कल्याण समिति ने एक निजी रेस्टोरेंट में नव ज्योति नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित कर समाज मे उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य कर रही 9 महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लेव कर्नल (रि.) बीएस रौतेला, विशिष्ट अतिथि-पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रश्मि लमगड़िया, पार्षद शैलेन्द्र दानू, एडवोकेट भूपेश दुम्का, विक्की योगी, श्रवण कुमार चौहान, दीपक कुमार ने सभी महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि समाज मे महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें आगे बढ़ाना होगा तभी वह आत्मविश्वास के साथ आत्म निर्भर हो सकती है। उन्होंने कहा कि समाज का स्तर तभी बढ़ सकता हूं, महिलाओं की स्तिथि में निरंतर विकास होगा। इस दौरान डा. अंकिता चांदना, पूनम गुप्ता, आशा दरमवाल, डा. रेनू शरण, सुमन वार्ष्णेय, योगिता बनोला, निकिता सुरकाली, रेनू मौर्या, हिमांशी पलाड़िया को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्मल जोशी, कपिल किशोर व गिरीश सिंह खाती ने अपनी मनमोहक गायकी से कार्यक्रम में शमां बांध दिया।

### योजना का शिलान्यास

**हल्द्वानी।** विधायक बंशीधर भगत ने कुसुमखेड़ा पेयजल योजना में नलकूप निर्माण एवं पेयजल व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के कार्य का बुधवार को शिलान्यास किया। राज्य योजना मद के अंतर्गत 262.53 लाख की लागत से कुसुमखेड़ा पेयजल योजना के तहत नलकूप निर्माण एवं पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जाना है। शिलान्यास के दौरान विधायक भगत ने कहा कि योजना के पूर्ण होने से कुसुमखेड़ा क्षेत्र की एक बड़ी आबादी को इसका लाभ मिलेगा।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय : "उज्जवल" महारानी बाग, जी.एम.एस. रोड, देहरादून-248006
दूरभाष 0135-2763808, फैक्स सं0 0135-2763508
सी.आई.एन. सं0 - U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट : www.ujvnl.com

पत्रांक सं. 171 **निविदा सूचना** दिनांक 05.03.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0 एवं यॉ0) व्यासी डैम जुड्डो, डाकपत्थर यूजेवीएन लिमिटेड, द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
**निविदा संख्या**-18/ अधि0अभि0(वि0 एवं यॉ0)/व्यासी डैम/24-25
**कार्य /पूर्ति/सेवायें का नाम** - Making of 10 Ton capacity hydraulic lift trolly at Juddo, Dakpathar, District Dehradun
**अनुमानित लागत**- Rs. 5,94,000.00 (Rs. Five Lac Ninety Four Thousand Only) +GST
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि**- 07/03/2025 16:00 बजे से।
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि**- 27/03/2025 16:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया www.ujvnl.com देखें।
अधिशासी अभियन्ता (वि0 एवं यॉ0) व्यासी डैम जुड्ड़ों
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**पावरग्रिड बीकानेर ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड**
(पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 100% सब्सिडियरी)
पंजीकृत कार्यालयः बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली 110016

**सूचना**

1. केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष उपरोक्त नामक याचिकाकर्ता ने "राजस्थान आरईजैड फेज-IV (भाग-1) (बीकानेर कॉम्प्लेक्स) - पार्ट-ई" से विद्युत निकासी के ट्रांसमिशन सिस्टम के लिए डीओसीओ से 31.03.2024 तक टैरिफ निर्धारण के लिए याचिका दायर की है।
2. ट्रांसमिशन सिस्टम के लाभार्थी हैं - (क) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ख) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ग) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (घ) पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (ड.) हरियाणा पावर परचेज सेंटर (च) जम्मू और कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (छ) उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ज) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (झ) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (ञ) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (त) चंडीगढ़ बिजली विभाग (थ) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (द) उत्तर मध्य रेलवे (ध) नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (न) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (प) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड।
3. उत्पादन केंद्र की क्षमता/लाइन की लंबाई, ट्रांसमिशन सिस्टम के बे की संख्या:
4. परियोजना के लिए स्वीकृत पूंजी लागत (लाख रुपयों में)- **रु.202.39 करोड़**
5. वाणिज्यिक संचालन की तिथि पर पूंजी लागत (लाख रुपए में):

| परिसंपत्ति | परिसंपत्ति का नाम | परियोजना के लिए स्वीकृत पूंजी लागत (रु. लाख में)- | |
|---|---|---|---|
| | | एफआर | वास्तविक |
| परिसंपत्ति-1 | बीकानेर-II में 1x500 एमवीए, 400/220 केवी आईसीटी-III के साथ संबंधित बे | 4047.79 | 4392.33 |
| परिसंपत्ति-2 | बीकानेर-II में 1x500 एमवीए, 400/220 केवी आईसीटी-IV के साथ संबंधित बे | 4047.79 | 4372.81 |
| परिसंपत्ति-3 | बीकानेर-II में 1x500 एमवीए, 400/220 केवी आईसीटी-V के साथ संबंधित बे | 4047.79 | 4465.61 |

पूंजी लागत को मंजूरी देने वाला प्राधिकरण - निदेशक मंडल

6. वाणिज्यिक संचालन की निर्धारित तिथि:
7. वाणिज्यिक संचालन की वास्तविक तिथि:

| परिसंपत्ति | परिसंपत्ति का नाम | वाणिज्यिक संचालन की निर्धारित तिथि | वाणिज्यिक संचालन की वास्तविक तिथि |
|---|---|---|---|
| परिसंपत्ति-1 | बीकानेर-II में 1x500 एमवीए, 400/220 केवी आईसीटी-III के साथ संबंधित बे | 31.12.2024 | 21.05.2024 |
| परिसंपत्ति-2 | बीकानेर-II में 1x500 एमवीए, 400/220 केवी आईसीटी-IV के साथ संबंधित बे | 31.12.2024 | 10.07.2024 |
| परिसंपत्ति-3 | बीकानेर-II में 1x500 एमवीए, 400/220 केवी आईसीटी-V के साथ संबंधित बे | 31.12.2024 | 29.11.2024 |

8. टैरिफ के विवरण (सिर्फ लागू भाग प्रकाशित करें): (रु. लाख में)

| परिसंपत्ति | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 |
|---|---|---|---|---|---|
| परिसंपत्ति-1 | 572.89 | 798.29 | 837.43 | 848.11 | 845.65 |
| परिसंपत्ति-2 | 482.13 | 793.32 | 833.1 | 844.18 | 841.99 |
| परिसंपत्ति-3 | 255.5 | 838.37 | 859.8 | 864.32 | 861.39 |

9. टैरिफ निर्धारण के लिए दायर याचिका की एक प्रति वेबसाइट **https://www.powergrid.in/en/powergrid-bikaner-transmission-system-limited-0** पर उपलब्ध है।
10. यदि इस याचिका में उल्लिखित टैरिफ निर्धारण के प्रस्तावों पर कोई सुझाव और आपत्ति हो तो लाभार्थी सहित कोई भी व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर आयोग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर दर्ज कर सकता है, जिसकी एक कॉपी याचिकाकर्ता को भेजनी होगी।

**स्थान - बीकानेर**
दिनांक: 05.03.2025
हस्ता.
**श्री के.के. चौधरी**
परियोजना प्रभारी

PG/CC/Notice-207/Advt-267/2024-25 Contad

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
**विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट**
CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

**ई-निविदा सूचना**

अधिशासी अभियनता, विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों को कराने हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत सुरक्षा विभाग से प्रदत्त लाईसेन्सधारी ठेकेदारों/ आपूर्तिकर्ता फर्म जो आयकर, ई०पी०एफ०, जी०एस०टी० में पंजीकृत हों, से मुहरबन्द निविदायें दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र, सम्बन्धित प्रपत्र, नियम शर्तें एवं द्वितीय भाग में दरें) जो कि अनुबन्ध की तिथि से 180 दिन वैध हों, ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा में प्रथम भाग में लगाये जाने वाले प्रपत्र का मूल्य विवरण तथा अन्य समस्त नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र से अवलोकन करना सुनिश्चित करे, जो कि उत्तराखण्ड शासन की ई-निविदा वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर प्राप्त किये जा सकते है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (जी०एस०टी० अतिरिक्त) (रू० लाख में) | निविदा शुल्क (जी०एस०टी० अतिरिक्त) (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू० लाख में) | निविदा क्रय करने हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन एवं ऑफ लाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ऑनलाईन एवं ऑफ लाईन निविदा खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33/2024-25 | विद्युत वितरण खण्ड बड़कोट के अन्तर्गत खण्ड, कार्यालय में विभिन्न प्रकार की सूचनाएं, पत्रावलियां तैयार करना, दस्तावेजों एवं अभिलेखों के रखरखाव आदि का कार्य बाह्य एजेंसी के माध्यम से संपादित कराये जाने का कार्य। | 12.33 | 1000.00 | 0.37 | 18.03.2025 (16:30 बजे तक) | 20.03.2025 (12:30 बजे तक) | 20.03.2025 (12:30 बजे तक) |
| 34/2024-25 | विद्युत वितरण खण्ड बड़कोट के अन्तर्गत विद्युत उपसंस्थान में 01 नं० एस०एस०ओ० के कार्य हेतु बाह्य एजेंसी के माध्यम से कार्य संपादित कराये जाने का कार्य। | 5.07 | 1000.00 | 0.16 | 18.03.2025 (16:30 बजे तक) | 20.03.2025 (12:30 बजे तक) | 20.03.2025 (12:30 बजे तक) |

पत्रांक : 375/वि०वि०ख०ब०/टी०-7 दिनांक : 05/03/2025 **अधिशासी अभियंता**
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल-फ्री नं० -1912"

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी सूचना**

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 31 एस. एल. आर.:
गाड़ी सं. **14816** (F-I, F-II, R-I), **19566** (F-I, F-II, R-I), **12912** (F-I), **14308** (F-I, F-II, R-I), **14631** (F-I, F-II, R-I), **19610** (F-I), **14230** (F-I, F-II, R-I), **12056** (F-I), **14310** (F-I), **14042** (F-I, F-II, R-I), **14120** (F-I), **12172** (F-I), **14090** (F-I, F-II, R-I), **14318** (F-I), **15019** (F-I), **19272** (F-I), **14311** (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक **20.03.25 (Timings: 10:00 am)** को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।
- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 31 एस. एल. आर.:
गाड़ी सं. **14320** (F-I, F-II, R-I), **22918** (F-I), **14236** (F-I, F-II, R-I), **14321** (F-I), **14718** (F-I, F-II, R-I), **12091** ((F-I, F-II, R-I), **14315** (F-I, F-II, R-I), **14605** (F-I), **12037** (F-I), **15120** (F-I), **12018** (F-I) **14887** (F-I, F-II, R-I), **14304** (F-I,F-II,R-I), **14306** (F-I, F-II, R-I), **14314** (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक **21.03.25 (Timings: 10:00 am)** को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

**710/2025**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### जिला परियोजना प्रबंधक ग्रामोत्थान ने किया बुग्गावाला क्षेत्र का निरीक्षण

# महिलाएं लिख रहीं आर्थिक विकास की नई इबारत: सक्सेना

## उन्नत कृषि तकनीक अपनाकर बन रही कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे से प्राप्त निर्देशों के क्रम में बुद्धवार को जिला परियोजना प्रबंधक ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना संजय सक्सेना द्वारा विकासखण्ड भगवानपुर के बुग्गावाला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रकाशमय कलस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) की गतिविधियों का जायजा लिया गया और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी महिला कास्तकारों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कृषि आधारित उद्यमों को बढ़ावा देना, महिला किसानों को सशक्त करना तथा समूह आधारित आर्थिक गतिविधियों को मजबूती प्रदान करना है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी को और अधिक मजबूत करना है। जिला परियोजना प्रबंधक ने स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को कृषि उत्पादन बढ़ाने, गुणवत्तापूर्ण विपणन रणनीतियों को अपनाने और कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग के माध्यम से अधिक लाभ अर्जित



करने के सुझाव भी दिए। निरीक्षण के दौरान प्रकाशमय सीएलएफ के अंतर्गत जुड़ी श्रद्धा स्वयं सहायता समूह की सदस्य मंजु द्वारा बताया गया कि इस वर्ष पांच बीघा भूमि में 450 किलोग्राम आलू के बीज लगाए गए थे, फसल उत्पादन की उन्नत तकनीकि जानकारी होने तथा परिश्रम के परिणामस्वरू कुल 2500 किलोग्राम आलू का उत्पादन हुआ, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी प्राप्त हुई। इस सफलता से न केवल मंजु जी की बल्कि अन्य महिला किसानों को भी प्रेरणा मिली है, जिससे वे उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने के प्रति प्रोत्साहित हो रही हैं। इसके साथ ही प्रकाशमय सीएलएफ के अंतर्गत प्रस्तावित कलेक्शन सेंटर की भूमि का भी निरीक्षण किया गया। परियोजना प्रबन्धक ने सेन्ट के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह कलेक्शन सेंटर स्थानीय किसानों को अपनी उपज के उचित भंडारण और विपणन की सुविधा प्रदान करेगा। निरीक्षण के दौरान, जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना ने विकासखंड स्तरीय स्टाफ को कलेक्शन सेंटर की स्थापना एवं संचालन से जुड़ी आवश्यक तैयारियों के संबंध में उचित दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने सभी की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि प्रकाशमय सीएलएफ और अन्य स्वयं सहायता समूहों की सफलता यह दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन और सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है। प्रशासन द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों का उद्देश्य सरकार की मंशा के अनुरूप महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना है।

# भाजपा नेता की दुकान से 5 लाख के गहने चोरी

**नागरिक ब्यूरो**

**रुड़की।** भाजपा नेता की दुकान से पांच लाख रुपये के गहने चोरी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल कर निरीक्षण किया। सीध डू गांव के राजेश गुप्ता भाजपा की जिला स्तरीय कार्यकारिणी के नेता हैं। उन्होंने गांव में मकान के नीचे वाले हिस्से में ज्वेलरी की दुकान खोल रखी है। रात दुकान बंद करने के बाद वे परिवार समेत मकान की पहली मंजिल पर सो रहे थे। रात करीब डेढ़ बजे पड़ोसी ने उनको फोन करके बताया कि उनकी बंद दुकान के भीतर से आवाजें आ रही हैं। राजेश ने नीचे झांका तो दुकान का शटर कुछ उठा हुआ था। वे शोर मचाते हुए नीचे आए। तब तक चोर भाग गए थे। बाद में उन्होंने चेक किया तो दुकान से लगभग 5 लाख रुपये कीमत के सोने और चांदी के गहने गायब मिले। कोतवाल राजीव रौथाण ने बताया कि राजेश गुप्ता की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की एक टीम को चोरों की शिनाख्त करने में लगाया गया है।

वहीं दूसरी ओर क्षेत्र निवासी एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में कहीं लापता हो गई। पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्रीयवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी किशोरी बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में कहीं लापता हो गई। सभी संभावित स्थानों पर उसकी तलाश करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चल पाया। थाना प्रभारी अंकुर शर्मा का कहना है कि तहरीर के आधार पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# दुकान बेचने के नाम पर हड़पे 12 लाख रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दुकान बेचने के नाम पर एक दुकान मालिक ने ग्राहक से करीब 12 लाख रुपये हड़प लिया। पीड़ित ने इस संबंध में गंगनहर कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार सुभाष नगर निवासी सत्येंद्र कुमार ने तहरीर देकर बताया कि अशोक कुमार निवासी रामनगर से 15 लाख रुपयें में एक दुकान खरीदने की बात तय हुई थी। आरोप है कि पिछले साल 31 सितंबर से लेकर अबतक दुकानदार को करीब 12 लाख रुपये दे दिया है। इसके बाद इसी साल 28 फरवरी को बैनामा करने की बात तय हुई थी। आरोप है कि 28 फरवरी को दुकान मालिक अशोक कुमार बैनामा कराने के लिए उपस्थित नहीं हो पाया। इसके बाद उन्होंने दुकान मालिक से अपनी रकम वापस मांगी तो दुकान मालिक रकम लेकर घर से कहीं चला गया। इंस्पेक्टर ऐश्वर्य पाल ने बताया कि धोखाधड़ी के आरोप में अशोक कुमार निवासी रामनगर कोतवाली गंग नहर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## फर्जी अकाउंट बनाकर अश्लील मैसेज भेजने का लगाया आरोप

**रुड़की।** सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला के नाम पर किसी ने फर्जी सोशल मीडिया बना लिया। साथ ही उसकी फोटो भी लगाई। इस सोशल मीडिया से पिछले कुछ दिनों से अश्लील मैसेज पोस्ट किए जा रहे थे। महिला के किसी परिचित ने जब यह मैसेज देखे तो वह दंग रहा गया। उसने महिला को इसकी जानकारी दी। महिला ने उस फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट को मैसेज कर डिलीट करने के लिए कहा। आरोप है कि उसने महिला को मैसेज कर बदनाम करने की धमकी दी। महिला ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की है। कोतवाली प्रभारी कुश मिश्रा ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

# लंढौरा में धड़ल्ले से चल रहा मिट्टी का खनन

**मांगेराम गौर**

**लंढौरा** लंढौरा क्षेत्र अवैध खनन का गढ़ बना हुआ है। खनन कारोबारी लंढौरा, गाधारोणा, बुक्कनपुर व जौरासी-जबरदस्तपुर में सरकारी भूमि से बालू रेत उठाकर ईट भट्टो तथा हरिद्वार जनपद में तेजी से फैल रही कॉलोनीयों में भराव के लिए रेत सप्लाई कर राजस्व को प्रत्येक माह लाखों की चपत लगा मोटी कमाई कर रहे हैं।

लंढौरा, गाधारोणा ,बुक्कनपुर व जौरासी-जबरदस्तपुर गांव में सरकारी जमीनों से खनन माफिया दिन रात पुलिस व प्रशासन से बैखौफ होकर जेसीबी ट्रैक्टर ट्राली व डंपरो की मदद से बालू रेत उठा रहे हैं। जिससे आसपास के किसानों की फसलों व राजस्व को काफी नुकसान पहुंच रहा है। खनन माफियाओं ने लंढौरा में आईटीआई कॉलेज के पास व गाधारोना में बालाजी मंदिर के समीप सरकारी भूमि से करीब 80 फीट गहराई तक बालू रेत उठा लिया है। खनन से लदी ट्रैक्टर ट्रॉलीया व डंपर पुलिस चौकी के सामने



रोजाना गुजरते देखे जा सकते हैं। हालांकि कभी कभार स्थानीय पुलिस व प्रशासन अधिकारी महज दिखावे के लिए इक्का दुक्का वाहनों को अवैध खनन में सीज कर खानापूर्ति करते है। कुछ खनन कारोबारी परमिशन लेकर भी खनन करते हैं। मगर खनन कारोबारी प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से परमिशन कहीं और की लेते हैं। मिट्टी कही और से उठाते हैं। मिट्टी डालनी कही और होती है। मगर डलती कहीं और है। आलम यह है कि दिन के उजाले तक मिली परमिशन रात के अंधेरे तक चलती है। खनन से लदे ओवरलोड वाहनों की चपेट में आने से कई लोगों की जान भी जा चुकी है। यही नहीं खनन में वर्चस्व को लेकर विगत माह खनन कारोबारियों के बीच गोलीबारी की घटना भी घटित हो चुकी है। इतना सब कुछ होने व जानने के बाद भी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी अवैध खनन पर अंकुश लगा पाने में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। जबकि ग्रामीण लंबे समय से क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन पर रोक लगाने की लंबे समय से मांग कर रहे हैं।

# रुड़की पुलिस ने दो वारंटी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रूडकी पुलिस ने अभियान चलाकर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पकडे गये अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार गैर जमानतीय वारण्ट/ईनामी/वाँछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पूरे जिले मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा अभियान चालाया जा रहा है, जिसके क्रम मे थाना प्रभारी के द्वारा थाना स्तर पर टीम गठीत कर गैर जमानतीय वारण्ट की तामील हेतु टीम को रवाना किया गया। जिसके क्रम मे न्यायालय से प्राप्त वारण्टो पर वारण्टी अभि0 1-बृजेश उर्फ चाउ पुत्र ईलम चंद निवासी ग्राम ढंडेरा कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार 2-समीर पुत्र शाहनवाज निवासी प्राचीन शिव मंदिर वाली गली ढंडेरा को संबंधित बाद संख्या 352/ 24 धारा 457, 380, 411, भादवि में ढंडेरा से गिरफ्तार किये गये। अभियुक्त गण को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में उ0नि0 विपिन कुमार कोतवाली रूडकी का0 अनिल चौहान कोतवाली रूडकी शामिल रहे।

# लक्सर पुलिस ने दबोचा नशे का सौदागर, 18.79 ग्राम स्मैक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा अवैध नशा तस्करों के खिलाफ छापेमारी करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 18 .79 ग्राम अवैध स्मेंक बरामद हुई है। जानकारी पर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाणने बताया ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 अभियान को सफल बनाने के कर्म में एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद को नशा मुक्त करने अवैध शराब स्मेंक चरस गांजा आदि तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जाने के लिए निर्देशित किया था जिसमें 3 मार्च 2025 को मुखबिर के द्वारा सूचना पर खड़ंजा कुतुबपुर से आगे बीजोपूरा तिराहे के पास एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 18. 79 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने



अपना नाम मोहसिन पुत्र कल्लू निवासी कस्बा साहनपुर थाना नजीबाबाद जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश उम्र 38 वर्ष बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक दीपक चौधरी हेड कांस्टेबल रियाज अली पंचम प्रकाश कांस्टेबल गंगा सिंह शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## ट्यूबवेल में चोरी का मामल, अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के मेहवड कलां गांव के ट्यूबवेल में हुई चोरी के मामले में पुलिस पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

रुड़की सिविल लाइन निवासी हाजी शौकीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 28 फरवरी की रात को मेहवड कलां के जंगल में लगे उसके ट्यूबैल से अज्ञात चोरो ने ट्यूबैल की छत फाडकर उसके अदंर रखे स्टार्टर, केबिल,एमसीवी, आदि अन्य समान चोरी कर लिया हैं। और पूरा ट्यूबवेल को खराब कर दिया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं। एसओ दिलवर सिंह ने नेगी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं

# लक्सर पुलिस ने एक गोमांस तस्कर को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर दबीश देकर एक गोमांस तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 25 किलो गौमांस बरामद हुआ है। उसका एक अन्य साथी फरार हो गया। पकड़े गए व्यक्तियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। जानकारी करने पर लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा अपराधिक गतिविधियों में सलीप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए सभी कोतवाली प्रभारी थाना अध्यक्ष को निर्देशित किया गया था। 5 मार्च 2025 को एक व्यक्ति को 15 किलोग्राम गोमांस के सात कासमपुर बुड्डा हेड़ी से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम मोनू पुत्र फुरकान निवासी ग्राम कासमपुर बुड्डा हेड़ी थाना पथरी जनपद हरिद्वार बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में अउप निरीक्षक रंजीत नौटियाल कांस्टेबल संदीप रावत होमगार्ड मदन शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# अवैध चाकू के साथ एक युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा अवैध चाकू के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी पर लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथान ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में सलिप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए सभी कोतवाली प्रभारी थाना अध्यक्ष को निर्देशित किया गया था जिसमें अलग-अलग पुलिस टीम बनाई गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम इदरीश पुत्र अल्लू निवासी आजमनगर चोपड़ा थाना हजरत नगर गढी सोनकपुर जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में अउप निरीक्षक रंजीत नौटियाल कांस्टेबल रघुनाथ होमगार्ड बंगाल शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# लक्सर पुलिस ने चार वारंटी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर चार वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी करने पर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा माननीय न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओ को सत प्रतिशत तामिल करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया गया था जिसमें लक्सर पुलिस द्वारा न्यायालय से जारी आदेशिकाओ की तामिल के लिए पुलिस टीम बनाई गई गठित पुलिस टीम के द्वारा अलग-अलग जगह से छापेमारी करते हुए चार वारंटीयो को न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार किया गया। जिनके नाम विक्रम सिंह पुत्र सक्टू राम निवासी खेड़ी मुबारकपुर सुमित पुत्र छोटा निवासी राजबपुर सोनू पुत्र किशन निवासी ग्राम फतवा किशन पुत्र गरीबा निवासी ग्राम फतवा बताया। उनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सुल्तानपुर पुलिस चौकी प्रभारी लोकपाल परमार उपनिरीक्षक दीपक चौधरी उप निरीक्षक हरीश गैरोला हेड कांस्टेबल शूरवीर सिंह कांस्टेबल अमित रावत वीरेंद्र जगत सिंह कपिल देव शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**खोया पाया सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाई स्कूल उत्तराखंड बोर्ड वर्ष 2004 की अंक तालिका अनुक्रमांक नंबर 006590 वास्तव में कहीं खो गई है जिसका प्रयोग किसी अन्य के लिए अवैध होगा।

**कु. मानसी गोयल पुत्री स्व : सुरेश कुमार नि. वार्ड नंबर-3 शिवपुरी लक्सर, जनपद हरिद्वार।**

## न्यायालय के आदेश पर एक युवक दबोचा

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी पर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त आदेशकाओं को शतप्रतिशत तामिल करने के लिए निर्देशित किया गया था जिसमे पुलिस टीम बनाई गई पुलिस टीम के द्वारा न्यायालय से जारी आदेशिकाओ पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सचिन कुमार पुत्र महेंद्र सिंह निवासी शेठपुर थाना कोतवाली लक्सर हरिद्वार बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में कमलकांत रतूड़ी उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह हेड कांस्टेबल शूरवीर सिंह कांस्टेबल महेंद्र सिंह अनिल वर्मा शामिल रहे।

# भगवानपुर मीडियाकर्मियों ने फूंका रुड़की विधायक का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** नगर निगम रुड़की बोर्ड की बैठक के दौरान भाजपा विधायक प्रदीप बत्रा द्वारा पत्रकारों से धक्का मुक्की और अभद्र व्यवहार का प्रकरण तूल पकड़ता जा रहा है आज भगवानपुर के पत्रकारों ने तहसील परिसर में भाजपा विधायक प्रदीप बत्रा का पुतला फूंका और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की पत्रकार खासे गुस्से में थे । वरिष्ठ पत्रकार आदिल राणा ने कहा कि प्रदीप बत्रा सत्ता के नशे में डूब चुके है और वो भूल गए है कि राष्ट्र का चौथा स्तंभ पत्रकार होते हैं जिनसे पंगेबाजी करना उन्हें भारी पड़ेगा और पत्रकार आंदोलन की राह पर निकल पड़े है। उन्होंने कहा कि प्रदीप बत्रा को सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए और इस प्रकरण को खत्म करना चाहिए। नहीं तो आने वाले समय में ये लड़ाई बड़े स्तर से लड़ी जाएगी। वहीं वरिष्ठ पत्रकार राव तौसीफ अली ने कहा कि जब लोकसभा और विधानसभा का सत्र चलता है तो उसमें भी पत्रकारों को कवरेज करने की अनुमति होती है। तो नगर निगम कौन सी बड़ी चीज है। उन्होंने कहा कि प्रदीप बत्रा माफी मांगे नहीं तो अभी तो सिर्फ पुतला दहन किया जा रहा है इसके बाद धरना प्रदर्शन किया जाएगा और अगर फिर भी माफी नहीं मांगते है तो आत्मदाह करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। इसके अलावा सभी पत्रकारों में बहुत गुस्सा देखने को मिला और सभी ने एक राय होकर कहा कि विधायक इस प्रकरण में माफी मांगे नहीं तो आंदोलन की राह लंबी करने से भी वो पीछे नहीं है। पत्रकारों द्वारा एक ज्ञापन तहसील प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम भेजा गया।

# पत्रकारों ने विधायक बत्रा के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर निगम बोर्ड बैठक के दौरान पत्रकारों के साथ शहर विधायक प्रदीप पत्र द्वारा बदसलूकी किए जाने के बाद रूडकी पहुँची विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी को आज रूडकी के दोनों प्रेस क्लब के माध्यम से एक ज्ञापन देकर विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

अवगतकर दें कि 3 दिनों पहले नगर निगम रूडकी की बैठक के दौरान के दौरान मेयर और रूडकी विधायक प्रदीप बत्रा के द्वारा रूडकी के पत्रकारों को बैठक में कवरेज के लिए नही जाने दिया गया था और खुद पत्रकारों के साथ विधायक ने बदसलू की की थी जिसको लेकर पत्रकार समाज मे विधायक प्रदीप बात्रावा मेयर अनीता अग्रवाल की कार्य शैलीको लेकर भारी रोष व्याप्त है। जिसके चलते आज सभी पत्रकारों ने रूडकी के एक कार्यक्रम में पहुँची विधायक सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी को एक ज्ञापन सौंपा और विधायक प्रदीप बत्रा पर उचित कार्यवाही करने की बात



कही वही ऋतु खंडूरी ने सभी पत्रकारों को इस सम्बंध में उचित कार्यवाही की बात कही। इस अवसर परशहर के पत्रकार मौजूद रहे।

## एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर

# मंत्री पर अनावश्यक दबाव न डालने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** अनिल कुमार अग्रवाल एडवोकेट आदि के द्वारा एसडीम के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की केबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल पर अनावश्यक दबाव न डालने की मांग।

एडवोकेट अनिल कुमार अग्रवाल ने कहा कि कैबिनेट मंत्री विगत दिनों उत्तराखंड सरकार में कई वर्षों से निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य कर रहे है माननीय प्रेमचंद अग्रवाल कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार पर कुछ लोग के द्वारा राजनीति के तहत गलत आरोप लगाते हुए उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा उत्तराखंड जैसे सुंदर एवं देवतुल्य प्रदेश की सत्य निष्ठा से की जा रही सेवा को कुछ लोगों द्वारा भूलाकर समाज में कटुता उत्पन्न की जा रही है वह अत्यंत खेद जनक एवं निंदनीय है जिसका हम इस ज्ञापन के द्वारा घोर विरोध करते है। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा राज्य की प्रगति संबंधी विकास कार्य अतीत में किया जाते रहे हैं। उन्होंने कहा राज्य को बांटने एवं



मान्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल पर झूठे आरोप लगाने एवं साजिश रचकर उनकी छवि धूमिल करने वालों के विरुद्ध अपने स्तर से कार्रवाई करने की भी मांग की है। पत्र देने वालों में लक्सर के दर्जनों अधिवक्ता शामिल रहे है। उन्होंने कहा कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के द्वारा कराये जा रहे सही कार्य पर कुछ लोग राजनीति करने पर तुले हुए हैं जो गलत है।



मुकद्दस रमजान 06

सुन्नी

गुरूवार शुक्रवार
अफतार सेहरी
6:22 5:18

शिया

गुरूवार शुक्रवार
अफतार सेहरी
6:27 5:23

मुकद्दस रमजानुल मुबारक की हार्दिक शुभकामनाऐं



हाजी मौहम्मद सुलेमान अंसारी
प्रदेश सचिव
कांग्रेस कमेटी उत्तराखण्ड
पूर्व ग्राम प्रधान
मेहुंवाला माफी, देहरादून।

## छात्र छात्राओं को होमस्टे के बारे में कराया अवगत

शाह टाइम्स संवाददाता

**लैंसडाउन ।** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जयहरीखाल में आयोजित देव भूमि उद्यमिता कार्यक्रम के सातवें दिन नोडल प्रभारी डॉ विक्रम सिंह ने छात्रों को उद्यमिता विशेषज्ञ हिमांशु बार्थवाल और राहुल से परिचित कराया। इन विशेषज्ञों के पास आतिथ्य और सेवा क्षेत्र में व्यापक अनुभव है, जिससे छात्रों को उद्यमिता के नए आयामों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान हिमांशु बार्थवाल ने होमस्टे विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने उत्तराखंड में आतिथ्य क्षेत्र में मौजूद अवसरों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राज्य सरकार उद्यमिता शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता और सब्सिडी प्रदान कर रही है। उन्होंने होमस्टे से संबंधित विभिन्न योजनाओं और तस्वीरों के माध्यम से इसके महत्व को समझाया। बार्थवाल ने होमस्टे के कमरों को सजाने के लिए ऐपर्ण आर्ट के महत्व पर जोर दिया और सुझाव दिया कि होमस्टे को गूगल मैप पर रजिस्टर करना चाहिए, ताकि इसे वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित किया जा सके। उन्होंने होमस्टे के लिए मूलभूत आवश्यकताएं भी साझा कीं, जिनमें बताया कि होमस्टे मालिक के घर से जुड़ा होना चाहिए। कमरा अच्छा और पारंपरिक रूप से सजाया गया होना चाहिए। होमस्टे में अधिकतम 6 कमरे होने चाहिए और एक समय में 12 लोगों तक की क्षमता होनी चाहिए।

# मोदी के दौरे से जीएमवीएन को अपने दिन बहुरने की आस

## पीएम के दौरे से पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन की उम्मीद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मुखवा और हर्षिल आ रहे हैं। उत्तरकाशी जिले के ये दोनों स्थान धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं।

इस पूरे क्षेत्र में जीएमवीएन की गतिविधियां बहुत पहले से संचालित हो रही हैं। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री के दौरे से न सिर्फ उत्तरकाशी, बल्कि अन्य जगहों पर भी जीएमवीएन की पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। जीएमवीएन के एमडी विशाल मिश्रा का कहना है कि पर्यटन गतिविधियों को निगम बखूबी संचालित कर रहा है। और बेहतर स्थिति बनने की पूरी उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड आगमन से पर्यटन क्षेत्र को सबसे ज्यादा आस है। पर्यटन की प्रमुख एजेंसी गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन) भी बेहतरी की उम्मीद संजोए हुए है। पिछले पांच वर्षों में जीएमवीएन ने पर्यटन गतिविधियों को विस्तार देते हुए अपना टर्नओवर लगातार बढ़ाया है। उम्मीद की जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से स्थिति और बेहतर होगी।

■ निगम का बढ़ रहा टर्नओवर, साहसिक स्पोर्ट्स से संभावनाएं जग रहीं
पिछले पांच वर्षों में निगम ने अपनी माली हालत को किया बेहतर



**साहसिक गतिविधियों में जग रही संभावनाएं**

यूं तो जीएमवीएन की कमाई के सबसे बडे स्रोत उसके रेस्ट हाउस और कैंटीन हैं, लेकिन पिछले पांच वर्षो में साहसिक गतिविधियों से जुडे क्षेत्र में भी जीएमवीएन ने काफी संभावनाएं जगाई हैं। इसमे वॉटर स्पोर्ट्स और माउंटेन से संबंधित डिवीजन लगातार अच्छी प्रगति कर रहे है। पांच वर्ष पूर्व जहां माउंटेन डिवीजन व वॉटर स्पोर्ट्स से करीब 15 लाख रूपये तक की कमाई हो रही थी, वहीं इस वित्तीय वर्ष में अभी तक कमाई का आंकड़ा 75 लाख के करीब पहुंच गया हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया है। शीतकालीन यात्रा के लिए उनका उत्तराखंड आना सौभाग्यसूचक है। इससे निश्चित तौर पर उत्तराखंड की शीतकालीन यात्रा को तेजी मिलेगी। मैं सभी उत्तराखंडवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री जी का स्वागत करता हूं। साथ ही, उनके प्रति आभार भी प्रकट करता हूं। - **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

# एमएलसी शाहनवाज ने सदन में उठाया डा.अंबेडकर पार्क की दुर्दशा का मुद्दा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** कैलाशपुर के बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर पार्क की दुर्दशा का मुद्दा सदन में उठाते हुए सपा एमएलसी शाहनवाज खान ने इस दिशा में समुचित कदम उठाये जाने की मांग की। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने पार्क की स्थिति सुधारने के निर्देश दिये।

सदन में एमएलसी शाहनवाज खान ने कहा कि कैलाशपुर में बनाये गये बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर पार्क के वन विभाग ने गेट बंद कर दिये है और वहां पर पकडी गई लकडियों को रखा गया है। पार्क में कोई सफाई व्यवस्था नहीं है, बेंच और अन्य सुविधाएं खराब हो गई हैं। वहां पर घास जमा पड़ा है।



शाहनवाज खान ने इस मामले में भाजपा सरकार की अनदेखी का आरोप लगाया और कहा कि पार्क की दुर्दशा के लिए सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने सदन में मांग करते हुए कि सरकार पार्क की रख-रखाव की व्यवस्था में तत्काल परिवर्तन करे ताकि पार्क का सौन्दर्यकरण बना रहे।

## लाभांवित किए जा चुके 800 किसान: मनीष

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री कुसुम योजना सरकार द्वारा शुरू की गई एक योजना है जिसका उद्देश्य किसानों को सौर ऊर्जा उत्पादन में शामिल करके उनकी आय को बढ़ाना है। कुसुम योजना के तहत किसानों को अपने खेतों में सोलर पंप स्थापित करने, सोलर पावर प्लांट लगाने और भूमि पर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। पीएम कुसुम योजना के माध्यम से किसान न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर आय भी अर्जित कर सकते हैं। प्रधानमंत्री कुसुम योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र को स्वच्छ ऊर्जा से सशक्त बनाना, किसानों की आय में वृद्धि करना और पर्यावरण को संरक्षित करना है।

## केदारनाथ रोपवे की मंजूरी पीएम के उत्तराखंड से अटूट प्रेम का नतीजा: महाराज

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश के लिए अत्यंत प्रसन्नता और गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को उत्तरकाशी जनपद स्थित गंगोत्री धाम के शीतकालीन पूजा स्थल हर्षिल-मुखबा में शीतकालीन यात्रा का संदेश देने के लिए हमारे बीच पहुंच रहे हैं। अपने दौरे से पूर्व उनका केन्द्रीय कैबिनेट से प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण सोनप्रयाग से केदारनाथ और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक रोपवे को मंजूरी देना उनके उत्तराखंड के प्रति अटूट प्रेम और स्नेह को प्रदर्शित करता है।

यह बात पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तराखंड को रोपवे की बड़ी सौगात देने पर उनका आभार व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक क्षण है कि उनकी कैबिनेट ने नेशनल रोपवे डेवलपमेंट प्रोग्राम-पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9



किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना को मंजूरी दी है, जिसकी कुल लागत 4,081.28 करोड़ रुपये है। इससे सबसे बड़ा लाभ यह है कि मौजूदा समय में 8-9 घंटे लगने वाली यात्रा घटकर मात्र 36 मिनट रह जाएगी। केदारनाथ रोपवे से यात्रा का समय 8-9 घंटे से घटकर 36 मिनट हो जाएगा। महाराज ने केंद्रीय कैबिनेट के फैसले का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का पर्वतमाला परियोजना के तहत गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना के विकास को मंजूरी दिए जाने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की है।

# तीर्थयात्रियों के लिए वरदान होगी दोनों रोपवे की परियोजनाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** केन्द्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम के तहत पर्वतमाला परियोजना के अन्तर्गत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ (12.9 किमी) तक रोपवे को मंजूरी दी है। परियोजना का डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और स्थानांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर 4,081.28 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत पर विकसित किया जाएगा। रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटेचेबल गोंडोला (3एस) तकनीक पर आधारित होगा। इसकी डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटे प्रति (पीपीएचपीडी) होगी, जो प्रतिदिन 18 हजार यात्रियों को ले जाएगी।

यह रोपवे परियोजना केदारनाथ आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए वरदान होगी क्योंकि यह पर्यावरण-अनुकूल, आरामदायक और तेज कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और एक दिशा में यात्रा का समय लगभग 8 से 9 घंटे से घटकर लगभग 36 मिनट कर देगी।

रोपवे परियोजना निर्माण और संचालन के साथ-साथ आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय पदार्थ (एफ एंड बी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पूरे वर्ष रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराएगी। रोपवे परियोजना का विकास संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, पहाड़ी क्षेत्रों में लास्ट मील कनेक्टिविटी को बढ़ाने और तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

वर्तमान में केदारनाथ मंदिर तक की यात्रा गौरीकुंड से 16 किमी की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और इसे पैदल, घोड़ा-खच्चर, पालकी और हेलीकॉप्टर से किया जाता है। प्रस्तावित रोपवे की योजना मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करने और सोनप्रयाग तथा केदारनाथ के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। केदारनाथ 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक है जो उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में 3,583 मीटर (11968 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है।

केन्द्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम - पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड राज्य में गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी (12.4 किमी) तक रोपवे परियोजना के विकास को भी दी मंजूरी ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी तक 12.4 किलोमीटर रोपवे परियोजना के निर्माण को भी मंजूरी दी है। इस परियोजना का डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर विकसित किया जाएगा, जिसकी कुल पूंजीगत लागत 2,730.13 करोड़ रुपये होगी। वर्तमान में हेमकुंड साहिब जी की यात्रा गोविंदघाट से 21 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और इसे पैदल, घोड़ा-खच्चर, पालकी से किया जाता है। प्रस्तावित रोपवे की योजना हेमकुंड साहिब जी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों और फूलों की घाटी में आने वाले पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गई है और यह गोविंदघाट और हेमकुंड साहिब जी के बीच हर मौसम में अंतिम मील की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगी।

रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह गोविंदघाट से घांघरिया (10.55 किमी) तक मोनोकेबल डिटैचेबल गोंडोला (एमडीजी) पर आधारित होगा, जिसे घांघरिया से हेमकुंड साहिब जी (1.85 किमी) तक सबसे उन्नत ट्राइकेबल डिटैचेबल गोंडोला (3 एस) तकनीक से जोड़ा जाएगा, इसका डिजाइन इस तरीके से तैयार किया जाएगा जिससे इसकी क्षमता प्रति घंटे प्रति दिशा 1,100 यात्री (पीपीएचपीडी) होगी और यह प्रतिदिन 11,000 यात्रियों को ले जाएगा।

रोपवे परियोजना निर्माण और परिचालन के दौरान और साथ ही पूरे वर्ष आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय (एफ एंड बी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा करेगी। रोपवे परियोजना का विकास संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, तीर्थयात्रियों के लिए अंतिम मील तक कनेक्टिविटी बढ़ाने और क्षेत्र के तीव्र आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हेमकुंड साहिब जी उत्तराखंड राज्य के चमोली जिले में 15,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित तीर्थ स्थल है। इस पवित्र स्थल पर स्थापित गुरुद्वारा मई से सितम्बर के बीच साल में लगभग 5 महीने के लिए खुला रहता है और हर साल लगभग 1.5 से 2 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।

# केदारनाथ और हेमकुंड रोप वे की मंजूरी पीएम के दौरे से पहले बड़ी सौगात: भट्ट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा ने केंद्रीय कैबिनेट में केदारनाथ और हेमकुंड रोप वे की मंजूरी पर खुशी जताते हुए इसे पीएम दौरे की बड़ी अग्रिम सौगात बताया है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भक्तों की भगवान से दूरी कम करने वाले इन परियोजनाओं के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है। वहीं इसे स्थानीय पर्यटन व्यवसायियों के लिए स्वर्णिम युग लाने वाला बताया।

भट्ट ने पीएम के दौरे के लिए उत्तरकाशी रवाना होने के दौरान केंद्र से आई इस सूचना को इन पावन धामों की तस्वीर बदलने वाला बताया। उन्होंने कहा कि 2014 में पीएम बनने के बाद से केंद्र सरकार ने देवभूमि में अनेक ऐतिहासिक विकास के कार्य किए हैं। जिसमें श्री बद्रीनाथ श्री केदारनाथ धाम में हो रहे पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण के प्रोजेक्ट ने वहां की भव्यता और दिव्यता को अधिक अलौकिक बनाया।



इसी तरह ऑल वेदर रोड समेत अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण से अभूतपूर्व सुधार हुए, जिससे चार धाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या नित नए रिकार्ड बना रही है।

उन्होंने कहा कि मोदी जी ने श्री केदारनाथ धाम और हेमकुंड साहिब की कठिन पैदल यात्रा में श्रद्धालुओं को होने वाली तकलीफों का अहसास किया। यही वजह है कि उन्होंने पर्वतमाला योजना में दोनों स्थानों में रोपवे प्रोजेक्ट निर्माण की घोषणा की थी। इसके बाद प्रोजेक्ट से जुड़े तमाम सर्वे और भौतिक रिपोर्टों को पूरा किया गया और अब जब पीएम मोदी आ रहे हैं तो उनके संज्ञान में जनता से किया यह वादा याद रहा।

उन्होंने कहा कि जब भी पीएम देव भूमि आते हैं, तब कोई न कोई सौगात देकर जाते हैं, लेकिन इस बार मोदी ने आने से पहले ही इसकी घोषणा कर देवभूमिवासियों का फिर से दिल जीत लिया है।

उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट से दोनों पावन स्थलों की दूरी घंटों से मिनटों में बदलने वाली है। लिहाजा हम कह सकते हम कि उनकी कैबिनेट की इस एक मंजूरी से भक्तों की अपने भगवान से दूरी कम करने वाली है। ये दोनों प्रोजेक्ट श्रद्धालुओं की सुगमता के साथ स्थानीय पर्यटन व्यवसाय के लिए स्वर्णिम युग लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि, डबल इंजन सरकार की इस डबल सौगात के लिए प्रत्येक देवभूमिवासी प्रधानमंत्री का सदैव ऋणी रहेगा।

## करोड़ों के बजट पर जताई सहमति


**नानौता।** चीनी मिल में डीएम की अध्यक्षता में नवनिर्माण के लिए करोड़ों रुपए के बजट पर सहमति जताई गई तथा किसान हितों तथा मिल में भंडारण क्षमता बढ़ाने पर विचार विमर्श किया। बैठक में मुख्य रूप से किसानों द्वारा लाए जा रहे गन्ना वाहनो को हो रही असुविधा के लिए केन यार्ड में दो ट्राली लाइन तथा एक हिच बुग्गी लाइन के लिए सीसी रोड का निर्माण कांटा संख्या 1 व 2 पर आर सीसी फर्श निर्माण तथा चीनी गौदाम संख्या 11 से बायलर संख्या 4 व 5 हेतु बने ऐश पोड़ पर आर सी सी सड़क निर्माण कार्य जिससे किसानों को लाभ होगा तथा चीनी भंडारण के लिए एक लाख कुतंल का गौदाम बनाने आदि कार्यों पर सहमति बनी। इस अवसर पर उपसभापति रविन्द्र पुंडीर, सचिव जय प्रकाश, संचालक विनोद कुमार, सुमन, अरविंदर सिंह, नवाब सिंह, अरूण कुमार, संजयवीर राणा, दल सिंह, प्रदीप राणा, जयपाल सिंह सहित सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

# रोपवे परियोजना से आसान होगा केदारनाथ और हेमकुंड साहिब का सफर: डा. अग्रवाल

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल में केदारनाथ तथा हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना को मंजूरी मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने उत्तराखंड दौरे से पूर्व एक बार पुन: उत्तराखंड को सौगात दी है।

कैबिनेट मंत्री डॉ अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम की पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना को मंजूरी दे दी है। जिसकी लागत लगभग 4,081.28 करोड़ रुपये हैं, जबकि लगभग 2730 करोड़ रूपये की लागत से गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना के विकास को मंजूरी दी है।



डॉ अग्रवाल ने कहा कि केदारनाथ में दुर्गम रास्ते और चढ़ाई की वजह से श्रद्धालुओं को आवागमन में दिक्कतें आती थी। कहा कि चढ़ाई के कारण श्रद्धालुओं को केदारनाथ पहुंचने में 7 से 8 घंटे लगते थे। मगर, अब श्रद्धालु बिना चढ़ाई चढ़े केदारनाथ तक पहुंच सकेंगे। साथ ही कुछ ही घंटों में सफर भी गुजर जाएगा।

डॉ अग्रवाल ने कहा कि हेंमकुड साहिब का सफर तीन दिन के बजाए कुछ घंटों का ही रह जाएगा। इस तरह हर उम्र के लोग आसानी से केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि रोपवे परियोजना केदारनाथ आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए एक वरदान होगी। यह परियोजना पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ ही आरामदायक और तेज कनेक्टिविटी देगी। इससे समय की काफी बचत होगी। इससे राज्य की आर्थिकी को बढ़ावा मिलेगा।

■ कैबिनेट मंत्री ने केदारनाथ तथा हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंजूरी मिलने पर जताया प्रधानमंत्री मोदी का आभार , कहा - हर उम्र के लोग आसानी कर सकेंगे दर्शन

# स्वास्थ्य मंत्राी डॉ. रावत ने किया अहमदाबाद के चिकित्सा संस्थानों का भ्रमण

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**अहमदाबाद/देहरादून।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अपने गुजरात भ्रमण के दौरान आज अहमदाबाद में यू.एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर तथा बी.जे. मेडिकल कॉलेज का दौरा किया। जहां उन्होंने चिकित्सा संस्थानों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर शैक्षणिक, प्रशासनिक व स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि यू.एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर की मदद से प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में बाल हृदय रोगियों के उपचार के लिये विशेष व्यवस्था की जायेगी।

अहमदाबाद के राजकीय प्रवास के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को प्रतिष्ठित यू.एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर का भ्रमण किया। जहां उन्होंने अधिकारियों के साथ



बैठक कर संस्थान के चिकित्सकीय एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन ने पावर प्वांइट प्रस्तुति के माध्यम से हृदय रोग देखभाल, उपचार सेवाओं और नवीनतम चिकित्सा प्रणालियों के बारे में जानकारी दी।

डॉ. रावत ने बताया पीडियाट्रिक कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम के उपचार में यह चिकित्सा संस्थान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुका है। जहां प्रत्येक वर्ष विभिन्न देशों से सैकड़ों हृदय रोगी उपचार के लिये आते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में भी इसी स्तर की बाल हृदय चिकित्सा सुविधाएं विकसित की जायेंगी, जिससे नवजातों में हृदय रोग की समय पर पहचान और उपचार संभव हो सके। इसके लिये यू.एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर की मदद से एक ठोस कार्ययोजना बनाकर उत्तराखंड के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में भी बाल हृदय रोगियों के उपचार की व्यवस्था की जायेगी।

डॉ. रावत ने इसके उपरांत बी.जे. मेडिकल कॉलेज का दौरा किया। जहां उन्होंने विशेषज्ञ चिकित्सकों, मेडिकल स्टॉफ और छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर कॉलेज की शिक्षा प्रणाली, स्वास्थ्य सुविधाएं और चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सिविल अस्पताल का भी दौरा किया और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अस्पताल भ्रमण के दौरान डॉ. रावत ने मरीजों व उनके तीमारदारों से मिलकर उनके अनुभवों के बारे में जानकारी ली। डॉ. रावत ने बताया कि अहमदाबाद का सिविल अस्पताल अंग दान के क्षेत्र में देशभर में अग्रणी है और यहां चिकित्सा सेवाएं अत्यधिक उन्नत है।

# मदरसों की सीलिंग के खिलापफ कोर्ट जाएगी जमीअत

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड के देहरादून जिले में जिला प्रशासन की और से बिना किसी पूर्व सूचना एवं वैधानिक प्रक्रिया का पालन किए अनेक मदरसों एवं मकतबों को सील कर दिया गया। यह कार्यवाही भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 का स्पष्ट उल्लंघन है, जो अल्पसंख्यकों को अपनी भाषा, संस्कृति और धर्म के अनुरूप शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने एवं संचालित करने का मौलिक अधिकार प्रदान करता है।

यह बात बुधवार को जमीअत के प्रदेश महासचिव मौलाना शराफत अली कासमी ने मदरसा दार-ए-अरकम में आयोजित एक बैठक के दौरान कही।

उन्होने कहा कि जमीअत उलेमा-ए-हिंद की ओर से, इस कार्यवाही को अल्पसंख्यक समुदाय के शैक्षिक एवं धार्मिक अधिकारों का हनन मानते हुए इसका कड़ा विरोध करते हैं। इस कार्रवाई के कारण कई विद्यार्थियों की शिक्षा बाधित हुई है, जिससे उनके भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही, यह धार्मिक स्वतंत्रता एवं शिक्षा के अधिकार का भी हनन है, जिसे भारतीय संविधान द्वारा संरक्षण प्राप्त है। उन्होने उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिख कहा कि सील किए गए सभी मदरसों एवं मकतबों को अविलंब पुन: खोला जाए ताकि विद्यार्थियों की शिक्षा बाधित न हो। इस मनमानी कार्यवाही की उच्च स्तरीय जाँच करवाई जाए और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए। भविष्य में ऐसे किसी भी निर्णय से पहले संबंधित संस्थानों को कानूनी रूप से उचित नोटिस दिया जाए तथा उन्हें अपनी स्थिति स्पष्ट करने का अवसर दिया जाए। अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के अधिकारों की रक्षा को राज्य सरकार आवश्यक कदम उठाए ताकि संविधान द्वारा दिए गए मौलिक अधिकारों का सम्मान हो। आपसे आग्रह करते हैं कि इस विषय पर तत्काल संज्ञान लें और न्यायसंगत कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे राज्य में संवैधानिक मूल्यों एवं सामाजिक सौहार्द की रक्षा हो सके। इसके अलावा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को भी पत्र लिखा गया है।

बैठक में हरिद्वार के जिला अध्यक्ष मौलना अब्दुल वहीद, प्रदेश सचिव खुर्शीद अहमद, प्रदेश मीडिया प्रभारी मौहम्मद शाह नजर, महासचिव हाफिज आबिद, नगर अध्यक्ष मुफ्ति अयाज अहमद जामई, जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल सत्तार, कारी शकील अहमद, मुफ्ति हिफजान कासमी, मौलाना रागिब, कारी आरिफ, मौलाना दाउद आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

■ सीएम को पत्र लिख उच्च-स्तरीय न्यायिक जाँच की उठाई मांग
राष्ट्रीय मानवाधिकार व अल्पसंख्यक आयोग से भी लगाई गुहार
प्रदेश महासचिव ने कागजात दुरूस्त करने को कहा

## बेनीवाल बने बसपा के नेशनल कोर्डिनेटर

**सहारनपुर।** कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी, समर्पित भावना और संगठन को मजबूती देने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले जनपद निवासी एवं विभिन्न राज्यों के प्रभारी रणधीर बेनीवाल को बसपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंप दी है। उनके साथ राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम को भी नेशनल कोऑर्डिनेटर का दायित्व सौंपा गया है। दोनों नेशनल कोऑर्डिनेटर सुश्री मायावती के दिशा निर्देशन में पूरे देश में संगठन का काम देखेंगे पार्टी सुप्रीमो सुश्री मायावती ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। नगर पालिका के सभासद पद से बसपा में राजनीतिक जीवन की शुरुआत जेजे पुरम निवासी रणधीर बेनीवाल की पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनैतिक रही है। मूल रूप से कस्बा नकुड के गांव लुण्डी में जन्मे रणधीर बेनीवाल के पिता फूलसिंह भी अपने गांव में वर्षों प्रधान रहे हैं और वर्ष 1990 में रणधीर बेनीवाल सहारनपुर आ गए थे।

# टैरिफ से फायदा या नुकयान

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा से आने वाले प्रोडक्ट पर हाई टैरिफ लगाने की घोषणा ने दुनिया भर के बाजारों में हलचल मचा दी है। इससे भारत को नुकसान होगा या फायदा हो सकता है, इसके लिए भारत को हर हाल में तैयार रहना होगा। क्या यह फैसला भारत के लिए गोल्डन चांस भी साबित हो सकता है, अगर इस पर नजर दौड़ाई जाए, तो अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा से आयात पर उच्च टैरिफ (शुल्क) लगाने से भारतीय निर्यातकों को नए अवसर मिलने की संभावना है। यह पहला मौका नहीं है, इससे पहले भी जब डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने चीन पर टैरिफ बढ़ाया था, तब भारत उन चार शीर्ष देशों में शामिल था, जिन्हें इसका सीधा फायदा हुआ था। यदि भारत सही रणनीति अपनाता है, तो यह अमेरिका के साथ बेहतर व्यापार समझौता यानी ट्रेड डील हासिल कर सकता है और यूएस मार्केट में अपनी पकड़ मजबूत बना सकता है। ऐसे में यह व्यापार युद्ध भारत के लिए एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है। इससे न सिर्फ भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करने के लिए आकर्षित हो सकती हैं। इसके अलावा, चीन पर लगाए गए उच्च टैरिफ से भारत को अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को और मजबूत करने का अवसर मिल सकता है। अमेरिकी बाजार में चीन, मैक्सिको और कनाडा के प्रोडक्ट महंगे होने से भारतीय एक्सपोर्टर्स के लिए नए मौके बन सकते हैं। ट्रंप प्रशासन ने मैक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत और चीन से आयात पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। इससे इन देशों से अमेरिका को होने वाला निर्यात महंगा हो जाएगा, जिससे उनकी प्रतिस्पर्धा क्षमता घटेगी। इसका सीधा फायदा भारत को मिल सकता है, क्योंकि भारतीय प्रोडक्ट्स इसकी तुलना में सस्ते होंगे और अमेरिकी बाजार में अपनी जगह मजबूत कर सकते हैं। खासतौर पर इन सेक्टर्स को सबसे ज्यादा लाभ मिलने की संभावना है। ट्रंप ने 2 अप्रैल से भारत और चीन के लिए रिसिप्रोकल टैरिफ लगाने की बात कही है, लेकिन अगर भारत एक फेवरएबल फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हासिल कर लेता है, तो यह अमे. रिका में अपने व्यापार का दायरा बढ़ा सकता है। यदि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता होता है, तो अमेरिकी कंपनियां भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स लगा सकती हैं। इससे मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर बनेंगे। चीन, मैक्सिको और कनाडा के महंगे सामान के मुकाबले भारतीय प्रोडक्ट कम कीमत और अच्छी क्वालिटी के कारण ज्यादा बिक सकते हैं। लेकिन घरेलू भारत को अपने घरेलू उद्योगों और किसानों की सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा। अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा पर उच्च टैरिफ लगाने से भारत के लिए नए रास्ते खुल सकते हैं। यदि भारत फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हासिल करता है और अपने एक्सपोर्ट सेक्टर को मजबूत करता है, तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। हालांकि, भारत को सही रणनीति अपनाने और चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

## भ्रम फैलाने का काम करती है भाजपा



**उत्तर** प्रदेश में सत्तारुढ़ भाजपा महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात न करके नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम कर रही है, योगी सरकार नाम बदलने में माहिर है, सदन में यह मेरे नाम की बजाय चच्चा चच्चा की माला जपते रहतें है, इनका काम ही नाम बदलना है, इन्हे महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात नहीं करनी है, अंसल समूह पर कानूनी कार्रवाई कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि सरकार जानबूझ कर इसे मुद्दा बना रही है, सम्भल की तरह हाथरस में भी रिपोर्ट भाजपा सरकार के लिए काला धब्बा साबित होगी।

**शिवपाल सिंह**
**महासचिव, समाजवादी पार्टी**

# त्रिभाषा नीति के पालन में आने वाली चुनौतियां


> भारत में भाषा शिक्षा को लेकर चर्चा अभी भी जारी है, तमिलनाडु में तीन-भाषा नीति के प्रति कड़ा विरोध भाषाई पहचान और केंद्र सरकार की नीतियों के बारे में महत्वपूर्ण चिंताओं को उजागर करता है, वास्तविक शैक्षिक सुधार के लिए भाषा शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाना आवश्यक है न कि केवल नीतिगत ढांचों पर ध्यान केंद्रित करना, केंद्र और राज्य के बीच सकारात्मक बातचीत और व्यावहारिक समझौता ही आगे का सबसे अच्छा रास्ता है, आपातकाल के दौरान शिक्षा को समवर्ती सूची में डाल दिया गया, जिसका अर्थ है कि यह एक संयुक्त जिम्मेदारी है




**प्रियंका सौरभ**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 बहुभाषी शिक्षा को बढ़ाने और भाषाई विविधता की सुरक्षा के उद्देश्य से त्रि-भाषा ढांचा प्रस्तुत करती है। आठवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त 22 आधिकारिक भाषाओं और बोलियों की समृद्ध विविधता के साथ, क्षेत्रीय आवश्यकताओं और राष्ट्रीय एकता के बीच संतुलन हासिल करना काफ़ी चुनौतीपूर्ण है। गैर-हिंदी भाषी राज्यों की चिंताएँ कथित भाषाई प्रभुत्व से सम्बंधित मुद्दों और इस नीति को कार्यान्वित करने में व्यावहारिक कठिनाइयों पर ज़ोर देती हैं। त्रि-भाषा नीति का लक्ष्य बहुभाषिकता को प्रोत्साहित करना है, जिससे राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा और भारत का भाषाई परिकृश्य समृद्ध होगा। उदाहरण के लिए, उत्तर भारतीय स्कूलों में तमिल पढ़ाने से सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा मिल सकता है और क्षेत्रीय अंतर को पाटने में मदद मिल सकती है। बहुभाषिकता को अपनाने से न केवल संज्ञानात्मक क्षमताएं, समस्या समाधान कौशल और रचनात्मकता बढ़ती है, बल्कि समग्र शैक्षणिक सफलता भी बढ़ती है।

अनेक भाषाओं, विशेषकर क्षेत्रीय भाषाओं में दक्षता से सरकारी नौकरियों, अनुवाद और पर्यटन में विभिन्न कैरियर के रास्ते खुलते हैं। इसके अलावा, कूटनीति और बहुराष्ट्रीय निगमों में पदों के लिए बहुभाषी कौशल अक्सर आवश्यक होते हैं। नीति में यह अनिवार्य किया गया है कि सीखी जाने वाली कम से कम दो भाषाएं भारत की मूल भाषाएं हों, जिससे देश की भाषाई विरासत और साहित्य का संरक्षण हो सके। भारत की शास्त्रीय और क्षेत्रीय भाषाई परंपराओं को बनाए रखने के लिए संस्कृत, बंगाली, तेलुगु और मराठी जैसी भाषाओं का प्रचार-प्रसार अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। हालांकि, तमिलनाडु, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य इस नीति को हिन्दी को धीरे-धीरे थोपने की नीति के रूप में देखते हैं। चूंकि शिक्षा एक समवर्ती विषय है, इसलिए केंद्रीकृत भाषा सीखने की नीति लागू करना संघीय सिद्धांतों के लिए चुनौतियां उत्पन्न करता है। तमिलनाडु सरकार ने एनईपी 2020 की तीन-भाषा आवश्यकता का पालन नहीं करने का विकल्प चुना है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्त पोषण में देरी हो रही है।






इसके अतिरिक्त, कई राज्यों को इन अतिरिक्त भाषाओं के लिए योग्य शिक्षकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे सरकारी स्कूलों में कार्यान्वयन जटिल हो रहा है। उदाहरण के लिए, ओडिशा और केरल के स्कूलों को सीमित उपलब्धता के कारण हिन्दी शिक्षकों को ढूंढने में संघर्ष करना पड़ रहा है। अतिरिक्त भाषा पाठड्क्रम शुरू करने से भी छात्रों पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे गणित जैसे आवश्यक विषयों में उनकी दक्षता प्रभावित हो सकती है। क्षेत्रीय दलों का प्रतिरोध भाषा नीतियों को अपनाने में महत्त्वपूर्ण चुनौतियाँ उत्पन्न करता है। गैर-हिंदी भाषी राज्यों में राजनीतिक समूह अक्सर इन नीतियों को अपने स्थानीय शासन में घुसपैठ के रूप में देखते हैं, जिसके परिणामस्वरूप विरोध होता है। कई ग्रामीण छात्रों को दूसरी भाषा सीखने में कठिनाई होती है, जिससे तीसरी भाषा सीखने की प्रक्रिया जटिल हो जाती है। उदाहरण के लिए, ग्रामीण बिहार में 40 प्रतिशत छात्रों को अंग्रेज़ी भाषा सीखने में कठिनाई होती है, जिससे उनकी अन्य भाषाएँ सीखने की क्षमता में बाधा आती है। राज्य हिन्दी की अपेक्षा अपनी क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता देते हैं, जिससे केंद्रीय नीतियों के साथ उनका सम्बंध टूट जाता है। पश्चिम बंगाल में बंगाली-अंग्रेजी शिक्षा पर अधिक ज़ोर दिया जाता है तथा अनिवार्य हिन्दी शिक्षा को अस्वीकार कर दिया जाता है। सरकारी स्कूलों में, विशेषकर आर्थिक रूप से वंचित राज्यों में, अक्सर भाषा शिक्षकों, संसाधनों और डिजिटल भाषा प्रयोगशालाओं के लिए आवश्यक धन की कमी होती है। पूर्वोत्तर भारत में तीसरी भाषा पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों की कमी से प्रभावी नीति कार्यान्वयन में बाधा आती है। राज्यों के लिए एक मानकीकृत त्रि-भाषा नीति का पालन करने की बजाय अपनी क्षेत्रीय भाषा चुनने की स्वतंत्रता होना अधिक लाभदायक होगा। उदाहरण के लिए, कर्नाटक सरकार हिन्दी लागू करने के बजाय कन्नड़, अंग्रेज़ी और विद्यार्थी की पसंद की भाषा पढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर सकती है। शिक्षक प्रशिक्षण को बढ़ावा देना, ई-लर्निंग संसाधनों का विकास करना, तथा भाषा अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना स्थिति में काफ़ी सुधार ला सकता है।

आंध्र प्रदेश में डिजिटल भाषा प्रयोगशालाएं पहले से ही प्रौद्योगिकी के माध्यम से स्थानीय भाषा शिक्षा को बढ़ावा देने में प्रगति कर रही हैं। छात्रवृत्ति, कैरियर प्रोत्साहन और व्यावहारिक भाषा प्रशिक्षण की पेशकश से छात्रों को स्वेच्छा से अतिरिक्त भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। यूजीसी संस्कृत, पाली और फारसी में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करता है, जिससे भाषाई विविधता को बनाए रखने में मदद मिलती है। केंद्र सरकार को भाषा नीति पर चर्चा में राज्यों को शामिल करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करती है। संयुक्त शिक्षा समिति की स्थापना से राज्यों को कार्यान्वयन प्रक्रिया में अधिक आवाज़ मिल सकेगी। मूल समस्या, शिक्षा में भाषा मानक और शिक्षण गुणवत्ता में गिरावट। कोचिंग सेंटरों ने विज्ञान और गणित में बढ़त ले ली है, तथा भाषा शिक्षा को पीछे छोड़ दिया है। यद्यपि कई सरकारी स्कूलों में अंग्रेज़ी एक अनिवार्य विषय बन गया है, फिर भी प्रवीणता का स्तर निराशा. जनक रूप से निम्न बना हुआ है।

शिक्षकों का सीमित अंग्रेज़ी कौशल सीधे तौर पर छात्रों की पढ़ाई पर प्रभाव डालता है, जैसा कि आंध्र प्रदेश में अंग्रेज़ी माध्यम की शिक्षा की ओर बदलाव से स्पष्ट है। हिन्दी के लिए भी स्थिति बहुत बेहतर नहीं है, इस भाषा में शिक्षण स्तर का भी उतना ही अभाव है। हिन्दी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को अक्सर सक्रिय शिक्षण के लिए आवश्यक उपकरण के बजाय मात्र सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इसके अतिरिक्त, पढ़ने की आदतों में गिरावट भाषा शिक्षा के क्षेत्र में अधिक महत्त्वपूर्ण चुनौतियों की ओर इशारा करती है। स्कूलों में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा नहीं दिया जा रहा है, जिससे अंततः दीर्घकालिक भाषा कौशल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। भारत की विविधता में एकता बनाए रखने के लिए एक समेकित भाषाई ढांचा तैयार करना आवश्यक है। भाषा के चयन में लचीलापन प्रदान करना, शिक्षक प्रशिक्षण को बढ़ाना, तथा क्षेत्रीय भाषा शिक्षा को बढ़ावा देना कार्यान्वयन सम्बंधी बाधाओं को दूर करने में सहायक हो सकता है। अनुवाद और डिजिटल शिक्षा के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग भाषाई विभाजन को प्रभावी ढंग से पाट सकता है।

# रोजाना सुबह 2 भीगे हुए अंजीर खाने से सेहत को मिलते हैं जबरदस्त फायदे

अंजीर को अंग्रेजी में फिग कहते हैं। यह एक स्वादिष्ट और पोषक तत्वों से भरपूर फल है। इसके सेवन से हमारे शरीर में कई फायदे होते हैं। अंजीर में कई मुख्य पोषक तत्व होते हैं। इसमें पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा, अंजीर में मौजूद पोषक तत्वों की बात करें तो इसमें पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा, आयरन, विटामिन ए, विटामिन के और विटामिन एल जैसे एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो शरीर को हेल्दी रखता है। भिगोकर अंजीर के सेवन करने से बॉडी को मिलते ये फायदे।



### डायबिटीज नियंत्रित रखना

अंजीर का सेवन करने से डायबिटीज को कंट्रोल करने में काफी मदद मिलती है। रात के समय 3-4 अंजीर भिगोकर रख दें, इसके बाद रोजाना सुबह इसके सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल होता है।

### हीमोग्लोबिन बढ़ता है

अंजीर एक अमृत फल है इसमें कई सारे पोषक तत्व पाएं जाते है। अंजीर में आयरन, पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा और विटामिन ई जैसे पोषक तत्व होते हैं। रोजाना खाली पेट भीगे हुए अंजीर खाने से शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ता है। अंजीर को आप दूध के साथ भी खा सकते हैं।

### कैंसर से लड़ता है

अंजीर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स होता है जो कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। प्रतिदिन सुबह भीगे हुए अंजीर के सेवन से खतरनाक बीमारियों से बचा जा सकता है।

### हड्डियां मजबूत होती हैं

अंजीर में कैल्शियम, पौटेशियम और मैग्नीशियम होता है जो हड्डियों को मजबूत करता है और सूजन को भी कम करता है। भीगे हुए अंजीर खाने से आपकी हड्डियां मजबूत बनेंगी।

### पाचन तंत्र बेहतर होता है

अगर आप रोजाना भीगे हुए अंजीर का सेवन करते हैं तो पाचन संबंधित समस्याओं से राहत मिलती है। इसका सेवन करने से आंतों को पोषण मिलता है। क्योंकि इसमें घुलनशील फाइहर से भरपूर अंजीर पेट को साफ करता है और बॉडी को हेल्दी रखता है। आंतों की सेहत को दुरुस्त करने में अंजीर बेहद फायदेमंद होता है। कब्ज से राहत पाने के लिए खाली पेट 2 से 3 सूखे अंजीर का सेवन करें।

> अंजीर के सेवन करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं, अंजीर स्वास्थ्यवर्धक गुणों के लिए जाना जाता है इस लेख में हम आपको बजाएंगे अंजीर खाने के फायदे क्या होते हैं, इसे आहार में शामिल करना काफी जरूरी है

***डिस्क्लेमरः इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें***

## रेस्पिरेस्टरी इश्यूज में लाभकारी माना जाता है तुलसी का सेवन

वैसे तो हम सभी के घर में तुलसी का पौधा होता है। वहीं तुलसी अपने औषधीय गुणों के लिए जानी जाती है और हर कोई इसको इस्तेमाल करता है। वैसे तो लोग हर मौसम में तुलसी का सेवन करते हैं, लेकिन ठंड के मौसम में इसका इस्तेमाल विशेष रूप से किया जाता है। क्योंकि ठंड के मौसम में जिद्दी खांसी से लेकर कंजेशन जैसी कई तरह की सांस संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रेस्पिरेटरी हेल्थ इश्यूज को दूर करने में तुलसी बहुत कारगर मानी जाती है।

संक्रमण से लड़ने से लेकर बलगम को साफ करने तक में तुलसी कई तरह से लाभकारी मानी गई है। तुलसी में एंटी-ऑक्सिडेंट, एसेंशियल ऑयल और कई तरह के विटामिन पाए जाते हैं। जो रेस्पिरेटरी सिस्टम को बेहतर रखते हैं। ऐसे में आप तुलसी को अपनी डाइट में कई तरीके से शामिल कर सकते हैं। इससे आपको काफी आराम मिल सकता है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि रेस्पिरेटरी इश्यूज को दूर करने में तुलसी किस तरह से फायदेमंद हो सकती है।

# वन्यजीव संरक्षणः परिस्थितिकीय तंत्र का बनाए रखना जरूरी



**योगेश कुमार गोयल**

> लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं

वन्य जीव हमारी धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर मनुष्य ने उनके प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है और वनस्पतियों का भी सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है। धरती पर अब वन्य जीवों और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है।

वन्य जीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती



### विलुप्ति की ओर बढ़ते वन्यजीव

पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत् विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है तथा इनके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष 'वन्यजीव संरक्षण वित्तः लोगों और ग्रह में निवेश' थीम के साथ मनाया जा रहा है। जीव-जंतुओं की तमाम प्रजातियां और वनस्पतियां मिलकर अत्यावश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं और सही मायनों में वन्य जीव हमारे मित्र है, इसीलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। हमें भली-भांति यह समझ लेना चाहिए कि इस धरती पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही इस पर जन्म लेने वाले अन्य जीव-जंत. ुओं का भी है। लेकिन आज प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्यजीव दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों में विभिन्न किस्म की वनस्पतियों तथा जीव-जंतुओं पर ध्यान केन्द्रित करना, उनके संरक्षण के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना, पूरी दुनिया को वन्यजीव अपराधों के बारे में स्मरण करवाना और मनुष्यों के कारण इनकी प्रजातियों की संख्या कम होने के विरुद्ध कारवाई करना शामिल हैं।

समस्त स्थलीय और जलीय जीवों के लिए वन्य जीवों का बने रहना अत्यावश्यक है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'विश्व वन्यजीव दिवस' के आयोजन का निर्णय लिया गया। महासभा ने यह सुनिश्चित करने में साइट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है।

ब्रिटिश काल से ही भारत में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने और बचाने के लिए कानूनी प्रावधान किए जाते रहे हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि उसके बावजूद वन्यजीवों की अनेक प्रजातियां पिछली एक सदी में लुप्त हो गई हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की 'लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट 2024' में कुछ ही महीने पहले चौंका देने वाला यह चिंताजनक खुलासा भी हुआ था कि 1970 से 2020 के बीच वन्यजीव आबादी में 73 प्रतिशत की विनाशकारी गिरावट दर्ज की गई, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, उभयचर, सरीसृप, मछली इत्यादि जीव शामिल हैं। ताजे पानी के पारिस्थितिक तंत्र में यह गिरावट 85 प्रतिशत रही है। हर दो साल में प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि वन्यजीवों की आबादी दुनियाभर में कैसे प्रभावित हो रही है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के अनुसार वन्य जीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश में सबसे पहले वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासनकाल में 'वाइल्ड एलीकेंट प्रोटेक्शन एक्ट' बनाया गया था। उसके बाद वर्ष 1927 में वन्य जीवों के शिकार और वनों की अवैध कटाई को अपराध मानते हुए 'भारतीय वन अधिनियम' अस्तित्व में आया, जिसके तहत सजा का प्रावधान किया गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1956 में 'भारतीय वन अधिनियम' पारित किया गया।

## केमिकल रंगों से रहें दूर, होली के लिए फूलों से बनाएं 5 हर्बल रंग

### कलर के साथ चेहरा भी खिलेगा



होली हर्षोल्लास, रंग और जश्न का फेस्टिवल है। इस त्योहार के दौरान मौज-मस्ती और स्वादिष्ट व्यंजन खाते हैं। होली के दिन एक-दूसरे को प्यार से रंग लगाकर सारे गिले-शिकवे भुलाकर इस पर्व को जश्न मनाते हैं। अगर आप भी इस बार सुरक्षित और केमिकल फ्री वाली होली मनाना चाहते हैं, तो आप मार्केट में मिलने वाले नकली और केमिकल रंगों की जगह घर पर ही फूलों से प्राकृतिक रंग बना सकते हैं। ऑर्गेनिक गुलाल बनाना बेहद ही आसान है।

### होली पर फलों से बनाएं गुलाल...

**1 पीला रंगः-** आपके घर में या फिर नर्सरी में फूलों का बहार जरुर होगी। आपके घर में गेंदे के फूलों का इस्तेमाल करके पीला रंग बना सकते हैं। पीला रंग बनाने के लिए पानी में थोड़ी सी हल्दी डालकर गेंदे के फूल को उबा लें। होली खेलने के लिए आपका पीला रंग तैयार है।

**2 नीला रंगः-** नीला रंग बनाने के लिए आप अपराजिता के फूलों का यूज कर सकते हैं। इसके लिए अपराजिता के फूल को 3 से 4 दिन पहले धूप में सुखा लें और इसका पाउडर बना लें। इस पाउडर को पानी में घोलकर होली के लिए नीला रंग बना सकते हैं।

**3 गुलाबी रंग का गुलालः-** गुलाबी रंग बनाने के लिए आपको गुलाब के फूलों को पानी में उबालकर उनसे गुलाबी रंग तैयार कर लें। इस रंग को बनाने के लिए उसमें अरारोट मिलाएं। जब यह सूख जाएगा, तो गुलाबी रंग का गुलाल तैयार होगा।

**4 केसरिया रंगः-** होली के लिए पलाश और गेंदे के फूल से आप केसरिया रंग बना सकते हैं। सबसे पहले आपको 100 ग्राम पलाश के सूखे फूल एक बाल्टी में पानी उबालकर रातभर के लिए छोड़ दें। सुबह इस पानी को छानकर अलग कर दें। केसरिया रंग बनकर तैयार है।

**5 लाल रंग का गुलाल** होली के लिए आप बुरांस और गुड़हल के फूलों से लाल रंग बना सकते हैं। सबसे पहले आप बुरांस और गुड़हल के सूखे फूलों को पीसकर पाउडर बना लें। इस पाउडर को आप गुलाल की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। यदि आप पानी वाला रंग बनाना चाहते हैं, तो इस रंग को पानी में मिलाकर हर्बल रंग तैयार हो जाएगा।



# चीन ने दी ट्रम्प को खुली चुनौती

## अमेरिका युद्ध चाहता है, तो अंत तक लड़ेंगे

- कहा: फेंटानिल मुद्दा चीनी आयात पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने का एक तुच्छ बहाना है
- मेक्सिको-कनाडा के माल पर अमेरिकी शुल्क संबंधों के लिए निराशाजनक: मेक्सिको

**वाशिंगटन/बीजिंग/मेक्सिको सिटी।** चीन ने कहा है कि अगर अमेरिका युद्ध चाहता है, चाहे वह टैरिफ युद्ध हो, व्यापार युद्ध हो या कोई अन्य प्रकार का युद्ध हो, वह अंत तक लड़ने के लिए तैयार हैं। अमेरिका में चीन के दूतावास ने अमेरिका की ओर से विश्व के कई देशों पर आयात टैरिफ बढ़ाने के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में यह प्रतिक्रिया व्यक्त की। इससे पहले चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आयात पर टैरिफ बढ़ाए जाने के संदर्भ में अमेरिका के निर्णय की आलोचना की थी। प्रवक्ता ने अपने ट्वीट में कहा, फेंटानिल मुद्दा चीनी आयात पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने का एक तुच्छ बहाना है। अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता पूरी तरह से वैध और अपरिहार्य है। उन्होंने जोर दिया कि अमेरिका में फेंटानिल संकट के लिए कोई और नहीं, बल्कि स्वयं अमेरिका जिम्मेदार है। इसी बीच मेक्सिको की कंपनियों के एक बड़े संगठन (कोपरमेक्स) ने अमेरिका की ओर से मेक्सिको और कनाडा के माल पर 25 प्रतिशत आयात-शुल्क लगाने के निर्णय को उसके साथ संबंधों की दृष्टि से निराशाजनक बताया है। कोपरमेक्स ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अमेरिका का यह कदम उत्तरी अमेरिका के तीन देशों, अमेरिका-मेक्सिको- कनाडा के बीच मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (यूएसएमसीए) के सिद्धांतों के खिलाफ है। मेक्सिको की कंपनियों के इस संगठन ने कहा कि अमेरिका की इस कार्रवाई से उसके साथ व्यापार में अनिश्चितता पैदा हो सकती है और इसका असर मेक्सिको की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। कोपरमेक्स को डर है कि अमेरिकी बाजार में मेक्सिको का निर्यात प्रभावित होने पर मेक्सिको में मंदी पैदा हो सकती है और अमे. रिकी डालर के मुकाबले उसकी मुद्रा पेसो की विनिमय दर गिर सकती है तथा कंपनियों की उत्पादन लागत भी बढ़ सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको को विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार शुल्क लगाने की धमकी दी है। गौरतलब है कि फरवरी में, ट्रम्प ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम से बातचीत के बाद इन दोनों देशों के खिलाफ शुल्क लगाने का निर्णय एक महीने के लिए स्थगित कर दिया था। ट्रम्प ने अब कहा है कि इन देनों देशों के खिलाफ अमेरिका की प्रशुल्क योजना पहले की घोषणा के अनुसार लागू होंगे, क्योंकि इन देनों ने कोई अनुकूल कदम नहीं उठाया है।

## ट्रम्प को मिला जेलेंस्की का पत्र, कहा: यूक्रेन फिर से वार्ता को तैयार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की से एक पत्र मिला है, जिसमें स्थाई शांति प्राप्त करने के लिए वार्ता में फिर से शामिल होने के लिए यूक्रेन की तत्परता व्यक्त की गई है। ट्रंप ने कांग्रेस में अपने संबोधन के दौरान कहा कि आज पहले, मुझे यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की से एक महत्वपूर्ण पत्र मिला। पत्र में लिखा है, यूक्रेन स्थाई शांति लाने के लिए जितनी जल्दी हो सके बातचीत की मेज पर आने के लिए तैयार है। यूक्रेन के लोगों से ज्यादा कोई शांति नही चाहता मेरी टीम और मैं स्थाई शांति पाने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प के मजबूत नेतृत्व में काम करने के लिए तैयार हैं। ज़ेलेंस्की ने यूक्रेन की मदद के लिए वाशिगटन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। ट्रंप ने पत्र का हवाला देते हुए कहा, खनिज और सुरक्षा पर समझौते के संबंध में यूक्रेन आपके लिए सुविधाजनक किसी भी समय इस पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है। मैं सराहना करता हूं कि उन्होंने यह पत्र भेजा। अभी कुछ देर पहले ही मिला। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी बताया कि उन्होंने रूस के साथ गंभीर चर्चा की है।

# हूती का दावा: अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया

**अदन, यमन/रामल्लाह।** यमन के हूती विद्रोहियों की सेना ने घोषणा की कि उन्होंने लाल सागर बंदरगाह शहर होदेइदाह के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-9 टोही ड्रोन को सफलतापूर्वक रोक दिया है। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि होदेइदाह प्रांत में यमनी हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने और शत्रुतापूर्ण अभियान चलानेह के दौरान ड्रोन को मार गिराया गया। सरिया ने कहा कि यह हूती बलों द्वारा वादा किए गए मुक्ति और पवित्र जिहाद की चल रही लड़ाई के दौरान निष्क्रिय किया गया यह 15वां विमान है, जिसे वे गाजा और लेबनान का समर्थन करने वाला अभियान बताते हैं। हूती दावे के संबंध में अमेरिकी सैन्य या राजनयिक स्रोतों से तत्काल कोई टिप्पणी उपलब्ध नहीं है। राजधानी सना सहित उत्तरी यमन के बड़े हिस्से को नियंत्रित करने वाले हूती समूह ने पहले इज़रायल और हमास के बीच संघर्ष के दौरान फिलिस्तीनियों के समर्थन के रूप में लाल सागर में इज़रायल से जुड़े जहाजों को लक्षित किया है। वहीं इजरायली सेना ने उत्तरी वेस्ट बैंक शहर जेनिन के पूर्वी इलाके में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान के दौरान एक वरिष्ठ क़सम ब्रिगेड कमांडर और एक अन्य फ़लस्तीनी को मार डाला। फ़लस्तीनी सुरक्षा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बड़े सुदृढीकरण द्वारा समर्थित इज़रायली बलों ने जेनिन के पूर्वी पड़ोस में कई आवासीय इमारतों को घेर लिया। जिसके बाद वहां हिसक झड़पें हुईं, जिसके परिणामस्वरूप आयसर अल-सादी और एक अन्य युवक की मौत हो गई। हमास ने आयसर की मौत पर शोक व्यक्त किया और इज़रायल पर जमीन पर प्रतिरोध का सामना करने में विफल रहने के बाद हत्याओं का सहारा लेने का आरोप लगाया। एक बयान में इजरायली सेना ने आयसर की हत्या की पुष्टि की और आरोप लगाया कि वह इजरायली ठिकानों के खिलाफ हमलों की योजना बनाने के लिए जिम्मेदार था। बयान में यह भी दावा किया गया कि मारा गया दूसरा फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजरायली बलों के लिए खतरा था। सेना ने इस बात पर जोर दिया कि जेनिन में आतंकवादी तत्वों के रूप में वर्णित लोगों को पकड़ने के लिए सैन्य अभियान जारी रहेगा।

## संरा दूत ने सीरिया में इज़रायल की सैन्य वृद्धि की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र विशेष दूत ने सीरिया में हवाई हमलों सहित इजरायल की सैन्य वृद्धि की कड़ी निंदा करने के साथ ही उल्लंघनों को रो. कने और संघर्ष को तेज करने से परहेज करने का आह्वान किया। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडर्सन ने एक बयान में चेतावनी दी। पहले से ही नाजुक स्थिति को अस्थिर करने, क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाने और सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2254 के प्रमुख सिद्धांतों के अनुरूप तनाव कम करने और स्थाई राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में प्रयासों को कमजोर करने का जोखिम है।


## ढाका जाने वाली कतर फ्लाइट की आपात लैंडिंग



**हैदराबाद।** दोहा से ढाका जा रहे कतर एयरवेज के विमान को बुधवार तड़के हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर आपातकालीन लैंडिग करनी पड़ी, क्योंकि विमान में एक महिला यात्री को स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो गई थी। हवाई अड्डा अधिकारियों के अनुसार, दोहा से बंगलादेश के ढाका जाने वाली उड़ान संख्या क्यूआर 642 में सवार एक महिला यात्री ने बेचैनी की शिकायत की, जिसके बाद पायलट ने आपातकालीन लैंडिग की मांग की। संबंधित विभागों से मंजूरी मिलने के बाद एटीसी ने चालक दल को अनुमति प्रदान की जिसके बाद विमान सुबह 3-25 बजे शमशाबाद हवाई अड्डे पर उतरा। विमान उतरने पर महिला को हवाई अड्डे के चिकित्सा केंद्र ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बाद में 3-42 बजे विमान ढाका के लिए रवाना हुआ। यात्री की मौत का कारण फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

## बिना चीरफाड़ बढ़ते कैंसर पर रहेगी नजर

**यरुशलम।** इजरायल के शोधकर्ताओं ने इंसान के शरीर के कैंसर के फैलाव के स्तर को पता लगाने के लिए नई विधि टोमोग्राफी विकसित की है जिसके माध्यम से ऊतकों में गहरी आणविक प्रक्रियाओं पर बिना चीरफाड़ नजर रखा जा सकेगा।



इजरायल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (टेक्नियन) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस विधि को रासायनिक टोमोग्राफी कहा जाता है, जो शोधकर्ताओं को विभिन्न चरणों में कैंसर की प्रगति को ट्रैक करने, कैंसर जीव विज्ञान को बेहतर ढंग से समझने और कैंसर के फैलाव में शामिल जैव रासायनिक मार्गों, चयापचय मार्करों और आणविक प्रक्रियाओं का मानचित्रण करने की अनुमति देता है। यह विधि ग्राफीन-आधारित सेंसर सारणी का उपयोग करके सांस, लार, पसीने और अन्य शारीरिक तरल पदार्थों में वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों का विश्लेषण करके ऊतक कार्य में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है, जिसमें ग्राफीन सेंसर आंख के रूप में कार्य करते हैं और डेटा को संसाधित करने के लिए जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मस्तिष्क के रूप में कार्य करता है। यह ऑर्गेनोइड्स और थ्री डी सेल-आधारित मॉडल में संरचनात्मक और आणविक परिवर्तनों की निरंतर निगरानी की अनुमति देता है (जो प्राकृतिक ऊतकों की विशेषताओं को दोहराते हैं), जो जैव चिकित्सा अनुसंधान में महत्वपूर्ण हैं। मौजूदा तकनीकों के विपरीत (जो अक्सर ऊतकों को नुकसान पहुंचाती हैं या गहरी ऊतक प्रक्रियाओं की निगरानी करने में विफल रहती हैं) यह विधि कम लागत वाली, सटीक और बिना चीरफाड़ वाला समाधान प्रदान करती है।

## आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाएंगे भारत-ब्रिटेन

**जयशंकर ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर, विदेश सचिव लैमी से की मुलाकात**

**लंदन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 10, डाउनिंग स्ट्रीट में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की और द्विपक्षीय एवं आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की है। डॉ. जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ भी बातचीत की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन का दृष्टिकोण साझा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया। हमारे द्विपक्षीय, आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने और लोगों से लोगों के आदान-प्रदान को बढ़ाने पर चर्चा की गई। विदेश मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री स्टार्मर ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन के दृष्टिकोण को भी साझा किया। लैमी के साथ अपनी मुलाकात पर उन्होंने लिखा, शेवेनिंग हाउस में इस बेहद गर्मजोशी से स्वागत के लिए विदेश सचिव डेविड लैमी को धन्यवाद।

जगदीश सरन हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा
द्वितीय युवा महोत्सव-2025
(03 - 08 मार्च 2025)
के अंतर्गत आयोजित
अखिल भारतीय
कवि सम्मेलन
06 मार्च 2025 गुरुवार, सायं 7 बजे से
गरिमामयी आतिथ्य
मुख्य अतिथि: श्री कंवर सिंह तंवर जी, माननीय सांसद, अमरोहा
सान्निध्य विशेष: डॉ. हरि सिंह ढिल्लो जी, माननीय सदस्य विधान परिषद, उ.प्र.
विशिष्ट अतिथि: श्रीमती शशि जैन जी, अध्यक्षा नगर पालिका परिषद, अमरोहा
आमंत्रित कविगण
• डॉ. अनामिका अंबर • डॉ. प्रतीक गुप्ता
• सौरभ जैन 'सुमन' • गौरव गुप्ता
• सरदार प्रताप फौजदार
डॉ. अनामिका अंबर
-: विनम्र निवेदन :-
श्रीमंत/श्रेया! इस पावमानी वेला में आपकी उपस्थिति सानुरोध प्रार्थनीय है। धन्यवाद।
भवनिष्ठ
संजय मालीवाल, प्रधान, प्रबंध समिति
योगेश कुमार जैन, मंत्री, प्रबंध समिति
प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह, प्राचार्य

कोई तो बात है, जूम इंस्टीट्यूट में
"जो लोगो को व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक विश्वास है
ये उन बच्चों के नाम और पते है जिनके परिवार के दो भाई/बहन जूम इंस्टीट्यूट पर पढ़े है और उनके द्वारा किये गये सतत् विश्वास की वजह से ये दोनों ही कम्पीटीशन में चयनित हुए है। पिछले 20 वर्षो का विश्वास अब व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक हो चुका है।
2014 Md. Arshad KGMC, Lucknow; 2023 Md. Shahzaib Govt. Med. Coll. Saharanpur — S/o Mr. Mohd Shahnawaz 122, Laddhawala, MZN.
2013 Sana Praveen KGMC, Lucknow; 2015 Sonam Praveen BDS, Jamia, (N.D.) — D/o Dr. Mehboob Hasan 407, South Khalapar, MZN
9th-12th CBSE/UP Board, (सारे विषय एक जगह पर) NEET-PMT/JEE-IIT/CUET नये बैच प्रारम्भ क्रैश कोर्स
2015 Izhar Azeem LLRM Mrt. — S/O DR.SHAHID AHMED MOH. CHODHRAN, AZAD RD; 2016 Amjad Med. Coll. SRE — S/O MD. ISLAM AHMED THANABHAWAN, MZN
2010 Huma Jahan LLRM, Meerut — Moh. Devidas, Madrsa Faizal Kuran, Khatauli; 2023 Shobi Khan Govt. Med. Coll. Ghazipur; 2024 Mohd. Kaif Govt. Med. Coll. Deoria — D/o & S/o Mr. Sadik Khan Shahpur, MZN
2015 Aleena Rehman Kannauj Med.Col.; 2015 Nida Rehman GSVM. Kanpur — D/O DR. G. REHMAN DISTT. HOSPITAL CAMPUS, SRE
Best Institute In Your City Since 2004
Separate Batches for UP/CBSE Board Students
Hostel Facility for Outside Students
150, शिवपुरी, उत्तरी भोपा रोड मु0नगर, 9368787704, 9837935900

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108